यदि कोइ व्यक्ति जो अपने अधिकार का प्रयोग नहीं करता वह अपराध का दोषी है। ऐसा साधारणतः तब होता है जब अधिकार तथा कर्त्तव्य एक दूसरे से मिल जाते हैं या हावी होते हैं।

फ़ौज़दारी जाब्ता कानून के अनुसार समस्त नागरिकों के अधिकार इस प्रकार हैं :—

(अ) धारा ४२, जिसके अनुसार उचित माँग के आधार पर प्रत्येक व्यक्ति को मजिस्ट्रेट अथवा पुलिस अधिकारी की सहायता करनी पड़ती है:—

(१) उस व्यक्ति को भागने से रोकने में जिसे वह बन्दी बनाने के अधिकारी हैं।

(२) अ—शान्ति-भंग की आशंका को रोकने अथवा दबाने के लिये; अथवा

ब–किसी भी रेलवे, नहरी, तार सम्बन्धी अथवा सार्वजनिक सम्पत्ति को नष्ट करने के प्रयास को रोकने के लिये;

और (ब) धारा ४४, जिसमें वर्णित है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा निम्नलिखित अपराध करने की इच्छा या किये जाने का समाचार उस नागरिक को ज्ञात हो तो वह तुरन्त किसी मजिस्ट्रेट अथवा पुलिस अधिकारी को सूचित करेगाः—

(१) राज्य के विरुद्ध अपराध, जैसे राज्य के प्रति अथवा मित्र राज्य के प्रति युद्ध की तैयारी

(२) गैर कानूनी सभा

(३) उपद्रव

(४) हत्या

(५) मृत्यु अथवा चोट अथवा अवरोध की तैयारी करने के पश्चात् चोरी करना

(६) डकैती

(७) लूटमार

(८) अग्निकांड, और

(९) अनधिकृत रूप से गृह-प्रवेश

बिना किसी उचित कारण के इस प्रकार की सूचना न देना दंड संहिता के अन्तर्गत एक अपराध है।

अधिकार, जिनका नागरिक उपभोग करते हैं, वे भारतीय दंड संहिता के "सामान्य अपवाद" शीर्षक अध्याय के अन्तर्गत आते हैं। इस समूह में सबसे महत्वपूर्ण "व्यक्तिगत सुरक्षा का अधिकार" है। जैसा कि शीर्षक से स्पष्ट है, यह एक नागरिक का अधिकार है कि वह स्वयं की व अपनी सम्पत्ति की, और किसी अन्य व्यक्ति तथा उसकी सम्पत्ति की रक्षा करे। कानून यह कहता है कि प्रत्येक व्यक्ति को रक्षा का अधिकार है।

(१) अपने शरीर तथा किसी अन्य व्यक्ति के शरीर का किसी अपराध के विरुद्ध जिसका मनुष्य के शरीर पर प्रभाव पड़ता हो, और

(२) सम्पत्ति, चल व अचल, स्वयं की अथवा किसी अन्य व्यक्ति की,

(अ) चोरी

(ब) डकैती
(स) बदमाशी
(द) अपराधपूर्ण अनधिकार अथवा इसी प्रकार के किसी भी अपराध करने के प्रयास के विरोध में।

जहाँ तक मनुष्य के शरीर का सम्बन्ध है, ऐसे किसी भी अपराध में उसका अधिकार स्पष्ट है, जबकि सम्पत्ति के मामले में केवल चार प्रकार के और उनके उत्तेजित रूप ही समान अधिकार की श्रेणी में आ सकते हैं।

सामान्य ज्ञान दृष्टि से, किसी अपराध को होने से रोकने की बजाय कम हानि पहुँचाना, कानून ने ऐसे अपराधों को दो श्रेणियों में विभाजित किया है : एक यह कि इस प्रकार की सुरक्षा के समय मृत्यु हो जाना और दूसरा मृत्यु से कम कोई हानि होना।

सुरक्षा का विस्तार मनुष्य के शरीर से सम्बन्धित अपराधों में मृत्यु तक हो सकता है, यदि :—

(१) ऐसा घातक प्रहार जिससे मृत्यु की आशंका हो
(२) ऐसा प्रहार जिससे गम्भीर चोट की आशंका हो
(३) ऐसा प्रहार जिसमें बलात्कार की इच्छा हो
(४) ऐसा प्रहार जिसमें अप्राकृतिक सम्भोग शान्ति की इच्छा हो
(५) ऐसा प्रहार जिसमें बलपूर्वक अपहरण की भावना हो
(६) ऐसा प्रहार जिसमें किसी व्यक्ति को अनुचित रूप से बन्दी बनाने की इच्छा हो और जहाँ जन अधिकारी को कोई भी साधन उपलब्ध न हो।

अन्य मामलों में अधिकार आवश्यक है, परन्तु मृत्यु से कम मामलों में।

सम्पत्ति के मामले में सुरक्षा के लिये यदि मृत्यु हो जाय वे निम्न मामले हो सकते हैं :—

(१) डकैती
(२) रात्रि में सेंध लगाना
(३) किसी मकान, जहाज या खेमा, जो रहने के प्रयोग में आता हो अथवा सम्पत्ति की रक्षा के काम में आता है, में आग लगाने पर
(४) चोरी, बदमाशी अथवा अनधिकृत गृह-प्रवेश तथा ऐसी परिस्थितियाँ जिनमें मृत्यु अथवा गम्भीर चोट की आशंका हो,

चोरी, डकैती, बदमाशी, अपराधपूर्ण अनधिकार की मुख्य श्रेणियों के अतिरिक्त अन्य मामलों में, मृत्यु को छोड़ कर, किसी भी अन्य हानि का अधिकार है।

अधिकारों की स्पष्ट व्याख्या होने के पश्चात् स्वभावतः यह प्रश्न उठता है कि अधिकारों का प्रारम्भ व अन्त कब होता है। यह तुरन्त प्रारम्भ हो जाता है जबकि किसी व्यक्ति अथवा सम्पत्ति को ख़तरे की आशंका हो, भले ही अपराध तब तक न हुआ हो, और इतना समय न हो कि पुलिस अथवा किसी अन्य अधिकारी से सम्पर्क स्थापित किया जा सके। यहाँ इस बात पर जोर देना होगा कि एक अधिकार और

आवश्यकता में क्या भेद है। किसी वस्तु को करने के लिये अधिकार भले ही स्थित हों परन्तु आवश्यकता नहीं हो सकती। अधिकार ऐसी वस्तु है जो किसी घटनाक्रम से उत्पन्न हो जाती है। ऐसे अधिकार का प्रयोग करने की आवश्यकता न पड़े और बिना आवश्यकता के अधिकार का प्रयोग करना न्यायोचित नहीं है। अधिकार का अन्त होता है :—

(अ) किसी मनुष्य के शरीर के मामले में :

(१) जब ख़तरे की आशंका समाप्त हो जाय

(२) जब उचित अधिकारी परिस्थिति को सम्हालने के लिये पहुँच जायें ;

(ब) सम्पत्ति के मामले में, इस समय पर :

(१) चोरी, जैसे ही सम्पत्ति पुनः प्राप्त हो जाय अथवा काम पूरा हो जाय

(२) डकैती, जैसे ही मृत्यु, आघात अथवा अनैतिक अवरोध का संकट दूर हो जाय

(३) सेंध लगाना व अनधिकृत प्रवेश करना, जैसे ही और जब अनधिकृत अधिकार समाप्त हो जाय, और

(४) बदमाशी, जैसे ही और जब बदमाशी का अन्त हो जाय।

व्यक्तिगत सुरक्षा के अधिकारों का प्रयोग करते समय यदि किसी निर्दोष व्यक्ति को हानि पहुँचने की संभावना हो तो अधिकार तब भी उपस्थित रहता है। अन्य सामान्य अपवादों के अतिरिक्त किसी बच्चे, पागल, अपरिपक्व अवस्था वाला व्यक्ति अथवा उन्मत्त व्यक्ति, जिसको उसकी इच्छा के विरुद्ध मादक वस्तु का प्रयोग कराया गया हो, के सम्बन्ध में भी अधिकार पूर्ववत् स्थित रहते हैं। अन्य समस्त कारणों के लिये यह अपराध की श्रेणी में नहीं आते। जब ऐसे व्यक्ति किसी प्रकार का ऐसा कार्य करने का प्रयास करते हैं जिससे व्यक्तिगत सुरक्षा के अधिकार को उत्तेजना मिलती हो, यद्यपि कानूनी तौर पर ऐसे व्यक्ति अपराध करने के अयोग्य होते हैं, सुरक्षा का अधिकार फिर भी कायम रहता है, क्योंकि ऐसे सभी मामलों में यद्यपि अपराध करने का कोई इरादा नहीं होता और बचाव करने वाले को स्पष्ट भय की आशंका हो तो वह अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकता है।

अच्छी भावना से अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए पद पर आरूढ़ राज्य कर्मचारियों के विरुद्ध व्यक्तिगत सुरक्षा के अधिकार की एक भिन्न श्रेणी है। साधारणतः एक राज्य कर्मचारी के विरुद्ध व्यक्तिगत सुरक्षा का कोई अधिकार नहीं है और न ही ऐसे कार्यों के विरुद्ध जो उसके निर्देशन में हुए हों। परन्तु यदि कोई व्यक्ति यह नहीं जानता अथवा उस पर विश्वास करने का कोई कारण न ही कि वह एक राज्य कर्मचारी है अथवा किसी राज्य कर्मचारी के अधीन कार्य कर रहा है, तो उसके अधिकार सुरक्षित हैं। फिर भी ऐसे कार्यों में जो किसी राज्य कर्मचारी द्वारा अथवा राज्य कर्मचारी के निर्देश पर किया जा रहा हो और यदि उससे मृत्यु अथवा गम्भीर आघात की आशंका हो और उसका कोई विकल्प शेष न हो, तो व्यक्तिगत सुरक्षा के अधिकार का प्रयोग किया जा सकता है। एक व्यक्ति बन्दी बनने के प्रतिरोध करने पर अथवा बचकर भागने पर अथवा उपद्रवी भीड़ द्वारा छिन्न-भिन्न होने से इन्कार करने पर इस अधिकार का प्रयोग नहीं कर सकता, क्योंकि फिर वह इस

अवस्था में इसका अधिकारी नहीं है। आत्मसमर्पण करने अथवा छिन्न-भिन्न होने पर वे राज्य कर्मचारी जो किसी भी ऐसे कार्य करने से, जिससे मृत्यु अथवा गम्भीर चोट की आशंका हो, रोक सकते हैं। वे किसी अधिकार को उत्तेजित कर और फिर स्वयं उससे अपनी रक्षा नहीं कर सकते।

एक नागरिक की भाँति समस्त अधिकार तथा कर्त्तव्यों का उपभोग राज्य कर्मचारी भी कर सकते हैं। राज्य कर्मचारी अपने अधिकारों का उपयोग अपने ही खतरे पर कर सकते हैं। साक्ष्य नियम के अनुसार "सामान्य अपवादों" के अन्तर्गत आने वाली परिस्थितियों के अस्तित्व को सिद्ध करने का भार किसी भी अपराध को उस तथाकथित अपराधी पर होता है।

(१) भय की आशंका का होना जिसके विरुद्ध अधिकार का प्रयोग किया जा सकता है।

(२) अधिकार सम्पन्न अधिकारियों तक पहुँचने की अक्षमता।

(३) आवश्यकता पड़ने पर कम से कम हानि और वह भी कानून की सीमा के अन्दर।

(४) उल्लिखित समय पर अधिकार प्रयोग की समाप्ति।

अच्छी भावना प्रदर्शित करने व किसी भी प्रकार की वैमनस्यता सिद्ध न होने पर जबकि न्यायालय नम्र दृष्टिकोण अपनाता है तब अधिक समय तक चलने वाली न्यायिक कार्यवाहियों के चलने का प्रश्न उपस्थित हो जाता है।

वास्तविक अर्थों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स के अधिकारीगण पुलिस अधिकारी नहीं हैं। उन पर पुलिस एक्ट लागू नहीं है। यह फोर्स संघ की सशस्त्र सेनाओं में से एक है जिसकी व्यवस्था सम्बन्धी स्वीकृति भारतीय संविधान की धारा २४६, खंड ७, सूची १, प्रकरण २ में निहित है, जिसमें केन्द्र सरकार के व्यवस्थापिका सम्बन्धी अधिकारों का वर्णन है। के० रि० पु० फोर्स जैसी सेना निर्माण करने का अधिकार केन्द्र सरकार को संविधान की धारा ३५५ में दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि यह संघ का कर्त्तव्य होगा कि वह प्रत्येक राज्य की बाह्यिक आक्रमण एवं आन्तरिक अशान्ति से रक्षा करे। राज्यों की आन्तरिक अशान्ति से रक्षा करने का कर्त्तव्य ही के० रि० पु० फोर्स का आधार है जिसका उपयोग समय-समय पर बाह्यिक आक्रमणों से सामना करने के कर्त्तव्य के अतिरिक्त देश के विभिन्न भागों में उपद्रव शान्त करने में होता है। इस समय हमारा सम्बन्ध केवल आन्तरिक उपद्रवों से निपटने के लिये इसके कर्त्तव्यपालन तक ही सीमित है।

के० रि० पु० एक्ट पर दृष्टिपात करने पर जो आश्चर्य की वस्तु सामने आती है, वह है अधिकारों से सम्बन्धित किसी भी अध्याय का न होना। साधारणतः इस प्रकार के सब कानूनों में ऐसे अध्याय होते हैं। उप-कमांडेण्टो तथा कमांडेण्टो के न्यायिक अधिकारों के अतिरिक्त वह धारा जिसमें फोर्स के कर्त्तव्यों का—अधिकारों का नहीं —वर्णन है, धारा ७ है। इसमें वणित है कि फोर्स के प्रत्येक सदस्य का यह कर्त्तव्य होगा कि वह :—

(१) किसी भी उचित अधिकारी द्वारा उसे जारी किये गये कानूनी वारंट तथा आदेशों का तुरन्त पालन करेगा।
(२) अपराधियों को बन्दी बनाना और न्यायालय में उपस्थित करना, और
(३) उन व्यक्तियों को बन्दी बनाना जिनको बन्दी बनाने का उसे कानूनी अधिकार प्राप्त हो और जिनके बन्दी बनाने के लिये यथेष्ट आधार उपस्थित हों।

पहली बात एक स्वाभाविक कर्त्तव्य नहीं है, केवल आदेशपालन करना ही है और वह भी तब, जबकि प्रदेश नियमित हो और योग्य अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो, इन दो शर्तों को पूरा करता हो। यद्यपि इसमें थोड़ी कमी है, परन्तु यह मान लिया गया है कि इसका ध्येय रक्षा करना है। यह सम्भव है कि इसमें उलझनें पैदा हो जायें। प्रत्येक बार जब आदेश प्राप्त हो तो यह विश्वास करने के लिये कि दोनों शर्तों का उचित रूप से पालन हुआ या नहीं, दोहरी निगरानी आवश्यक होगी या नहीं। इन आवेगों और अनुवर्ती विलम्बों को रोकने के लिये भारतीय दंड संहिता की धारा ७६ के अन्तर्गत कार्यवाही करनी होगी। एक व्यक्ति द्वारा कानूनी त्रुटि से नहीं वरन् तथ्य की ग़लती के कारण, अच्छी भावना से लिये गये कार्य जिसको करना वह कानूनी रूप में अपना कर्त्तव्य समझता है, कोई अपराध नहीं है। स्वयं को बिना किसी परेशानी के यह अपने उच्च कर्मचारियों तथा योग्य अधिकारियों के अधिकारों के प्रश्न में सहायता देता है।

दूसरा भाग जिसमें अपराधियों को पकड़ने तथा न्यायालय के सम्मुख उपस्थित करने की बात है, उस पर मद्रास उच्च न्यायालय ने एक सन्दर्भ में टिप्पणी करते हुए कहा है कि, "के० रि० पु० फोर्स एक्ट में वर्णित अपराधियों को पकड़ने तथा न्यायालय में उपस्थित करने सम्बन्धी कर्त्तव्य केवल फोर्स के अपराध तथा अपराधियों तक ही सम्बन्धित हैं न कि अन्य कानून के अपराध तथा अपराधियों के लिये।" इस व्याख्या की वैधता को स्वीकार करना होगा जब तक कि यह उच्चतम न्यायालय द्वारा रद्द न कर दी जावे।

अब हमको विचार करने के लिये केवल तीसरी धारा रह जाती है जिसमें उन व्यक्तियों को बन्दी बनाना है जिन्हें कानूनी तौर पर बन्दी बनाने का हमें अधिकार है और जिनके बारे में के० रि० पु० फोर्स एक्ट स्वयं भी कुछ अधिक नहीं कहता कि किसको कानूनी तौर पर हम बन्दी बना सकते हैं और किसे बन्दी बनाने का हमें अधिकार है। इस स्पष्टीकरण के लिये हमें अन्यत्र देखना होगा। स्वाभाविकतः जो साधन हमें प्राप्त हैं, वे हैं :–

(i) कोई भी अधिकार जो के०रि०पु०फोर्स एक्ट की धारा १६ के अन्तर्गत एक सूचना द्वारा प्रदत्त किया गया हो, जो कि केन्द्र सरकार को एक सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा अधिकृत करती है कि वह फोर्स के किसी भी सदस्य को, चाहे वह किसी भी श्रेणी का हो, थोड़े समय के लिये किसी कानून द्वारा, पुलिस अधिकारी के अधिकार एवं कर्त्तव्य जो कि उसे प्राप्त हैं अथवा सौंपे गये हैं, प्रदान कर सकती अथवा सौंप सकती है।

(ii) अन्य कोइ कानून जिसके आधार पर के०रे ०पु० फोर्स को किसी भी प्रकार के अधिकार प्रदान किये जा सकते हों और किसी भी कर्त्तव्यपालन के लिये कहा जा सकता हो।

के० रि० पु० फोर्स एक्ट की धारा १६ के अन्तर्गत एक अधिसूचना द्वारा गृहमंत्रालय ने के० रि० पु० फोर्स को कुछ अधिकार व कर्त्तव्य सौंपे हैं। यहाँ पर यह गौर करने की बात है कि अधिकार प्रदान करने और कर्त्तव्य थोपने की बात में कोई अन्तर नहीं है। अधिसूचना में जाब्ता फौजदारी कानून की कुछ धाराओं को ध्यान में रखा गया है। जिसमें सामान्यतः फोर्स के समस्त सदस्यों के सम्बन्ध में उनके बन्दीकरण, बिना वारंट के बन्दी बनाने तथा पुलिस के प्रतिरोधात्मक कार्यों और अभिलेखों-सम्पत्ति, तलाशी आदि को प्रस्तुत करने के लिये विवश करना और फोर्स के जमादारों तथा सूबेदारों की अनियमित सभा आदि सम्मिलित है। इसका आशय यह है कि उपरोक्त किसी भी कार्य की अवहेलना पर वह अपराध माना जायेगा और सम्बन्धित अधिकारी दंडनीय होगा।

जैसा कि हम देखते हैं, ये सब पुलिस के अधिकार हैं। संविधान के अन्तर्गत पुलिस राज्य का विषय है न कि केन्द्र का। फिर हम इन अधिकारों का प्रयोग कैसे कर सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति बन्दी बनाया जाता है तो फिर आगे उसका निराकरण होना चाहिये। यदि सम्पत्ति अधिगृहीत की जाती है तो उसका भी कुछ करना ही होगा। के०रि०पु० फोर्स के अधिकारीगण एक्ट के अनुसार पुलिस अधिकारी नहीं है, परन्तु वे अधिसूचना द्वारा प्रदत्त कुछ पुलिस अधिकारों का प्रयोग करते हैं। अतः जिन परिस्थितियों के अन्तर्गत उन्हें कार्य करना होता है उनमें कुछ भेद होना ही चाहिये।

प्रथम, फौजदारी जाब्ता कानून के अध्याय १३ के अन्तर्गत प्रतिरोधात्मक कार्यवाही के अधिकारों का वर्णन है। वे या तो अपराधों की रोकथाम के लिये हैं या सम्पत्ति की रक्षा के लिये। इन अधिकारों का उपयोग बिना किसी राज्य अथवा उसके अधिकारी के सन्दर्भ के किया जा सकता है। द्वितीय, जाब्ता फौजदारी कानून के अन्तर्गत धारा १४९, १५०, १५१ तथा १५२ में सहायता चाहे वांछित हो अथवा अवांछित, हम केवल राज्य-पुलिस की सहायता के लिये ही जा सकते हैं और स्वतन्त्रतापूर्वक कोई कार्य नहीं कर सकते।

तृतीय, इसी अधिसूचना के प्रथम भाग में, जिसमें ज़मादारों तथा सूबेदारों को पुलिस स्टेशन ऑफिसरों के अधिकार दिये गये हैं और फोर्स के किसी अन्य अधिकारी को नहीं, वहां यह शब्द फोर्स के उच्च अधिकारियों को इस विशेष परिस्थिति में अपने उच्च-पदस्थ अधिकार तथा कर्त्तव्यों का पालन करने से रोकते हैं। चूंकि ये अधिकृत अधिकारी नहीं होते अतः इन पर जाब्ता फौजदारी कानून की धारा १३१ भी लागू नहीं होती। अनियमित सभाओं के सम्बन्ध में इन अधिकार तथा कर्त्तव्यों का विशेष प्रभाव होता है। क्रमावरोध को दूर करने की आवश्यकता है और मामला अपने हाथ में है। चूंकि चीज़ सामने है, अतः जाब्ता फौजदारी कानून की धारा १३० के अन्तर्गत ही एक दलाधिकारी के रूप में एक उच्च अधिकारी प्रकाश में आता है। एक

बार जब मजिस्ट्रेट आदेश दे देता है तब धारा १३० का। द्वितीय भाग प्रभावशील बनता है, जिसमें कहा गया है:-"प्रत्येक ऐसा अधिकारी इस आदेश का पालन इस ढंग से करेगा जैसा कि वह उचित समझता हो, परन्तु ऐसा करते समय यदि सभा को विसर्जित करना हो अथवा ऐसे व्यक्तियों की सहायता करने अथवा उन्हें रोकने में वह कम से कम शक्ति का प्रयोग करेगा और कम से कम हानि किसी व्यक्ति अथवा सम्पत्ति को पहुँचायेगा।"

यह आवश्यक भी है, क्योंकि एक बार अनियमित भीड़ को भंग करने का आदेश जब जारी कर दिया गया तब फिर यह दलाधिकारी के साधनों पर निर्भर करता है और यह अन्य का काम नहीं कि वह उसे बताये कि परिस्थिति से उसे कैसे निपटना चाहिये। उसका मार्ग-दर्शन निम्न प्रकार से होना चाहिये : —

(i) के० रि० पु० फोर्स के अधिकारियों द्वारा स्थायी आदेश

(ii) "न्यूनतम शक्ति" का सिद्धान्त

(iii) प्राप्य साधन

और (iv) उसके द्वारा लगाया गया परिस्थिति का अनुमान।

यह संदेहपूर्ण है कि क्या पुलिस स्टेशन ऑफिसर ऐसे आदेश दे सकता है, क्योंकि जाब्ता फौजदारी कानून की धारा १२८ सशस्त्र सेना के अधिकारी को इस अधिकार से वंचित करती है, परन्तु स्टेशन ऑफिसर को प्रदान की गई सहायता में कोई बाधा नहीं हो सकती।

इस अधिसूचना के द्वारा प्रदान किये गये अधिकारों के अतिरिक्त संसद द्वारा निर्मित कुछ कानून भी हैं जिनके द्वारा के० रि० पु० फोर्स को कुछ अधिकार प्राप्त हुए हैं और कुछ कर्त्तव्य थोपे गये हैं। कुछ क्षेत्रों के लिये कुछ विशेषाधिकार निहित हैं। सशस्त्र सेनाओं का (असम एवं मणिपुर) विशेष अधिकार कानून १९५८, के० रि० पु० फोर्स अधिकारियों को वे समस्त अधिकार प्रदान करता है जो उस क्षेत्र में सेना को प्राप्त हैं। यद्यपि इस कानून का विस्तार नागालैण्ड तक है, परन्तु यह वहाँ सेना पर लागू होता है, के० रि० पु० फोर्स पर नहीं। अन्य राज्यों में प्रचलित कठिनाइयों को देखते हुए आन्ध्र जैसा राज्य भी विचार कर रहा है कि क्यों न के० रि० पु० फोर्स को कुछ विशेषाधिकार प्रदान कर दिये जायें।

यह विश्लेषण उन रक्षात्मक वार्त्ताओं के बिना अपूर्ण रहेगा जो के० रि० पु० फोर्स के सदस्यों को उनके कार्यों के प्रति कानून द्वारा उन्हें प्राप्त हैं। यह प्राप्य है : —

(i) जाब्ता फौजदारी की धारा १६७ के द्वारा जिसमें वर्णित है कि कोई भी राजकीय कर्मचारी, जिसे अपदस्थ नहीं किया जा सकता और जिसे केन्द्र सरकार की अनुमति प्राप्त हो, अपना राजकीय कर्त्तव्यपालन करते समय यदि उस पर किसी अपराध करने का आरोप लगाया जाय तो केन्द्र सरकार की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी न्यायालय उसके अपराध को गम्भीरतापूर्वक नहीं लेगा।

जब ऐसी अनुमति प्राप्त हो जाय तो केन्द्र सरकार उसके अपराध की

विस्तारपूर्वक व्याख्या करेगी जिसके आधार पर उस पर अभियोग चलेगा और उस न्यायालय की भी व्याख्या करेगी जिसमें उसे उपस्थित होना पड़ेगा। यह सब देखने में तो अच्छा प्रतीत होता है, परन्तु अनेक मामलों में यह सहायक सिद्ध नहीं होता जब तक कि प्राप्त अनुमति के आधार पर कोई उचित मामला न बनता हो। एक बार ऐसी अनुमति प्राप्त होने पर बचाव की सुरक्षा का आधार धूमिल हो जाता है, क्योंकि न्यायालय के समक्ष विचाराधीन मामले पर कर्त्तव्य की छाप हो सकती है, परन्तु वह अनियमितता और अधिकारियों के असंयम में भी परिलक्षित हो सकती है।

(ii) के० रि० पु० फोर्स एक्ट की धारा १७ में वर्णित है कि जब तक कोई भी कार्य किसी उचित अधिकारी के वारंट अथवा आदेश पर किया गया हो वह तर्क वैध है, और यह कि यदि ऐसा तर्क किसी आदेश अथवा वारंट के प्रस्तुत करने पर सिद्ध कर दिया जाय तो वह व्यक्ति समस्त उत्तरदायित्वों से युक्त माना जायेगा, चाहे वारंट व आदेश जारी करने वाले अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में कोई भी त्रुटि क्यों न हो। इस धारा के अन्तर्गत और भी सुरक्षा प्राप्य है। इसके अनुसार उस कार्य के होने के तीन मास के अन्दर कार्यवाही प्रारम्भ होनी चाहिये और साथ ही फोर्स के सम्बन्धित सदस्यों को अथवा उसके उच्चाधिकारी को ऐसी कार्यवाही के सम्बन्ध में, प्रारम्भ होने से पूर्व, एक मास का नोटिस देना होगा।

इस सुरक्षा का लाभ उठाने के लिये, जो कि इस धारा में प्रदान की गई है, उस अधिकारी के औचित्य का ध्यान रखना चाहिये जो कि आदेश दे और यह भी आश्वस्त होना चाहिये, कि आदेश लिखित हो जिसे सिद्ध किया जा सके।

के० रि० पु० फोर्स के उपरोक्त कानूनी ढाँचे के आधार पर ही इसके उच्च एवं निम्न अधिकारियों को कार्य करना होगा। वर्णित सीमाओं के अन्दर और फोर्स के सदस्यों को उनके कार्यों के लिये किसी कानूनी कार्यवाही के बिना योग्यतापूर्वक एवं प्रभावशाली ढंग से कार्य करना पूर्ण रूप से विभिन्न स्तरों पर प्रदर्शित नेतृत्व के गुणों पर निर्भर करता है।

द्वितीय महायुद्ध के मध्य एवं पश्चात् यह सिद्ध हो चुका है कि नेता बनाया जाता है, पैदा नहीं होता। यदि ऐसा ही है तो नेतृत्व कला भी अन्य विषयों की भाँति अध्ययन के योग्य है। अनुयायी जनता से समर्थित, श्रद्धा तथा विश्वासपात्र नेता में कुछ गुणों का समावेश होना चाहिये और अपनी फोर्स में जनता के ऐसे किसी भी सदस्य के साथ व्यवहार करने का आवश्यक गुण होना चाहिये, जो पथभ्रष्ट होने के कारण कानून की अवहेलना करता हो, कि उसके प्रति हमारा कर्त्तव्य उसे सही मार्ग पर लाने का हो और यदि यह सम्भव न हो तो उसे किसी उचित न्यायालय के समक्ष उपस्थित किया जाय, परन्तु उसे कोई हानि न हो। अतः फोर्स में भावनात्मक स्तर को स्थिर रखने तथा विकसित करने की क्षमता हो और वह "अधिक हानि पहुँचाने और मुक्त हस्त से इस दिशा में कार्य करने के" विचार में न बह जाय। हमारी फोर्स का कर्त्तव्य तथा उसको दिये गये आदेश उन सिद्धान्तों पर आधारित हैं कि वे कम से कम हानि पहुँचावें और यदि आवश्यकता हो तो स्वयं कर्त्तव्यपालन करते समय भारी चोट खाते

हुए भी परिस्थिति को हाथ में रखने के लिये भावना को दृढ़ रखें। इसके लिये, यदि सफलता प्राप्त करनी है, तो फोर्स के सदस्यों के व्यक्तिगत सुधार तथा समीकरण की आवश्यकता होगी।

प्रत्येक नेता अपने स्तर पर तीन समूहों में विभाजित होता है और कार्य करते समय उसमें इन सबका समन्वय होता है। वह अपने बराबरी के समूह का होता है जिनसे वह अपने नेतृत्व के स्तर पर उत्पन्न समस्याओं का सामना करने के लिये विचारों का आदान-प्रदान करता है। वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के समूह का भी होता है जिनकी कठिनाइयों, विचारों व स्वभावों का वह आदर करता है और समझता है। वह अपने उच्चपदस्थ अधिकारियों के समूह का भी होता है जिनसे वह विशाल समस्याओं के बारे में आश्रय एवं ज्ञानशक्ति प्राप्त करता है, जिसके अन्तर्गत उसे अपने स्तर की समस्याओं को हल करना है और उस निराशाजनक अवस्था को कम करना है जो कि कभी भी उत्पन्न हो सकती है। प्रभावशाली होने के लिये प्रत्येक समूह की यह सदस्यता विशाल होनी चाहिये। अधिकतम परिणाम प्राप्त करने के लिये वह विभिन्न समूहों के मध्य एक संचार यन्त्र की भाँति भी कार्य करता है।

के० रि० पु० फोर्स एक जनतान्त्रिक समाज में कार्य करती है जो कि राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से अन्य प्रणालियों से भिन्न है। फोर्स के एक अच्छे नेता होने के लिये उसे ऐसे ही समाज के अनुरूप बनना होगा और अपने व्यवहार को सामान्य रखना होगा जिसकी आशा समाज फोर्स के प्रत्येक सदस्य से करता है। यह पुराना विचार, कि वर्दी धारण करने वाला व्यक्ति एक भाग्यशाली व्यक्ति है, समाप्त हो चुका है। नई धारणा के अनुसार ऐसा व्यक्ति वह है जिसने अपनी कुछ सुविधाओं का त्याग कर दिया है। इस प्रकार के विचारों की असफलता का परिणाम सम्पूर्ण नेतृत्व की अयोग्यता में हो सकता है। राजनीतिक रूप से एक लोकतन्त्रात्मक गणराज्य के सदस्य होने के नाते वर्दी पहने हुए प्रत्येक व्यक्ति के कार्य, चाहे वे वास्तविक हों या काल्पनिक, निरन्तर निगरानी में रहते हैं। परिस्थितियों से, जो किसी ईमानदार कार्यकर्त्ता के लिये दुखदायी सिद्ध हो सकती है, ऐसी भावना विकसित नहीं होनी चाहिये कि वह यह सोचने लगे कि कर्त्तव्यपालन न करना ही अच्छा है। ऐसी भावना नेतृत्व की असफलता की सूचक है।

नेतृत्व के गुण में न केवल : परिस्थितियों का ही अन्तर होता है वरन् समय का भी। वे भली भाँति लक्षणों पर निर्भर करती हैं:–

(अ) स्वयं नेता के

(ब) अनुयायियों के।

(स) संगठन के

और (द) परिस्थितियों के।

समस्त गुणों को समझने की क्षमता और लक्ष्य प्राप्त करने के लिये उन्हें अंगीकृत करने को ही केवल सफलता कहा जा सकता है। इनमें से किसी एक की भी कमी

पूर्ण असफलता की ओर ले जा सकती है।

नेतृत्व के प्रारम्भिक गुण, जिनका विभिन्न स्तरों पर फोर्स के सदस्यों में होना आवश्यक है, वे ईमानदारी, पवित्रता, दृढ़ निश्चयशक्ति, यथेष्ट दूरदर्शिता और कुछ महत्वाकांक्षा, किसी कार्य में पहल करने की योग्यता, समस्याओं का समाधान करने की क्षमता, उत्तरदायित्व स्वीकार करना, पूर्व वर्णित तीनों समूहों का योग्य सदस्य होना और अपने व्यवसाय में विशेष योग्यता प्राप्त करना हैं। व्यावसायिक कुशलता, जिसका प्रभाव निम्न स्तर के नेतृत्व पर होना चाहिये, वह तकनीकी कुशलता, मध्यम स्तर पर प्रबन्ध-कुशलता तथा उच्च स्तर पर विचारों की कुशलता है। जबकि सम्पूर्ण कुशलताओं की आवश्यकता प्रत्येक स्तर पर पड़ती है, इनका प्रभाव भिन्न होता है और इस प्रभाव को विफलता फोर्स के कर्त्तव्यपालन एवं उत्तरदायित्व निभाने के नेतृत्व में असफलता की ओर ले जाता है। दूसरा लाभदायक गुण जो एक नेता में होना चाहिये वह किसी समस्या के चरम सीमा पर पहुँचने से पूर्व उसे समझना है।

नेतृत्व के उचित स्तर को प्राप्त करने के लिये अनुयायियों के लक्षणों में उनकी बुद्धि, आत्म-अनुशासन एवं उनके व्यक्तिगत स्वभावों में विकास की आवश्यकता है। यह जानना आवश्यक है कि वे पुराने विचार, कि मनुष्य-मंदबुद्धि, सुस्त, अयोग्य और यदि देखभाल हटा ली जाय तो ढीला पड़ने वाला होता है, अब समाप्त हो गये हैं। आधुनिक विचारों के अनुसार मनुष्य काम चाहता है, बशर्ते कि वह सन्तोषजनक हो, मनुष्य आत्म-नियंत्रण और पहल करने की शक्ति प्रदर्शित करता है, यदि उद्देश्य स्पष्ट हों, और वे न केवल उत्तरदायित्व स्वीकार करते हैं वरन् उनकी उन्हें इच्छा होती है, क्योंकि इससे उनका पद गौरवान्वित होता है, उनकी उपयोगिता और कल्पनाशक्ति तथा व्यक्तिगत कुशलता का प्रदर्शन होता है। सम्भवतः उनसे अधिक सहयोग प्राप्त करने के लिये नेताओं को विभिन्न स्तरों पर अपने प्रभाव व प्रोत्साहन का प्रयोग अपने अधिकार के स्थान पर करना चाहिये, उन्हें उचित सुविधायें प्रदान करें तथा सामान्य सम्पुष्टि का वातावरण बनायें जिसमें सहयोग की भावना हो जिससे कि कानून को ठीक व प्रभावशाली ढंग से लागू किया जा सके।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, कानूनी ढाँचे के अन्तर्गत और नेतृत्व के उचित तथा स्वाभाविक विकास का आश्वासन ही केवल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स को प्रभावशाली ढंग से उसके उत्तरदायित्व तथा कर्त्तव्यपालन में जनता की सहमति से सहायक हो सकता है। यह केवल फोर्स के समस्त सदस्यों की योग्यता में सुधार करने और उन्हें एक दूसरे पर निर्भर बनाने, अधीनस्थ कर्मचारियों को अपने निर्णय पर प्रभाव डालने की सुविधा देने और व्यक्तिगत अधिकार के अति प्रयोग के कुपरिणामों को त्याग कर ही हम द्रुतगति से परिवर्त्तनशील देश के साथ कदम मिला सकते हैं।

-एन० रामा अय्यर

चरण अग्रसर - प्रगति क्रन्दन

[अवाडी प्रशिक्षणालय के शुभ वार्षिकोत्सव पर]

वर्षगाँठ इस विद्यालय की, हम सबका अभिवादन करते।
पूर्ण हुए दो वर्ष आज हैं, चरण तीसरे में हम रखते॥
कैसा प्रशासन बिन अनुशासन, "सत्य" पूर्ण यह तथ्य समझते।
प्रगति का अध्याय जोड़कर, चरण सदा ही आगे बढ़ते॥
आदर्श बने विद्यालय दल का, यही हमारा पवित्र बन्धन।
चरण अग्रसर.....(१)

नैतिकता ही सर्वोपरि है, श्रोत प्रेरणा लक्षण दल का।
सीमित साधन की उपलब्धि है, नहीं प्रश्न है प्रश्न चिह्न का॥
निष्ठा ही कर्त्तव्य प्रेरणा, उज्वलता से नाश निशा का।
ज्ञान क्षेत्र अति विस्तृत रहता, श्रम को रहता ज्ञान दिशा का॥
विश्वास कर्म में अमर अटल है, हमें प्राप्त पावन स्पन्दन।
चरण अग्रसर..... (२)

कार्य व्यस्तता सर्वविदित है, किन्तु अधरों पर मुस्कान।
लक्षित एक लक्ष्य है सबका, सबके मुखरित स्वर उत्थान।
निहित स्वार्थ है त्याज्य हमें, हम विद्यालय का रखते मान।
गौरवान्वित हैं आज सभी हम, महामहिम की कृपा महान्।
अर्पित सेवा विद्यालय को, नतमस्तक हम करते वन्दन।
चरण अग्रसर....(३)

-मुरारीलाल यादव "सत्य"


THOSE DECORATED

[We have been attempting to collect the photographs of all personnel decorated since the suspension of the old CRPF Magazine and the development of the 'Crapler' in April 1970. We publish these photographs

below for the benefit of the Force. We consider ourselves unfortunate that inspite of efforts we have still not been favoured with the photographs of Sri SK Madan, CC (IPM for gallantry), Sri Ramdhari Pandey, HC (IPM for gallantry), Sri Inder Singh. CO (IPM for meritorious services) and Sri AG Krishnappa, AC (IPM for meritorious services). It is requested that these photographs be sent to us for publication in the December issue.


—The Editor]

President's Police and Fire Services Medal For Gallantry



Sri RS Bahlot, CC (posthumous), Ct Bhaktawar Singh, Jem MS Negi (posthumous), Jem Udai Ram

For Distinguished Services



Sri RJ Le Faucheur DIG, Sri Maha Singh CO, Sri MR Singh CO, .Sri Raj Singh CO

INDIAN POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Sri CR Singh CO

SM Inder Singh, Sub AR Rathod, Jem Ram Kumar. Jem Budhiman Indraman
RMO SA Crowther (posth), CHM Karan Bahadur, HC Brahm Dass. HC Asha Ram (posth)

L/Nk Lakhan Lal, L/Nk John, Ct Ram Nagina Yadav (posth), Ct Appukuttan
Ct Kailash Chandra (posth). Ct Shankar Dutt (posth), Ct Bhoop Singh. Ct Jeevan Chander (posth)

INDIAN POLICE MEDAL FOR MERITORIOUS SERVICES



Sri RN Sheopory DIG, Sri BK Tripathi DIG, Sri AP Saxena CO, Sri MM Bhargava CO
Sri TR Jaitley DIG, Sri PN Panikkar CO, Sri Chattar Singh CO, Sri Jagir Singh CC
Sri CHM Naldu CO, Sri TK Menon CO, Sri SA Towfiq CO, Sri Kashmira Singh CC
Sub Keshar Singh, Sub Kundan Singh, SM Nawal Singh, Sub Jai Narayan

INDIAN POLICE MEDAL FOR MERITORIOUS SERVICES



Sub AS Rai. Jem Raghubir Singh, Sub Brij Lal, Jem Daya Ram
Sub Jogeshwar Singh, Jem Duni Chand, Jem Sheoji Ram, Jem Ajit Singh
HC Jagir Singh, HC Suryaji Chawan, HC Mangal Rao Phadtare, HC Kishan Singh
HC Bishan Singh, Nk Sukh Ram, HC Maloom Singh, HC Kayam Khan

छापामार विरोधी कार्यवाही, सेना का नहीं-पुलिस का कार्य

('कैपलर' द्वारा पुरस्कृत लेख)

छापामार अभियानों को युद्ध का एक स्वतन्त्र रूप नहीं समझना चाहिये। परन्तु पूर्ण युद्ध में वे एक अंश मात्र हैं। माओ त्से तुंग ने स्पष्ट कहा है, "बिना एक राजनीतिक लक्ष्य के युद्ध में असफल होना अवश्यम्भावी है, चूँकि ऐसा अवश्य होगा, यदि उसके राजनैतिक उद्देश्य जनता की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप न हों और इस प्रकार उसकी सहानुभूति, सहयोग और सहायता प्राप्त नहीं की जा सकती। छापामार रात को मारकर भाग जाने वाली नीतियों, आक्रमणों, आतंक फैलाने, तोड़फोड़ करने वाले लड़ाकू का काम करते हैं और दिन में वे किसान और मजदूर की तरह रहते हैं। यह सिद्धान्त कहानी के एक अच्छे पहलू पर प्रकाश डालता है। छापामार छलपूर्वक पीछे हटने वाला व्यक्ति होता है और परिस्थितियों में तथा जनता में घुल-मिल जाता है। उसका आगा है न पीछा।

"छापामार युद्ध का संगठन तथा आयोजन का आधार जनता में निहित है और एक बार भी यह जनता से अलग हुआ अथवा उसके सहयोग और सहायता से वंचित हुआ तो फिर उसका अस्तित्व व विकास सम्भव नहीं है"-(माओ त्से तुंग)। अतः छापामार युद्ध में अच्छा जन सम्पर्क रखना एक महत्वपूर्ण सिद्धान्त है। इसीलिये छापामार विरोधी सेनाओं को भी निरन्तर क्रम के रूप में अच्छे जन सम्पर्क की शिक्षा दी जानी चाहिये। स्थानीय जनता, उनकी समस्याओं, उनके रीति-रिवाजों, विचारों और भावनाओं का समुचित ज्ञान छापामार विरोधी सेनाओं के हाथों में सुन्दर शस्त्र के समान होता है और इस शस्त्र का प्रयोग जनता से छापामारों के सम्बन्ध को धीरे-धीरे दुर्बल करने के लिये अवश्य किया जाना चाहिये। छापामार विरोधी सेनाओं को स्थानीय जनता के साथ उचित व्यवहार करने, अपनी इच्छाओं पर लगाम लगाने, बदले की भावना को नियंत्रित करने तथा अपने बर्ताव में न्याय तथा सद्व्यवहार की स्थिति में रहना चाहिये। छापामार योद्धाओं का व्यवहार दृढ़ तथा संयमित परन्तु साथ ही साथ छलपूर्ण, एवं छापामार विरोधी सेनाओं के न्याय, शिष्टता एवं उच्च आदर्शों के तदनुरूप होना चाहिये। "छापामार युद्ध-प्रणाली के मौलिक सिद्धान्त" शीर्षक पुस्तक में जैसा अब्दुल हैरिस ने कहा है, "हम छापामार विरोधियों को जनता की आशा तथा विश्वास को धीरे-धीरे जीतने के लिये राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक तथा आर्थिक योग्यता का प्रदर्शन अवश्य करना चाहिये। सबसे पहले छापामार विरोधी युद्ध का उद्देश्य जनता के हृदय को जीतना होना चाहिये जिससे कि छापामारों का

आधार हो समाप्त हो जाय।"

विनाश के विरुद्ध सहयोगात्मक पहल का आविष्कार करने के लिए, स्थानीय संचार व्यवस्था का उचित विकास करने तथा देशी जनता से सहायता प्राप्त करने के लिये छापामार विरोधी सेनाओं को जनता के साथ व्यक्तिगत सम्बन्ध स्थापित करना चाहिये, उनकी भाषा सीखनी चाहिये, उनके साथ रहना और उन्हें पसन्द करना चाहिये। लेफ्टिनेन्ट कर्नल विआन्ड्री ने 'फिजीकोलोजिकल वार' पुस्तक में कहा है, "आज तक किसी ने भी जनता का हृदय और मस्तिष्क संगीनों और गोलियों से नहीं जीता और न ही कामों व दिये हुए कार्यक्रमों से।" यह शब्दों और कार्यों के मिश्रण से ही होता है। "ऐसे अनेक अवसर आ सकते हैं जब कि छापामारः विरोधी सेना अधिक उत्तेजित हो जाय और छापामारों द्वारा पहुँचाये गये नुकसान से भावनात्मक रूप से विक्षिप्त हो जाय, फिर भी उन्हें धैर्य तथा सहनशीलता का प्रदर्शन करना चाहिये। प्रतिशोध छापामार विरोधी अभियान का सबसे बुरा रूप है।"

टी०एन० ग्रीन द्वारा लिखित 'दी गुरिल्ला एण्ड हाऊ टू फाइट हिम' के अनुसार, "छापामार को उसी की भूमि पर परास्त करने के लिये पहली आवश्यकता ज्ञान की है–शत्रु के बारे में ज्ञान, उसके तरीके, शक्ति, दुर्बलताओं, व्यूह-रचना एवं यंत्रकला के बारे में ज्ञान होना चाहिये।" छापामार विरोधी कार्यवाहियों को मूर्त्तरूप देने के लिये गुप्तचर विभाग का कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। शीघ्रगामी एवं सही गुप्त सूचनाओं द्वारा व्यापक योजनाओं को बनाया जा सकता है। आक्रमण से पहले छापामार की खोज होनी ही चाहिये और इस सूचना से इन्कार कर देना चाहिये कि छापामार की खोज कर ली गयी है और उसके विरुद्ध कार्यवाही होने वाली है। गुप्तचर विभाग को यह भी मालूम करना चाहिये कि छापामार दस्तों में यदि कोई उन्मादी छापामार है, और वह मिल जाय तो उसका प्रयोग छापामारों के विरुद्ध एक प्रभावशाली शस्त्र के रूप में किया जा सकता है। "छापामार उन्मादी के मस्तिष्क में छापामार विरोधी आन्दोलन का प्रभाव सार-रूप में होता है जैसा कि क्रान्ति की अवस्था में प्रति-क्रान्ति के उठने से होता है।" 'छापामार युद्ध-प्रणाली के मौलिक सिद्धान्त' शीर्षक पुस्तक में वर्णित ए० एच० नसूशन के मतानुसार, "वे नेतागण, जो अपने अनुयायियों के पदों में छापामार उन्माद को दृढ़ करते हैं वे न केवल छापामार सेना को अयोग्य एवं पंगु बनाते हैं वरन् वे शत्रु को एक के विरुद्ध दूसरे को चलने का अवसर देते हैं और एक के बाद एक छापामारों को गिराते जाते हैं और इस प्रकार की प्रति-क्रान्ति से प्रारम्भिक क्रान्ति के अवसर को धुंधला कर देते हैं।"

छापामार विरोधी युद्ध-प्रणाली की प्रभावशाली गुप्तचर पद्धति के लिये मित्र जनता, दलबदलू छापामार, गाँव का मुखिया, गुप्तचर एवं सूचना देने वाले प्रमुख स्रोत हैं। शहरी जनता को योग्यतापूर्वक संभाला जाय और जनता में सरकार की योग्यता के प्रति यह विश्वास भर दिया जाय कि वह छापामार प्रतिशोध से उनकी रक्षा करने में सक्षम है। वेलेरियानो और बोहानन ठीक ही कहते हैं कि, "जनता की अरुचि किन्हीं तीन कारणों से हो सकती है, छापामारों से सहानुभूति, सेना का अविश्वास और बहुधा

ऐसे मामले में जहां छापामार कुछ समय के लिए किसी क्षेत्र में प्रभावशाली रहते हैं।" अमेरिका के सीनेटर जैक्सन के अनुसार, "सरकार को न केवल छापामारों के आक्रमणों से ही देश की रक्षा करनी चाहिये वरन् उन क्षेत्रों में जहां पर उसकी मान्यता शून्य है वहाँ पर भी अपने अधिकार और औचित्य की स्थापना करनी चाहिये। जहाँ एक ओर जनता की जान और माल की सुरक्षा के लिये समस्त रक्षात्मक कदम उठाये जायं वहाँ राजनीतिक सिद्धान्तों तथा मनोवैज्ञानिक युद्ध-प्रणाली द्वारा छापामारों को निरुत्साहित करने के लिये निरन्तर प्रयास करना चाहिये।"

'दी ऐसेन्शल्स ऑव मिलिट्री नालेज' में उद्धृत मेजर जनरल डी० के० पालित के मतानुसार, "मोटे तौर पर छापामार विरोधी कार्यवाही में तीन मुख्य बातों पर ध्यान देना चाहिये; सैनिक रूप से छापामार को पराजित करना, जनसाधारण से उसका सम्बन्ध विच्छेद करना और ऐसे सुधार करना जिससे सरकार की प्रतिष्ठा एवं अधिकार स्थापित हो सके।" युद्धकला जैसे घेराव, चाँदमारी, मज़बूत पच्चड़ों में मोटर चलाना, अन्न एकांशों की रचना, जिनका विकास द्वितीय महायुद्ध में जर्मनों का रूसी छापामारों के विरुद्ध करते समय हुआ था, लाभदायक प्रयोग किया जा सकता है।

अच्छे परिणामों को प्राप्त करने के लिये साहस, पहल करना, कमाण्डर की व्यवस्था करने की योग्यता और छापामार दस्तों से युद्ध का अनुभव इन सब बातों का मिश्रण करना आवश्यक होगा। धैर्यता एवं सावधानी के अतिरिक्त छापामार विरोधी कार्यवाहियों में एक साधनपूर्ण एवं लचकदार नीति से सफलता प्राप्त की जा सकती है। तो भी जनरल पालित की प्राथमिकता विपरीत आदेश में निहित प्रतीत होती है। जनरल जे० एन० चौधरी के मतानुसार, छापामार गतिविधियों को रोकने के लिये, यदि सम्भव हो सके तो, एक दृढ़ तथा निर्बाध गुप्तचर प्रणाली की आवश्यकता है जिसकी सहायता के लिये एक सचल एवं स्थानीय भर्ती किये गये पुलिस फोर्स का दल हो।

डेनिस वारनर ने अपने लेख, 'दी इनविजीबल फ्रन्ट लाइन ऑव साउथ वियटनाम–माडर्न गुरिल्ला वार-फेयर', में यह विचार प्रकट करते हुए कहा है कि छापामार युद्ध की समस्या पन्द्रह प्रतिशत सैनिक है और ८५ प्रतिशत सामाजिक एवं आर्थिक। क्योंकि छापामार युद्ध आवश्यक रूप से भाइयों का पारस्परिक युद्ध होता है और विशुद्ध रूप से पारिवारिक रक्षा और आन्तरिक मतभेद की समस्या होती है, जब तक कि कोई विदेशी शक्ति अपने स्वार्थ के लिये छापामारों को उत्तेजित न करना चाहे, इसको नियन्त्रित करने का कार्य शान्ति की रक्षा, जीवन और सम्पत्ति की रक्षा, अपराधों की रोकथाम और स्थानीय जनता का विश्वास और राजभक्ति प्राप्त करने से जुड़ा हुआ है। यह आजकल के समय में पुलिस के आवश्यक कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व हैं।

वर्तमान समय में छापामार कार्यवाहियों में पुलों को उड़ाना, तेल-शोधक कारखानों को नष्ट करना, सैनिक रेलगाड़ियों को उड़ाना, पूर्त्तिसेवाओं को व्यापक रूप से पंगु करना, जासूसी करना तथा इसके अतिरिक्त गाँवों पर हमले करना, स्थानीय जनता से बलपूर्वक कर वसूल करना, जनता का सम्पूर्ण विनाश करना,

छापामार दस्तों में नवयुवकों को बलपूर्वक भर्ती और अन्य नाशक कार्यवाहियाँ, जो कि सशस्त्र युद्ध द्वारा सुरक्षा, विधि एवं व्यवस्था को भंग करती हैं, सम्मिलित हैं। अतः छापामार विरोधी कार्यवाहियों में छापामारों की विनाशकारी कार्यवाहियों से रेलवे तथा व्यापारिक संस्थानों, सड़कों, जलमार्गों, कृषि, वन, आर्थिक एवं औद्योगिक संस्थानों की रक्षा करना भी सम्मिलित है। जब कि पुलिस समाज में विधि एवं व्यवस्था स्थापित करने तथा ऐसे अपराधियों को पकड़ कर न्यायालय में उपस्थित करने के अपने प्राथमिक कर्त्तव्य की अवहेलना नहीं कर सकती, तब सफलता प्राप्त करने के लिये उन्हें सशस्त्र सहायता की आवश्यकता उन सेनाओं द्वारा होती है जिनकी भावना कम से कम बलप्रयोग तथा अधिक से अधिक जनसहयोग करने की होती है।

स्वरचित पुस्तक 'ए फिलासफी फॉर दी पुलिस' में श्री बी० एन० मल्लिक ने लिखा है, "आप स्वयं विनाश एवं विदेशी षड्यन्त्रों से सरकार की रक्षा करते हैं। ऐसा कोई भी रक्षा का क्षेत्र आपके कर्त्तव्य क्षेत्र से परे नहीं है और आपको समय-समय पर, जब कोई अनिष्टकारी घटना सिर उठाती है तो उससे रक्षा करने के लिए आना ही पड़ता है और उस समय भी आप पीछे नहीं रहते जब कि देश तथा शान्ति को खतरा उपस्थित होता है।" छापामार युद्ध की प्रारम्भिक अवस्था में, अनियमित सभाओं, उपद्रवों, हत्याओं, दंगों और औद्योगिक संस्थानों में धीरे काम करो की नीतियाँ, जिनका सम्बन्ध आन्तरिक सुरक्षा से होता है, और जो कार्यवाहियाँ राजद्रोह और विग्रह की सूचना देती हैं, पहचानना कठिन होता है। समय पर होने वाली प्रबल एवं चतुर राजनीतिक तथा पुलिस कार्यवाहियाँ, जो केवल छापामार विरुद्धाचरण को कुचल सकती हैं, बहुधा उदारवृत्ति एवं जनतांत्रिक दबावों कारण देर से की जाती हैं। छापामार कार्यवाहियों की भयंकर प्रवृत्ति राष्ट्र की आन्तरिक सुरक्षा तथा उसके जन-जीवन के लिए एक गम्भीर खतरा बन जाती है। राष्ट्र को यह उसी समय समझ लेना चाहिये जब कि छापामार युद्ध अपनी प्रारम्भिक स्थिति में होता है। पुलिस तथा अन्य सूत्रों द्वारा इसके प्रति असफलता, पुलिस द्वारा इसके प्रारम्भ होने की जानकारी मिलने के पश्चात् भी, उन कदमों को उठाने में अग्रसर हो सकते हैं जो नहीं उठाये गये हैं, या जिनके लिये अधिकृत नहीं हैं और जिनका सम्बन्ध पुलिस फोर्स के चरित्रपतन से है।

समाज की आवश्यकतानुसार पुलिस सेवाओं की व्यवस्था करना ही एक योग्य पुलिस प्रशासन की वास्तविक परीक्षा है। रेमन्ड ई० क्लिफ्ट के अनुसार, ऐसी व्यवस्था करने के लिए पुलिस की समस्याओं तथा कर्त्तव्यों का जीवन के अन्य क्षेत्रों में हुए विकास की रोशनी में समय-समय पर मूल्यांकन करना आवश्यक है। छापामार विद्रोह की विशेष परिस्थिति में पुलिस को उचित सशस्त्र सहायता देकर ही व्यवस्था की जानी चाहिये न कि किसी कार्य को सैनिक कार्यवाही के योग्य समझ कर उसे त्याग दिया जाय। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस जैसी फोर्स, जो विधि एवं व्यवस्था के कार्य में तथा प्रत्याक्रमण अभियान दोनों में प्रशिक्षित है, पुलिस द्वारा माँगे जाने पर, छापामार विनाश के बजाय उच्च आदर्शों के प्रदर्शन द्वारा और छापामारों को जड़ से नष्ट करने के लिये प्रति-हिंसा के प्रति यथेष्ट आग्नेय शक्ति प्रदान करते हुए, जनता का पुनः

विश्वास तथा सहानुभूति प्राप्त कर, सरलतापूर्वक सहायता प्रदान कर सकती है।

सेना का, जो भ्रष्ट एवं शत्रुतापूर्ण विदेशी आक्रमणों का सामना करने के लिये निरन्तर प्रशिक्षित रहती है, सामान्यतः नागरिक अधिकारियों की सहायता के लिये प्रयोग नहीं होना चाहिये। तने हुए मुक्के से सीमाओं की रक्षा करना ही सेना का एकमात्र उत्तरदायित्व है। स्वाभाविक कठिनाइयों के अतिरिक्त छापामार विरोधी कार्यवाहियों के लिये सेना को बुलाना विस्तार के रूप में खर्च में काफी वृद्धि कर देगा। इसका अर्थ होगा, सेना का छोटे-छोटे समूहों में बँट जाना जिससे उसकी शक्ति कम हो जाती है। इस कार्य के लिये पुलिस ही है जिसे छापामार विरोधी कार्यों का उत्तरदायित्व अपने कंधों पर रखना है। इसके लिये पदातिसेना शस्त्र सुसज्जित तथा पूर्ण प्रशिक्षित खोजी दस्ते जैसे सशस्त्र तत्त्वों द्वारा पुलिस फोर्स को सहायता अवश्य मिलनी चाहिये। यदि छापामार प्रतिरोध को समाप्त करना है तो पुलिस फोर्स को कठोर, स्थिर, कठिनाइयों का अभ्यस्त, आत्म-निर्भर, सचल एवं लचीला होना आवश्यक है। 'काउन्टर इनसरजेन्सी ट्रेनिंग' में उद्धृत ब्रिगेडियर जनरल पामर के मतानुसार, "एक बार स्थापित हो जाने पर छापामारों पर बार-बार चोट की जानी चाहिये और शक्तिस्रोत से दूर रखना चाहिये जब तक कि वे पूर्ण रूप से नष्ट न हो जायें। तने हुए मुक्के की नीति को स्वीकार करने का प्रशिक्षण पुलिस को नहीं दिया जाना चाहिये जिससे देश के अन्दर उसके इस अविवेकपूर्ण कार्य से जनता में पुलिस के प्रति आदर और विश्वास ही समाप्त हो जाय। उन्हें रैमन मैगसाई साई का "दाईं-बाईं बाजू की नीति" को अपनाना चाहिये जिसके द्वारा बायें हाथ को बढ़ाकर कानून का आदर करने वाले नागरिकों की मित्रता, सद्भाव, विश्वास तथा प्रेम प्राप्त किया जाय और दाहिना हाथ बढ़ाकर छापामारों का बन्दीकरण तथा छापामार दस्तों को नष्ट किया जाय।

क्योंकि छापामार देश के ही नागरिक होते हैं, अतः उनके साथ राष्ट्र के प्रचलित कानून के अनुसार ही व्यवहार किया जाय; यहाँ पर पुलिस को फिर एक निश्चयात्मक भाग अदा करना पड़ता है। 'फिलासफी फार दी पुलिस' में वर्णित श्री बी० एन० मल्लिक के मतानुसार, "पुलिस को शक्ति का प्रयोग विवेचनापूर्ण ढंग से, बिना द्वेषभाव के, बिना प्रतिशोध की भावना से और बिना निर्दयता के, परन्तु सुधार तथा समवेदना की भावना से करना चाहिये; और एक बार ऐसा हो जाने पर वह व्यक्ति, जिसके विरुद्ध शक्ति का प्रयोग किया गया है, उसके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाय जैसा कि उन अन्यों के साथ जिनकी रक्षा के लिये शक्ति का प्रयोग किया गया था।"

जब कि ऐसा सब कुछ हो सकता है, हम छापामार प्रति-कार्यवाही का सम्पूर्ण भार अन्तिम और पूर्ण रूप से सबको छोड़ कर केवल पुलिस पर ही नहीं डाल सकते। पदातिसेना, जलसेना, वायुसेना, सरकार के नागरिक विभाग तथा पुलिस इन सबको छापामार प्रति-अभियानों में सक्रिय भागीदार होना चाहिये और इनमें उचित और निकट का सहयोग होना चाहिये। इस सम्बन्ध में मलयन आक्रमण छापामार युद्ध का

एक ऐसा मामला है जिसका विश्लेषण अति निकट से किया जाना चाहिये । इसके द्वारा छापामार कार्यवाहियों का सफल सामना करने के लिये वास्तविक सम्भावना का पता चल सकता है। पूर्ण समाधान सामान्य पुलिस की कार्यवाही से बिलकुल परे है। आजकल की दुनिया में अन्य बहुत से विषम कार्यों के साथ छापामार विरोधी कार्यवाही भी पुलिस का प्रथम उत्तरदायित्व है। फिर भी एक पूर्ण संगठित राष्ट्रीय प्रयास के प्रयत्नों की आवश्यकता है। अमेरिका के मोन्टाना राज्य के सीनेटर माईक मैन्सफील्ड ने ठीक ही कहा है, "पुलिस उन सामाजिक, आर्थिक तथा अन्य कारणों के प्रति उत्तरदायी नहीं है जो कि परिस्थितियों को बन्दूक के घोड़े तक पहुँचा देती हैं । परन्तु पुलिस वहाँ होती है जहाँ तूफान उठता है। इसी को शान्त करने के लिए उसे बुलाया जाता है और यही मुक्कों का, ठोकरों का, ईंट-पत्थरों का, मोलोटोव काकटेलों का, गोलियों का और सब कुछ जो उपलब्ध हों, मुकाबला करते हैं। यही हैं वे जो सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा स्थापित करने में अपना जीवन खतरे में डाल देते हैं । परन्तु छापामार कार्यवाही और विनाश के कार्यों में सारे राष्ट्र के सहयोग से कम कोई भी वस्तु परिस्थिति सुधारने में उचित योगदान नहीं कर सकती ।"

—के० एम० माथुर

"युद्ध भूमि या नगर"

('टाइम' पत्रिका के सौजन्य से प्राप्त)

(शहरी उपद्रवियों के लिये एक लघु-पुस्तिका)

"यह प्रत्येक शहरी छापामार के लिये ध्यान में रखना आवश्यक है कि यदि उसे अपना अस्तित्व कायम रखना है तो पुलिस तथा उसके सहयोगियों का नाश करना होगा और साथ ही उसे बड़े पूँजीपतियों, धन-संग्रहकर्त्ताओं व साम्राज्यवादियों की पूँजी पर अधिकार करने का दृढ़ निश्चय करना पड़ेगा ।"

-चार्ल्स मारीगेला
शहरी छापामार की लघु-पुस्तिका

फिडेल कास्ट्रो की सफल क्रान्ति से प्रभावित होकर चे ग्येवेरा बोलिविया पहुँचा और विरल जनसंख्या वाले सांकेतिक प्रदेशों से उसने इसी प्रकार के आन्दोलन चलाने का यत्न किया। काफी देर बाद चे यह समझ पाया कि देहाती किसान छापामार योद्धाओं के शत्रु हो सकते हैं, मित्र नहीं । जनसहयोग न मिलने पर वह अपना विचार बदल ही रहा था कि १९६७ में बोलिविया के सैनिकों द्वारा पकड़ा गया और दण्डित किया गया ।

इस घटना का प्रभाव क्रूर, हरी आँखों वाले ब्राजील निवासी कारलोस मारीगेला पर

पड़ा। पुराने साम्यवादी तथा ब्राजील कांग्रेस के भूतपूर्व सदस्य के नाते मारीगेला का एक सुस्थापित शासन को उखाड़ फेंकने के ग्येवेरा के लक्ष्य तथा सिद्धान्तों से कोई शिकायत न थी। मारीगेला का विश्वास था कि सही रास्ता लैटिन अमेरिका के सघन तथा नष्ट करने योग्य शहरी क्षेत्रों को आतंकित करना था। उसने कारण बताया कि एक सघन नगर को नष्ट करना सरल है बनिस्बत छलपूर्वक देहाती क्षेत्रों से भागने के, जहाँ पर कि किसान सब अपरिचितों पर अविश्वास करते हैं। मारीगेला ने क्रान्ति के कार्यों पर अपने विचार "मिनी मैन्युअल ऑव दी अरबन गुरिल्ला" शीर्षक ५५ पृष्ठ की पुस्तिका में प्रकट किये हैं।

यद्यपि मारीगेला ग्येवेरा की तरह ही अन्तिम रूप से पराजित हुआ और मारा गया, परन्तु उसकी पुस्तक विश्व के अनेक भागों में, नगर में निवास करने वाले आतंकवादियों में वृहद रूप से प्रचलित हुई। इसके घातक प्रभाव से चिन्तित होकर अधिकारियों ने लैटिन अमेरिका में प्रतिबन्ध लगा दिया। जुलाई में इसका प्रकाशन फ्रांस में हुआ और शीघ्र ही वह गैर कानूनी घोषित कर दी गई। अमेरिका में मिनी मैन्युअल सब क्षेत्रों में प्रतिलिपि के रूप में पहुँच रही है और भूमिगत समाचार-पत्रों में इसका व्यापक प्रवेश है।

अपनी लघु-पुस्तिका में मारीगेला शहरी आतंकवादियों को भयंकर रक्तपात, शान्ति एवं निश्चय के साथ कार्य करने की आज्ञा देता है। वह उत्तरी अमेरिकी जासूसों, तानाशाही के एजेन्ट, कष्टदायक पुलिस, फासिस्ट व्यक्तित्व, पुलिस के दलाल तथा उत्तेजना फैलाने वाले की हत्या करने की विशिष्ट सिफारिश करता है। क्रान्तिकारी साहसिकों की आर्थिक सहायता हेतु वह बैंक डकैती का संकेत देता है, किसी भी बात का ध्यान न रखने की कोशिश करता है और यहां तक सलाह देता है कि मनुष्यों को बैंक के मूत्रालयों में बन्द कर दिया जाय और फर्श पर बैठने को बाध्य किया जाय। शहरी छापामारों के शस्त्रागार के लिये मारीगेला मोलोतोव काकटेल, गेसीलीन, घर में निर्मित घातक शस्त्र, जैसे भारी पत्थर फेंकने का यन्त्र और आग्नेय अस्त्रों के लिये खरल, ट्यूब तथा पात्र से बने हथगोले, पटाखे, बारूद से भरा पात्र, परम्परागत आग्नेय अस्त्र, प्लास्टिक बम आदि की सिफारिश करता है।

लघु-पुस्तिका का सबसे महत्वपूर्ण खण्ड वह है जिसे मारीगेला 'एक्शन मोडल' के नाम से पुकारता है। वह बन्दी क्रान्तिकारी साथियों की स्वतन्त्रता तथा प्रत्यावर्तन के लिये बलपूर्वक अपहरण का प्रस्ताव करता है। शिकार व्यक्ति क्रान्तिकारी आन्दोलन का कुख्यात एवं भयंकर शत्रु होना चाहिये अथवा कलाकार या प्रसिद्ध खिलाड़ी जिसका अपहरण प्रचार का एक लाभदायक साधन हो सके। 'एम्बुश' शीर्षक खण्ड में वह लिखता है कि मुख्य लक्ष्य शत्रु के शस्त्रों पर अधिकार करना तथा उसे मृत्युदण्ड देना होना चाहिये। "सेबोटेज" में उसका कथन है कि थोड़ी-सी बालू, शीघ्र जलने वाली एकधारा, थोड़ा सा स्नेह द्रव्य, पेच को हटा देना, एक संक्षिप्त धारामण्डल, ये सब काफी कार्य कर सकते हैं। "स्ट्रीट टैक्टिक्स" में मारीगेला यातायात को अवरुद्ध करने से लेकर कार्यालय अथवा मकान की छतों से बोतलें,

ईंट, पेपरवेट तथा अन्य निर्माण सम्बन्धी सामग्री के फेंकने का संकेत देता है। वह कहता है कि जन-प्रदर्शन के लिये अन्धकार में आक्रमण करना लाभदायक होता है।

समाज को छिन्न-भिन्न करने के लिये मारीगेला का आतंक पर बल देना वास्तव में अराजकता की विध्वंसात्मक नीति तथा उसके कार्यप्रचार का ही प्रतिबिम्ब है। आतंकवादियों के वर्तमान उत्तेजनात्मक कार्य १९वीं सदी की अन्तिम दशाब्दियों की याद दिलाते हैं जबकि अराजकतावादी आतंक का राज्य यूरोप तथा अमेरिका में भय के आवरण की तरह फैल गया था।

मार्क्स की तरह लेनिन भी अराजकतावादियों से अनुशासनहीन मजनुओं की तरह घृणा करता था जो समस्त अधिकारों का तिरस्कार करते थे। फिर भी उसने उनके कुछ विचार ग्रहण किये। लेनिन ने क्रान्तिकारियों को किसी भी ऐसी हाथ पर रखने वाली वस्तु जैसे रायफिल, बन्दूक, बम, चाकू, लाठी, मिट्टी के तेल से भीगा कपड़ा आग लगाने के लिये, रस्सा, रस्से की सीढ़ी, प्राचीर खड़ा करने के लिये फावड़ा, काँटेदार तार, घुड़सवार के लिये कील आदि से सुसज्जित रहने के लिये आह्वान किया था। इन शब्दों को मारीगेला ने आदर्श की तरह अवश्य प्रयोग किया होगा। तुरन्त युद्ध-प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के लिये व्यावहारिक अभियानों द्वारा जासूस को मारना, पुलिस स्टेशन को उड़ाना, विद्रोह में लिये कोष के हेतु बैंक को लूटना इत्यादि है। लेनिन अन्त में कहता है कि "प्रत्येक सैनिक रेलगाड़ी पर कार्यवाही करो और पुलिसमैन को मारो"।

जब पुराने राजनीतिक ढाँचों ने लड़खड़ाना शुरू कर दिया था, तब लेनिन की नीतियां सफलतापूर्वक चीन, क्यूबा तथा वियतनाम जैसे स्थानों में छापामार युद्ध के रूप में परिणित होने लगीं। परन्तु इन आन्दोलनों के सिद्धान्तकारों ने, जिनमें चे, उसका अनुयायी रेजिस द ब्रे तथा फ्रैन्ज़ फैनन भी शामिल हैं, साधारणतः शहरी छापामारों की ओर उदासीनता दिखाई और अपना ध्यान किसानों पर केन्द्रित रखा।

लघु-पुस्तिका के अनुसार शहरी छापामार को "एक अच्छा चलने वाला, थकान, भूख तथा गर्मी का सामना करने वाला, तीव्रता से काम न करने वाला, असीमित धैर्यवाला, शान्त और शीतल रहने वाला और सबसे ऊपर कभी भी निरूत्साहित न होने वाला होना चाहिये"। मारीगेला के अनुसार, "शिविरों में रहने से पर्वतारोहण से, नाव की सैर से, मछली तथा अन्य आखेटों से ही स्थिर आत्मा यह रूप धारण कर सकती है।" आगे वह लिखता है, "गाड़ी चलाना, वायुयान चलाना, मोटर बोट चलाना तथा विद्युयत यन्त्रों के बारे में थोड़ा ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है।"

करने योग्य कार्यों के साथ कुछ न करने योग्य कार्य भी हैं। "सेवन सिन्स ऑव दी अरबन गुरिल्ला" शीर्षक से मारीगेला अनुभव-हीनता, शेखीबघारना, अहंकार, अपनी शक्ति का अधिक अनुमान लगाना, धैर्यता की कमी, क्रोध और उचित रूप से योजना बनाने में असफलता आदि की सूची देता है।

विश्वासघात के अवसरों को क्षीण करने के लिये मारीगेला चार या पांच व्यक्तियों के "गोलीबार दस्तों" के संगठन की सिफारिश करता है। मारीगेला लिखता है कि

किसी भी गोलीबार दस्ते को ऊपर से किसी के आदेश की प्रतीक्षा में अकर्मण्य नहीं रहना चाहिये। उसका धर्म ही कार्य करना है। मारीगेला के गोलीबार दस्तों के लिये कौन ग्रहणीय है ? प्रत्येक व्यक्ति, जिनमें विद्यार्थी भी सम्मिलित हैं, क्योंकि वे राजनीतिक रूप से अपरिपक्व एवं असभ्य होते हैं और हिंसात्मक क्रान्ति के प्रति विशेष योग्यता का प्रदर्शन करते हैं और स्त्रियां भी, क्योंकि उनमें अद्वितीय रूप से लड़ने तथा हठ करने की भावना होती है।

मारीगेला अपने विचारों को मूर्त्त रूप देने के लिये अधिक समय तक जीवित न रहा। गत वर्ष उसके अनुयायियों द्वारा अमेरिका के राजदूत सी० बर्क० एलब्रिक के अपहरण होने पर ब्राजील की पुलिस ने मारीगेला के लिये श्रम द्वारा सृजित अपने छिपने के स्थान का निर्माण किया। दो डोमेनिकन पादरियों को, जो कई अवसरों पर मारीगेला को आश्रय दे चुके थे, बन्दी बना लिया गया और उससे मिलने का प्रबन्ध करने के लिये उन्हें बाध्य किया। जब मारीगेला के विश्वस्त अंगरक्षक गाडचों ने समागम स्थान का निरीक्षण किया तो उसने दो युगलों को शेबरलेट गाड़ी में आलिंगन करते देखा, श्रमिकों को एक निर्माण-स्थल पर मन्द गति से सामान उतारते तथा सड़क के पार एक अपूर्ण भवन पर ईंटें लगाते हुए देखा। गाडचों ने स्पष्ट संकेत दिया और मारीगेला एक छोटे सन्दूक तथा भूरे रंग के बालों का टोप पहने हुए प्रकट हुआ। उसने दो परिचित डोमिनिकनों को सड़क के उस पार एक नीली वोक्स वैगन में प्रतीक्षा करते देखा और कार में चढ़ गया।

तुरन्त ही ईंट रखने वालों ने अपने थैलों से हथियार निकाले, श्रमिक निर्माण-स्थल से एक धारा के रूप में चल दिये और कामुक युगलों की स्थिरता भंग हो गई और उन्होंने बन्दूकें संभाल लीं। ये सब पुलिस के आदमी थे। पूरे पांच मिनिट तक लगातार गोलियाँ चलती रहीं। एक दन्त चिकित्सक, जो बिना सोचे-विचारे सड़क पर आ गया था, दो गोलियां लगने से गम्भीर रूप में आहत हो गया। एक पुलिसमैन, जो कि शैवरलेट में आलिंगन कर रहा था, मर गया। पुलिस की गोलियों ने दोनों को मार दिया। इससे पूर्व कि मारीगेला अपने छोटे सन्दूक में से अपनी बन्दूक निकाले, पांच अंडाकार बन्दूक की गोलियों ने उसे छलनी कर दिया। दो दिन पश्चात् मारीगेला को साओ पालो की विला फारमोसा श्मशान के निर्धनों की कब्र संख्या ११०६ में दफना दिया गया।

एक विश्वव्यापी उत्सुकता

आधुनिक क्रान्तिकारियों के लिये अपनी हस्त-पुस्तिका 'डू इट' में अमेरिकन हिप्पी जेरी रूबिन कहता है, "सड़क ही रंगमंच है"। गैर साम्यवादी विश्व के नगरों में यह स्थिति भयसूचक कार्यवाहियों, राजनीति से प्रेरित होकर जान बूझ कर घर में आग लगाने की प्रवृत्ति, बमबारी, अपहरण तथा हत्या के रूप में जीवित है। इनसे निकट की सम्बन्धित प्राकृतिक घटना वायुयान अपहरण की है, क्योंकि जिस प्रकार एक मनुष्य के सांसारिक कार्यक्षेत्र में बीसवीं सदी का एक उच्च कोटि का नगर नष्ट

करने योग्य स्थल है, उसी प्रकार वायुमंडल में ६०० मील प्रति घण्टा की गति से चलने वाला मोटी खाल का जेट भी नष्ट करने योग्य वस्तु है । आतंकवादी कार्यवाही का विश्वव्यापी क्षेत्र है और राजनीतिक तथा शहरी छापामार युद्ध-प्रणाली के इतिहास में अधिकतर आतंकों का प्रसार नये ढंग से किया जाता है ।

गत ग्रीष्मकाल में जबसे उत्तरी आयरलैण्ड में प्राचीन धार्मिक शत्रुता के कारण हिंसा की अग्नि भड़की है, बेलफास्ट तथा लण्डनडेरी में काँटेदार तार, बालू के बोरों की दीवार तथा कवचधारी सेना स्थापित कर दी गई है । कलकत्ता तथा उसके औद्योगिक उपविभागों में पुलिस उन अधिकांश रक्तपातों की ओर से विमुख हो गई है जबसे कि माओवादी नक्सलियों ने जान-बूझ कर आतंक फैलाने वाले आक्रमण के एक अंश के रूप में अंधेरी संकरी गलियों में उनके तीन साथियों की छुरा भोंककर हत्या कर दी है । मोन्टेविडियो में जुलाई से कूटनीतिज्ञों की रक्षा के भारी प्रबन्ध करने पड़े जबकि उरूग्वे के टूपामारोस छापामारों ने अपनी रोबिन हुड रूपी प्रवृत्ति का परिचय दिया और धूर्त्ततापूर्वक एक राजनयिक बन्धक की हत्या कर दी। कट्टर क्यूबेक पृथकतावादियों द्वारा एक राजकीय कर्मचारी की नृशंस हत्या किये जाने पर कनाडा में अभी तक उग्रता व्याप्त है। सरकार से अनधिकृत उपहार-स्वरूप धन-प्राप्ति के प्रयास में आतंकवादियों के एक छोटे से समूह ने सम्पूर्ण देश को भयभीत करने में सफलता प्राप्त कर ली है जिसके कारण कुछ नागरिक स्वतन्त्रताओं को निलम्बित कर दिया गया है ।

वाशिंगटन में राज्याधिकारी इस संभावना से स्पष्ट चिन्तित थे कि एक उग्रवादी दल किसी अमेरिकी राज्याधिकारी अथवा किसी विदेशी कूटनीतिज्ञ का अपहरण अथवा हत्या करने का प्रयास कर सकता है । शायद ही कभी राजधानी में सुरक्षा के प्रति इतनी चिन्ता हुई हो । पिछले सप्ताह राज्य के एक उच्च सुरक्षा अधिकारी ने कहा, "मुझे खेद है, परन्तु हमें 'पेरानोइड' के रूप में सोचना पड़ेगा"। राज्य सचिव विलियम रोजर्स तथा अन्य अधिकारियों से प्रार्थना की गई कि वे अपने कार्यालय के आने-जाने के मार्गों में परिवर्त्तन करें। अन्य देशों के राजदूतावासों की रक्षा के निमित्त अभी हाल में ही निर्मित ५५० व्यक्तियों के अधिशासी सुरक्षात्मक सेवा विभाग में गुप्त सेवा विभाग द्वारा ३०० अधिक व्यक्तियों को लगाया जा रहा है, और सेना के एवरडीन म्यूनिशन्स केन्द्र में वाशिंगटन पुलिस बमों के प्रबन्ध का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है ।

असमानुपातिक शक्ति

प्राचीन युग के प्राचीरों से घिरे हुए नगरों से भिन्न १९७० के ये घिरे हुए नगर बाहर से नहीं वरन् अन्दर से उन सेनाओं द्वारा भयभीत हैं जो कठिनता से दृष्टिगोचर होती हैं । न ही सेनाएं इतने विस्तार से ऐसी किसी चीज़ की तैयारियां कर रही हैं जिसकी महान् सार्वजनिक उथल-पुथल ने मध्य १९ वीं सदी के यूरोप की क्रान्ति-विच्छिन्न राजधानियों का सफाया कर दिया था। कुछ सौ अथवा कुछ हजार व्यक्तियों द्वारा ही नगरों को प्रत्येक मामलों में भयभीत किया जा सकता है। परन्तु जैसा कि कनाडियन

उदाहरण से स्पष्ट है, यदि उचित दबाव बिन्दु प्राप्त हो जाय तो थोड़ी-सी ही संख्या सारे राष्ट्र को प्रभावित कर सकती है। २०वीं सदी के उत्तरार्द्ध में छोटे-छोटे समूह एक समाज को स्तब्ध रखने की असमानुपातिक शक्ति रखते हैं।

आखिर कहां तक ? नया शहरी छापामार एक नये विश्व की रचना के बारे में अस्पष्ट मत रखता है। दबाव डालने पर वह संसार का वर्णन माक्र्सवादी ढंग से करता है (जबकि माक्र्सवाद स्वयं को वैज्ञानिक व कल्पनाशील आतंकवादियों में समझता है जिसका कोई आदर नहीं है)। कुछ निरन्तर लक्ष्यों से परे, जैसे शोषण अथवा साम्राज्यवाद से वास्तविक सम्पत्ति के एक विशेष भाग की रक्षा करने हेतु शहरी। छापामार के पास भविष्य की रचना के बारे में बहुत कम कहने को है। शिकागो स्थित रूजवेल्ट विश्वविद्यालय के राजनीति-विज्ञान शास्त्री हिचर्ड रूबेन स्टीन कहते हैं, "यांत्रिक ढंग से किसी प्रणाली को ठीक करना सरल हो सकता है—जैसे वायुसेवा के सशस्त्र रक्षकों पर लाखों व्यय करने तथा विद्युत एवं दूरसंचार प्रणालियों को मिश्रित करने के लिये बाध्य करना।" परन्तु नये आतंकवाद में जो दोष है, वह यह है कि एक ओर तो वह समाज में अराजकता उत्पन्न करता है और साथ ही एक नई व्यवस्था के लिए जनता को तैयार करता है। निस्संदेह रूप से, कम से कम माओवादी, क्यूबेक के उग्र पृथकतावादी, भारत के नक्सलवादी, अमेरिका के वैदरमैन तथा पैन्थर्स इन सभी की अराजकता की भावना में, हिंसा के प्रति मोह में, अपने विप्लवकारी संगठनों में और पूर्ण स्वतन्त्रता की हठ में (एक भ्रम कि भूतकाल में भी इसी प्रकार निरंकुशता की ओर अग्रसर हुए थे) समान विचार हैं। बहुधा उनका सम्प्रदाय मिथ्या-धार्मिक है, वरन् मठ-पद्धति पर आधारित है। यह चे ग्येवेरा तथा माओ त्से तुंग जैसे मृत एवं दूरस्थ प्रतिमाओं के पवित्र संस्कार के लिये सुरक्षित रहता है, इसके प्रचारक सुपरिचित एवं स्वीकृत तंग कमरों में एकत्रित होते हैं और अपनी संस्कार-पद्धति को इतना गुप्त रखते हैं कि समाज से उनका सम्बन्ध पूर्ण रूप से विच्छेद हो जाता है। उनकी विचारधारायें भिन्न हैं, परन्तु साधारणत: उनकी मौलिक धारणा यह है कि प्रचलित प्रणाली वास्तविक परिवर्त्तन के अयोग्य है और यह कि सरकार की राजकीय हिंसा (पुलिस, जेल तथा सेनाएँ) का सामना केवल हिंसा से ही किया जा सकता है। लक्ष्य केवल उस वस्तु को ही नष्ट करना होता है जिसको सुधारा नहीं जा सकता। इस प्रकार, सार रूप में, वे १९वीं सदी के अराजकता के संरक्षक सन्त माइखेल बाकुनिन की कहावत को स्वीकार करते हैं कि "विनाश की प्रेरणा ही वास्तव में निर्माण की प्रेरणा है"।

रूबेन स्टीन कहता है कि "शहरी छापामार की पहचान का लक्षण यह है कि वह 'लघु-धारामण्डलीय' क्रान्ति के कला सम्बन्धी सामान्य विचारों वाला व्यक्ति है।" लौक और मार्ट से लेकर हरबर्ट मारक्यूस तक के सिद्धान्तवादियों ने क्रान्ति को सदैव जनआन्दोलन के रूप में वर्णित किया है। आधुनिक औद्योगिक संसार को नष्ट करने के लिये शहरी आतंकवादी उद्यमी पुरुष को लक्ष्य बनाते हैं और धीरे-धीरे जनक्रान्ति की गतिविधियों को संगठित कर उन्हें छिन्न-भिन्न करने की कार्यवाही करते हैं।

अब तक नये आतंक को सीमित कर दिया गया है। जहां तक मालूम है, कोई भी दल एक ही समय के किये गये आक्रमणों से किसी भी नगर को अराजकता में डुबोना नहीं चाहता; उदाहरणार्थ बिजलीघरों, जलप्रदाय संस्थानों तथा मुख्य मार्गों पर आक्रमण करके। परन्तु अमेरिका में पुलिसमैन की हत्या के अभियान तथा कनाडा, अर्जेन्टीना, उरूग्वे और ग्वाटेमाला में बन्धकों की हत्या ने स्मरणीय रूप से आतंक की मात्रा में वृद्धि की है। इस प्रकार शहरी छापामारों ने अन्धकार युग से पुनरुद्धार युग तक धन लेकर बन्धक को मुक्त करने की प्रचलित परिपाटी की ही पुनरावृत्ति की है जब कि राजा और राजकुमार राजदूतों को बन्धक के रूप में प्रयोग करते थे। जैसा कि ब्रैन्डिस समाजवादी रिचर्ड सेनेट ने कहा है कि, "आजकल का आतंकवाद हेनरी अष्टम की ही कूटनीति है।"

पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र में स्वीडन के प्रधानमन्त्री ओलोफ पाम ने "नष्ट करने की शक्ति में वृद्धि करने की तकनीक का प्रतिरोध करने के लिये" कुछ उपाय सुझाये। ब्रिटिश प्रधानमन्त्री एडवर्ड हीथ ने उसी स्वर में चेतावनी दी, "ऐसा प्रतीत होता है कि आने वाली दशाब्दि में, राष्ट्रों के बीच युद्ध नहीं, वरन् गृहयुद्ध ही मुख्य खतरा होगा जिसका हमें सामना करना पड़ेगा।" कोलम्बस, ओहियो के एक अभियान स्थगन के मध्य रिचर्ड निक्सन ने कहा था कि, "सर्वव्यापी आतंकवाद एक अन्तर्राष्ट्रीय रोग है।"

अब तक इस बीमारी ने जिस नाटकीय ढंग से कनाडा में प्रहार किया है वैसा कहीं नहीं हुआ। बमबारी तथा बैंक डकैतियों की चरम श्रृंखला के पश्चात् फ्रैन्च-कनाडी पृथकतावादी दल, जो फ्रन्ट डी लिबरेशन ड्यू क्यूबेक (एफ० एल० क्यू०) के नाम से जाना जाता है, ने दो उच्च अधिकारियों का अपहरण किया : एक मांट्रियल स्थित ब्रिटिश व्यापार आयुक्त श्री जेझ आर० क्रास तथा दूसरे क्यूबेक के श्रममन्त्री श्री पियरे लापोर्त्ते का। बन्धक को मुक्त करने के लिये धन के रूप में आतंकवादियों ने २३ राजनीतिक बन्दियों की रिहाई की मांग की और उन्हें क्यूबा या अल्जीरिया सुरक्षित भेजने को कहा तथा ५ लाख डालर की स्वर्णमुद्रा की मांग की।

प्रधानमन्त्री पियरे त्रुदो का उत्तर कठोर था। सशस्त्र क्रान्ति के आन्दोलन को जड़ से नष्ट करने का वचन देते हुए उन्होंने मांगें ठुकरा दीं और सेना को राजधानी ओटावा तथा क्यूबेक प्रान्त में गश्त लगाने के आदेश दिये और अन्त में कनाडा के १९१४ के वार मेज़र्स एक्ट के अन्तर्गत संकटकालीन पुलिस अधिकार भी अभिमंत्रित किये जिनका प्रयोग शान्तिकाल में पहले कभी नहीं किया गया था। यदि त्रुदो कठोर था तो एफ० एल० क्यू० आतंकवादी भी असभ्य थे। उन्होंने लापोर्त्ते की हत्या उसके गले में पड़ी पतली सोने की जंजीर को कसकर कर दी और उसकी लाश को कार के सन्दूक में ठूँस दिया।

फ्रेन्च-कनाडी तथा क्यूबेक के पृथकतावादी आन्दोलन के एक विरोधी त्रुदो की तरह, ४९ वर्षीय लापोर्त्ते की हत्या ने सारे राष्ट्र को। स्तब्ध कर दिया। प्रधानमन्त्री के कठोर रवैये के पक्ष में ओटावा में आने वाले पत्र तथा दूरसंचार सन्देशों में ९७ प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई। लगभग २००० कनाडियन ओटावा में पार्लियामेन्ट हिल पर

राष्ट्रीय गीत "ओ कनाडा" गाने के लिये एकत्रित हुए और हाउस ऑव कामन्स ने भी १६ के विरुद्ध १९० के प्रचंड बहुमत से वार मेज़र्स एक्ट की प्रार्थना की पुष्टि की।

त्रुदो ने अपना कर्त्तव्य वीरतापूर्वक निभाया। उन्होंने राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए कहा, "किसी भी देश के इतिहास में बहुत कम ऐसा होता है जब कि समस्त व्यक्तियों को किसी गम्भीर विषय पर अवश्य निर्णय लेना होता है। यही वह समय है और यही वह विषय।" सप्ताहान्त तक, संघ सरकार के दृढ़ रुख का व्याकुल कर देने वाला क्षीण परिणाम निकला। दस हजार पुलिसमैनों की सेना ने दो हजार छापे मारे और ३७४ व्यक्ति बन्दी बनाये, परन्तु कोई सुखद परिणाम न निकला और लापोर्त्ते हत्याकांड में भी कोई विशेष प्रगति नहीं हुई। एफ० एल० क्यू० द्वारा चुराई गई अनुमानित ९००० डाइनेमाइट की छड़ियों में से केवल ९०० ही बरामद हो सकीं। "यदि एफ० एल० क्यू० बन्दियों की रिहाई नहीं की गई तो मान्ट्रियल को उड़ा दिया जायगा," एक आतंकवादी की ऐसी धमकी से पुलिस के लिये इन चुराये गये डायनेमाइट की खोज करना और भी आवश्यक हो गया।

सप्ताह के मध्य, त्रुदो की सरकार ने अपने दृढ़ रुख के तीन कारणों को बार-बार दोहराया और प्रत्येक कारण में कम से कम कुछ वैधता दिखलाई देती थी। प्रथम, ओटावा में यह महसूस किया गया कि एक अधिकारी के कथनानुसार क्यूबेक में जनमत की उग्र धारणा का उसे सामना करना पड़ेगा, जिसका फ्रैन्च-कनाडी जनता पृथकतावादी आन्दोलन का उससे भी अधिक उत्साह के साथ आलिंगन कर सकती है जितना उत्साह सरकार ने कभी भी एफ० एल० क्यू० की चुनौती का सामना करने में नहीं दिखाया होगा; और यह भय इस तथ्य से और भी बढ़ गया, क्योंकि उसी सप्ताह मांट्रियल में नगरपालिका के निर्वाचन होने जा रहे थे। द्वितीय, ओटावा संघात्मक सिद्धान्तों पर दृढ़तापूर्वक, जहाँ तक हो सके, जमा रहना चाहता था। तृतीय, स्वयं एफ० एल० क्यू० एक भयंकर शहरी विप्लव योजना बना रहा था जिसके बारे में एक उच्च राज्याधिकारी ने कहा, "जिसे मैं आपको नहीं बता सकता।"

पुनः आदिम सभ्यता की ओर

कनाडियन नाटक से यह संकेत मिलता है कि आजकल के छापामार प्राचीन युद्धों को नये रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे असभ्य संघर्ष जिनका संचार उपग्रहों तथा अन्य विद्युयतीय चमत्कारों से सिकुड़े हुए विश्व में कोई स्थान नहीं होना चाहिये। क्यूबेक का एफ० एल० क्यू० केवल १९६२ से ही अस्तित्व में है जब कि फ्रैन्च-कनाडी राष्ट्रीयता पिछले दो सौ वर्षों से चली आ रही है। १९५० के लगभग पियरे त्रुदो स्वयं क्यूबेक के मूल सिद्धान्तवादी आन्दोलन के निकट सम्पर्क में थे। परन्तु बाद में उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला कि पृथकतावादियों का वास्तविक मन्तव्य साधारण रूप से केवल क्यूबेक की भूतकाल की सामन्तवादी प्रथा की स्थापना की ओर एक बड़ा कदम ही है। १९६४ के एक कठोर लेख में त्रुदो ने क्यूबेक के पृथकतावादियों के विषय में लिखा है। वह कहते हैं, "सत्य यह है कि पृथकतावादी प्रतिक्रान्ति उन शक्तिहीन तुच्छ

सामन्तवादियों की उपज है जो कि २०वीं सदी की क्रान्ति में पिछड़ जाने से भयभीत हैं। अपनी योग्यता से अपने लिये उचित स्थान बनाने की बजाय वे सारे समाज को स्वतंत्रता की घोषणा कर आदिम सभ्यता की ओर वापस ले जाना चाहते हैं।

त्रुदो के आदिम सभ्यता वाले सिद्धान्त को कुछ विश्वविद्यालयी विशेष योग्यता वाले पुरुषों ने चुनौती दी, जिन्होंने यह तर्क दिया कि विश्व की आदिम अल्पसंख्या प्राचीन मुख्यधारा में वापस जाने के लिये वर्त्तमान से बाहर आना नहीं चाहती। रूजवेल्ट विश्वविद्यालय के रूबेन स्टीन कहते हैं कि आदिम जाति में हिंसा वृद्धि का कारण दलों में प्रतिरूप निराशा की भावना है जिनसे उन्हें नष्ट होने का भय है। यह राजनीतिक विश्व में पुनः प्रवेश करने का एक प्रयास है। आतंक तब उत्पन्न होता है जब वे अपनी अव्यावहारिक शर्तों पर पुनः प्रवेश की माँग करते हैं और यदि वे शर्तें अमान्य हों तो फिर सारी दुनिया जाये जहन्नुम में।

संयुक्त राज्य अमेरिका के उत्तरी पड़ोस में आतंकवाद एक सम्बन्धित नई प्राकृतिक घटना है। दक्षिण में यह लम्बे समय से हो रहा है। लैटिन अमेरिका के आतंकवादी काफी हद तक निम्न वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो पुनः प्रवेश के इतने इच्छुक नहीं हैं जितने कि वह आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक ढाँचे में साधारण प्रवेश के इच्छुक हैं, जिससे कि वे सदैव वंचित रहे हैं। फिर भी लैटिन अमेरिका की राजनीति ने सदैव नाटकीयता और उग्रता का प्रदर्शन किया है।

मैक्सिको के दक्षिणी सीमान्त स्थित विभिन्न देशों में विभिन्न प्रकार के आतंक पाये जाते हैं। अभियोजित अभियानों द्वारा ब्राजील में अनेक हत्याएँ हो चुकी हैं जिसका एकमात्र प्रभाव केवल यही पड़ा है कि यह नौ करोड़ की जनसंख्या वाला सबसे अधिक लैटिन अमेरिका का शक्तिशाली देश कई राजनीतिक प्रकाश-वर्षों से पिछड़ गया है। सेना ने १९६४ में शासन सम्हला, आतंकवादियों के बम का पहला धमाका १९६६ में हुआ और तब से ही क्रूर आतंक, दमन और यातना का दौर अपनी उत्कर्ष सीमा पर है। देश में कभी भी आधे दर्जन से अधिक आतंकवादी दल नहीं रहे होंगे, जिनमें संभवतः ३०० से ५०० तक कठोर हृदय वाले सदस्य होंगे। परन्तु एक वर्ष पूर्व अपने १५ बन्दी साथियों की रिहाई के लिये उनके द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत सी० बर्क एलब्रिक का चमत्कारी तथा सफल अपहरण इस बात का प्रथम संकेत था कि थोड़े से शहरी छापामार भी एक शक्तिशाली सरकार को अपनी माँगें मनवाने के लिये बाध्य कर सकते हैं। ब्राजील के आतंकवादियों ने अपनी नम्र प्रतिमा का कभी विकास नहीं किया; पिछले दो वर्षों की उनकी कार्यवाहियों से ४० व्यक्ति मरे और लगभग २०० व्यक्ति आहत हुए।

अभी हाल तक उरूग्वे के टूपामारोस अपनी सदस्य संख्या ३००० अनुशासित व्यक्तियों की बतलाते हैं और अमीरों की चोरी कर गरीबों की सहायता करने के लिये प्रख्यात हैं। धनी व्यापारियों के अपहरण और बैंक डकैतियों द्वारा बलपूर्वक प्राप्त १६ लाख डालर की राशि उन्होंने कारावास भुगत रहे अपने साथियों के परिवार के कल्याणार्थ लगायी। परन्तु उनकी यह सुन्दर प्रतिमा पिछले अगस्त में नष्ट हो गई।

कनाडा में ध्यान देने योग्य घटनाओं के समानान्तर टूपामारोसों ने संयुक्त राज्य अमेरिका के एक पुलिस परामर्शदाता डेनियन मिट्राओन का बलपूर्वक अपहरण किया और उनकी हत्या कर दी, क्योंकि सरकार १६० राजनैतिक बन्दियों को मुक्त नहीं कर रही थी । व्यथित जनता द्वारा समर्थित राष्ट्रपति जार्ज पाचेको अरेको को आतंकवादियों से लड़ने के लिये उरूग्वे की संसद से संकटकालीन अधिकार प्राप्त करने पड़े । निश्चयात्मक रूप से उरूग्वे की परम्परा से भिन्न एक व्यक्ति-आखेट में २०० से अधिक टूपामारोस धर दबोचे गये । एक घर पर तो पुलिस यहाँ तक बढ़ गई कि उसने "क्यूबावाद" की पुस्तके जब्त कर ली क्योंकि उसने यह सोचा कि यह हवाना से प्रचार के लिये आई हैं । तो भी अभी तक सेना दो अन्य बन्धकों, अमेरिका के एग्रोनोमिस्ट श्री क्लाउड फ्लाई तथा ब्राजील के जनरल अलोयसिओ मारेस डियास गोमिडे का पता लगाने में असफल रही है ।

अभी तक अर्जेन्टीना को कोई गम्भीर खतरा नहीं है, परन्तु देश के सैनिक प्रशासन पर आधा दर्जन विभिन्न आतंकवादियों के समूह का प्रभाव है। उनमें से बहुत से न तो अपने-आपको माओवादी और कास्ट्रोवादी कहते हैं वरन् पेरोंवादी कहते हैं, जिसका आशय है "जनता के रक्षक", और प्रत्येक की संख्या १०० या २०० से अधिक नहीं होगी । गत जुलाई में एक पेरोंवादी दल ने, जो स्वयं को मोन्टेनेरोस कहता था, भूतपूर्व राष्ट्रपति पेड्रो आरम्बुरू की हत्या कर दी । सेनाधिकारीगण १५ वर्ष से मैड्रिड में निर्वासित बृद्ध तानाशाह जुआन पेरों को वापस बुलाने की सोच रहे हैं, उन पेरोंवादियों का सफाया करने के लिये जिनमें बहुत से तो परले सिरे के डाकू हैं ।

चिली में एक नवोदित शहरी छापामार दल, जो एम०आई०आर० के नाम से जाना जाता है, इस तर्क पर विशेष जोर दे रहा है कि चिली के पारम्परिक राजनीतिक साधन देश की सामाजिक आवश्यकताओं का समुचित उत्तर नहीं दे रहे हैं । माक्र्सवादी साल्वाडोर अलेन्डी चिली के राष्ट्रपति निर्वाचित होने से कम से कम अस्थायी रूप से एम ०आई० आर० की गतिविधि स्थिर हो गई है।

डोमिनिकन गणराज्य में पहले ही की तरह अमानुषिक व्यापार चल रहा है। पिछली मई में जब से दूसरी बार कंजरवेटिव राष्ट्रपति जोआक्विन बालाग्वेर चुने गये हैं तब से दक्षिण व वामपंथियों द्वारा कम से कम ६० हत्याएँ हो चुकी हैं । डोमिनिकन सार्वजनिक आन्दोलन के बहुत से नेतागण या तो मारे गये हैं या क्यूबा भाग गये हैं । इससे उन तथाकथित "गुप्त कमांडोस" एम० पी० डी० से निकाले गये व्यक्तियों और डाकुओं के लिये मार्ग खुल गया है जो कि पुलिसमैन की बन्दूक लेने के लिये उसे मारने वाले के रूप में जाने जाते हैं ।

ग्वाटेमाला में, सेना ने देहाती छापामारों को कुचल दिया है जिनके अधिकार में पहले उत्तर-पूर्व का पहाड़ी क्षेत्र था, परन्तु अब बचे-खुचे छापामार ग्वाटेमाला नगर में सक्रिय हो रहे हैं । सशस्त्र क्रान्ति सेना (एफ० ए० आर०) के लगभग ५०० आतंकवादी अपहरण एवं हत्या करने में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। १९६८ में संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत जॉन गोर्डन मेन की एफ० ए० आर० आतंकवादियों द्वारा हत्या

लैटिन अमेरिका में कूटनीतिक अपहरण का एक अमानुषिक उदाहरण है । गत अप्रैल में जब अपहरण किये गये पश्चिमी जर्मनी के राजदूत कार्ल वान स्प्रेटी के बदले में कारावास में पड़े २४ आतंकवादियों की मुक्ति के लिए सरकार ने बाधा डाली तो एफ० ए० आर० फिर हत्या करने लिये उद्यत हो गया ।

एक नम्र क्रान्ति

इस प्रकार की घटनाओं की तुलना में अमेरिका की घटनाएँ फिर भी नियंत्रित प्रतीत होती हैं। परन्तु एक वर्ष या उससे अधिक हो गया है, पुलिस, सेना सुविधाओं, निगमों, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं पर लगभग दैनिक रूप से आक्रमण होने लगे हैं, जिससे अमेरिकी समाज व्यथित हो उठा है । १९७० के प्रारम्भ से लगभग ३००० बमबारी की घटनाएँ हो चुकी हैं और ५०००० से अधिक बम लगाने की धमकियाँ दी जा चुकी हैं। कम से कम १६ पुलिस अधिकारी अनुत्तेजक आक्रमणों से मारे गये हैं। पिछले सप्ताह सैन फ्रांसिस्को में, जब कि एक गश्त लगाने वाले व्यक्ति के अन्तिम संस्कार में, जिसकी मृत्यु एक बैंक डकैती के मध्य में गोली लगने से हो गई थी, लगभग ४०० मित्र, सम्बन्धी तथा साथी पुलिसमैन भाग लेने के लिये एकत्रित हुए थे, एक बम फटा और उसके भयंकर कण हवा में उड़ने लगे । आश्चर्य की बात थी कि किसी को चोट न आई । पिछले सप्ताह एक रात्रि को जातिवाद से ग्रसित काहिरा, ३, में सैनिक वेश में २० राइफलधारी काले व्यक्तियों ने ६ घंटे में तीन बार पुलिस स्टेशन पर हमला किया । समीप ही उपद्रवियों ने दो भंडारों में आग लगा दी और जब अग्निशामक दल वहाँ आने में असफल रहा तो गुमनाम व्यक्तियों ने पुलिस तथा अग्निसेवा अधिकारियों को फोन पर कहा, "तुम उन सूअर के बच्चों को यहाँ कब भेज रहे हो ?" सान जोस के पुलिस चीफ रे ब्लैक मूर ने कहा, "आप इस शब्द का प्रयोग करने से घृणा करते हैं, परन्तु जो कुछ हो रहा है वह क्रान्ति का एक उदार रूप है ।"

यह नहीं भूलना चाहिये कि अब भी अधिकतर हिंसा व्यक्तिगत अपराधियों तथा आत्मानुकरणार्थियों द्वारा होती है। आतंकवाद पर रोक शुरू से ही नहीं है । पिछली जुलाई में टैक्सास के लौंग व्यू नामक स्थान पर ३६ स्कूल बसों को उड़ाने के अपराध में एक काला-विरोधी भूमिगत दल, जिसे "दी रेडर्स" के नाम से पुकारा जाता है, के दो सदस्यों को गत सप्ताह में न्यायालय द्वारा दंडित किया गया । ह्यूस्टन की पुलिस अब भी उन बम फेंकने वालों की तलाश में है जिन्होंने उदार पैसीफिका फाउन्डेशन के रेडियो स्टेशन के० पी० एफ० टी० की सुविधाओं को दो बार नष्ट किया ।

दाहक साहित्यशास्त्र

अब भी, पुलिस पर बढ़ती हुई बमबारी और आक्रमण उग्र वामपंथियों का काम है। मोटे तौर पर अमेरिका में इस प्रकार की क्रान्ति में विश्वास करने वाले एक दर्जन उग्रवादी दल होंगे । न तो वे प्रत्यक्ष रूप से किसी केन्द्रीय निर्देश द्वारा संचालित होते

हैं और न ही इनमें युक्तियों की समपदस्थता है। एक सरकारी अनुमान के अनुसार इनकी सदस्य संख्या लगभग ४५०० होगी। विस्कोन्सन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का एक समूह, जिसका नाम "न्यू ईयर्स गैन्ग" है, यह दावा करता है। कि पिछले अगस्त में उसने सेना की सहायता द्वारा संचालित एक अनुसंधान केन्द्र पर बम फेंका और एक भौतिक शास्त्र के अन्वेषक की हत्या की। इस दल ने चेतावनी दी है कि यदि उसकी विभिन्न माँगों को इस सप्ताह के अंत तक पूरा नहीं किया गया तो वह खुली युद्ध-प्रणाली अपनाने और प्रमुख अधिकारियों का अपहरण करने में पहल करेगा। और फिर वैदरमैन भी तो है, जिनकी लम्बी, उन्मत्त करने वाली बमबारी की सूची उन्हें अपयश का भागी बनाती है।

वैदरमैन की भाँति ही ब्लैक पैन्थर्स भी हैं, जिनके १००० सदस्य हैं और जिनको वास्तव में अब तक किये गये कार्यों से अधिक आतंकवादी कार्यवाहियों का दोषी समझा जाता है। यद्यपि न्यूयार्क में १३ व्यक्ति इमारत पर बम फेंकने तथा रेल-पथ को नष्ट करने के षड्यंत्र के अभियोग में विचाराधीन हैं, परन्तु कोई भी पैन्थर आज तक किसी पुलिस के सिपाही की हत्या अथवा बम से किसी स्थान को उड़ाने के अभियोग में दंडित नहीं हुआ। कुछ पैन्थरों ने अधिकारियों के प्रधान कार्यालयों पर आक्रमण कर गोलियां चलाई, परन्तु ऐसे प्रत्यावर्त्तन में केवल वे ही मारे गये। स्वयं उनके कथनानुसार संगठन का शस्त्र एवं गोला-बारूद का भंडार आत्मरक्षा के लिये है और उनके साहित्य में जो व्यंगचित्र हैं वे काले आदमियों को सूहर के समान पुलिस पर मशीनगन चलाते दिखाते हैं। पैन्थरों का साहित्यशास्त्र दाहक एवं अनुत्तरदायित्वपूर्ण है और यह कहना असम्भव है। कि कितने व्यक्ति गम्भीरतापूर्वक "सूहर के बच्चे से दूर रहने की" पवित्र आज्ञा लेते हैं। उनकी स्वयं की घोषणा के अनुसार पैन्थर स्वयं को शहरी छापामार मानते हैं और अमेरिका के बाहर क्रान्तिकारी आन्दोलन के प्रति अपना पारस्परिक दायित्व समझते हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका की नीति सम्बन्धी एक जातीय भिन्नता और एक देश के रूप में उससे सम्बन्धित युवक वर्ग, इन सबको सामाजिक अशान्ति के लिये बहुत कुछ करना है। परन्तु आतंकवाद कुछ अतिप्राचीन एवं अधिक व्यवस्थित समाजों में ही फैलता है। यूरोप के बहुधा पुनः संशोधित मानचित्र तथा उसके वंशानुगत क्लेशों ने अनेक आतंकवादी आन्दोलनों को जन्म दिया है। इटली-आस्ट्रिया की सीमा पर स्थित अल्टो ऐडिज प्रान्त के जर्मनभाषी पृथकतावादियों ने पाँच वर्षों के ऊपर के समय में आस्ट्रिया के साथ पुनः संयुक्तिकरण की अपनी माँग मनवाने के लिये २०० बमों का प्रयोग किया और १० पुलिसमैनों को मार दिया। डचभाषी फ्लेमिंग और फ्रेन्चभाषी वैलून पिछले ५० वर्षों से एक दूसरे के कट्टर शत्रु रहे हैं और अपने प्रयासों में प्राथमिकता पाने के लिये उन्होंने १८ सरकारों को पलटा। फ्रान्स के परित्यक्त प्रान्त ब्रिटेनी में ब्रिटेन लिबरेशन फ्रन्ट यदा-कदा अपने दीर्घकालीन पृथकतावादी आन्दोलन द्वारा पेरिस को ध्यान दिलाने के लिये पुलिस स्टेशन को उड़ा दिया करता है। उत्तरी आयरलैण्ड में कट्टर प्रौटेस्टैन्ट तथा कैथोलिक नवयुवक अब भी १६९० का बोयन युद्ध लड़ रहे हैं; और प्राचीन आयरिश रिपब्लिकन सेना, जिसकी बमबारी तथा

हत्या की आतंकवादी नीतियों ने एक पीढ़ी बाद आजकल के शहरी छापामारों के रूप में जन्म लिया है, उत्तेजना का चिह्न प्रदर्शित कर रही है।

१९६८ के मार्क्सवादी विद्यार्थी आन्दोलन के समय की स्थिति की बजाय महाद्वीप के अधिकांश नगर आज पहले से अधिक शान्त हैं, परन्तु नवीन आतंक के प्रभाव से उनमें उत्तेजना के चिह्न परिलक्षित हो रहे हैं। १९७० के प्रथम पाँच महीनों में पेरिस की पुलिस ने एक माओवादी दल की, जिसे प्रोलेतेरियन लेफ्ट के नाम से पुकारा जाता है, ८२ आतंकवादी कार्यवाहियों को पकड़ा। इस ग्रीष्म में, इसने अपने, "धनी व्यक्तियों के लिये कोई दीर्घकालीन अवकाश नहीं" कार्यक्रम के अनुसार रिवेरा आश्रय-स्थलों पर तोड़-फोड़ के आक्रमण किये। दार्शनिक ज्आँ पाल सात्र इस २००० सदस्यीय दल का सदस्य है और अपने एक समाचार-पत्र का सम्पादन करता है, परन्तु उसके प्रयासों की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया, क्योंकि जब से सात्र ने लिखना शुरू किया पुलिस ने उन सब अंकों को जब्त कर लिया।

विश्व के सबसे अधिक प्रत्यक्ष छापामार फिलिस्तीनी हैं। मरुस्थलीय खेमों में रहने वाले इन लोगों को मुश्किल से ही शहरी कहा जा सकता है, जहाँ से वे इजरायली ठिकानों पर आक्रमण करते हैं और इज़रायली नगरों को तोड़-फोड़ करने के उनके प्रयास अद्वितीय रूप से असफल रहे हैं। परन्तु फदायीन ने वायुयानों की डकैती में काफी सफलता प्राप्त की है। उन्होंने ऐसा निष्कर्ष निकाला प्रतीत होता है कि ऐसी नीतियाँ प्रति-रचनात्मक होती हैं। फिलिस्तीन की मुक्ति के लिए निर्मित उग्रवादी सार्वजनिक मोर्चा के नेता जार्ज बाश को मालूम पड़ा है कि वायुयान की डकैतियों के मामले में काफी सन्तुष्ट करा लिया गया है। फिर भी, वे अन्य आतंकवादियों को आधुनिक शिल्पकला सम्बन्धी शक्ति को ग्रहण कर तथा विश्व को बलपूर्वक धन देने के लिये कष्ट देकर लड़ने के लिये प्रेरित करते हैं। वे अन्य आतंकवादी दलों के एक आदर्श और प्रशिक्षक के रूप में भी कार्य करते हैं।

विश्वव्यापी परपरागण

नया आतंक जो बहुधा संक्रामक रोग की तरह प्रतीत होता है। उसका एक कारण व्यूह-रचना में समानता होना है। समस्त छापामार वही माओ, चे अथवा कारलोस मारीगेला के मूल सूत्रों का ही अध्ययन करते हैं। तुरन्त संचार व्यवस्थाओं ने, अधिक मात्रा में, एक प्रकार से मौलिक सिद्धान्तवाद के विश्वव्यापी परपरागण की गारन्टी दे दी है। हारवर्ड स्थित गवर्नमेन्ट सेमूर के प्रोफेसर मार्टिन लिपसेट एक समय की बात कहते हैं, जब उन्होंने दक्षिण अमेरिका के एक क्रान्तिकारी से पूछा कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका के विकास कार्यों से सम्पर्क रखता है, तो उसने उत्तर दिया, "हम टेलीविजन देखते हैं। बर्कले में हुई प्रत्येक घटना को हमने देखा था।"

एक प्रकार के संक्रामक रोग की तरह अथवा मनोवैज्ञानिक संभावना की अपेक्षा छापामार दलों में यद्यपि षडयंत्र-रचना में एकरूपता कम दिखाई देती है, फिर भी

इस बात के प्रमाण हैं कि अमेरिका के पैन्थर्स जैसे संगठन तथा फिलिस्तीनी छापामार न केवल विचारों और नैतिक सहयोग का आदान-प्रदान करते हैं वरन् आर्थिक सहायता भी करते हैं। ऐसे स्थानों की कमी नहीं है जहाँ कई महाद्वीपों के छापामार एक साथ न मिल सकते हों। क्यूबा में १९६१ से फिडेल कास्ट्रो के सेरा माएस्ट्रा गुरिलेरो कैम्पों में ५००० से अधिक विदेशी रंगरूटों ने तोड़-फोड़ करने, बम बनाने और हत्या करने की कला को सीखा है। कास्ट्रो के अधिक प्रशिक्षार्थी लैटिन अमेरिका से आये थे, परन्तु संयुक्त राज्य अमेरिका के भी काफी संख्या में प्रशिक्षार्थी थे। क्यूबा में आने वाले अमेरिकन वैदरमैनों में मार्करूड, बरनडइन डोहर्न तथा डियाना औफटन एवं टैड गोल्ड नामक दो भावी नगर विध्वंसक भी थे, जो कि गत मार्च में ग्रीनविच विलेज के देहाती घर के उड़ जाने से मारे गये, जिसका प्रयोग वह बम बनाने के कारखाने के रूप में करते थे।

काले सिद्धान्तवादियों ने भी हवाना को अपना केन्द्र बनाया। १९६७ में क्यूबा में हुए एक सम्मेलन में भूतपूर्व एस० एन० सी० सी० नेता स्टोकले कारमाइकेल ने घोषणा की, "अमेरिका पतन की ओर जा रहा है और मैं यह देखने के लिये अधिक जीवित रहना चाहता हूँ।" ऐंगेला डेविस, जो आजकल न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में हत्या तथा अपहरण का अभियुक्त है, भी जुलाई १९६९ में कास्ट्रो से मिला था।

चुनने योग्य हत्या

अल्जीरिया के कर्नल होआरी बोमेदिन को गम्भीर पर्यटक क्रान्तिकारियों के प्रस्तावित नियमों को देखने में काफी प्रसन्नता होती थी, परन्तु प्रत्यक्ष रूप से उन्होंने यह कभी सहसूस नहीं किया कि डोहर्न और लियरी भी उसी श्रेणी के व्यक्ति थे। सप्ताहान्त का समाचार है कि उन दोनों को अल्जीरिया छोड़ने को कहा गया है और अब वे एक अन्य छापामार प्रशिक्षण भूमि जोर्डन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने अम्मान के बाहर शिविरों में पश्चिम जर्मनी, निकारागुआ और अमेरिका के सिद्धान्तवादियों को प्रशिक्षण दिया है। एक कनाडी पत्रकार, जो जोर्डन के पहाड़ों में छापामार शिविरों की सैर कर रहा था, को दो मान्ट्रियल निवासी नवयुवकों को देखकर आश्चर्य हुआ जो बदोइन शीर्ष आभरण पहने हुए "चुनने योग्य हत्या की कला" को सीख रहे थे। ये दोनों नवयुवक, जो एफ० एल० क्यू० के सदस्य हैं; यह सोचते थे कि भाषा तथा अनभिज्ञ सोवियत शस्त्रों की समस्याओं का मूल्य, इस सैनिक प्रशिक्षण के लिये जिसे वे वापस जाकर सरलतापूर्वक अभ्यास में ला सकते हैं, नगण्य था। अभी हाल में ही आठ पैन्थरों ने अम्मान के निकट एक फिलिस्तीनी कमांडो प्रशिक्षण शिविर में बमबारी तथा सड़क पर युद्ध करने की कला का ६ सप्ताह तक उपदेश ग्रहण किया है। संयुक्त राष्ट्र मिशन में नियुक्त न्यूयार्क स्थित अरबों ने इन्हें प्रशिक्षण दिया। समाचार मिला है। | कि इन्हीं अरबों ने उत्तरी न्यूयार्क राज्य में पैन्थर्स के लिये आतंकवादी प्रशिक्षण का आयोजन किया था। ऐसी जानकारी भी मिली है कि इन पैन्थरों को उत्तरी कोरिया तथा अरब छापामार संगठनों से उनके

निवासित सूचनामन्त्री क्लोवर द्वारा धन भी प्राप्त हुआ है।

ये शहरी छापामार कौन हैं ? किसी भी सरकार ने इस एकपक्षीय चित्र के यथाक्रम विकास का प्रयास नहीं किया। साधारण रूप से, एक अमेरिकन सरकारी विशेषज्ञ के अनुसार ऐसे सदस्य विभिन्न श्रेणियों में आते हैं। भूमिगत कार्यों में कुछ साहसी होते हैं, कुछ विक्षिप्त होते हैं और कुछ लोग माक्र्सवादी लाभदायक मूर्खों की तरह होते हैं। अधिक स्पष्ट रूप से यदि कहें तो छापामार एक कठोर अपराधी से मज़दूर तक, जनता के विलक्षण तथा धर्मान्ध बालकों से लेकर अधिक योग्यता एवं साहस वाले व्यक्ति की श्रेणी में विभाजित हैं।

फिर इन्हें इतना तुच्छ कौन बनाता है ? निस्संदेह, आधुनिक नगर की क्रूर परिस्थितियां ऐसी भावनाओं में योग देती हैं जिससे शहरी आतंकवादी बहुधा पहचान लिया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में उसमें विदेशीपन की भावना तीव्रतर होती है और फिर उसके लिये अपनी हिंसा का लक्ष्य बनाने तथा "सूहर के बच्चों" का अस्तित्व नष्ट करने में सरलता हो जाती है। बेरूत स्थित अमेरिकन विश्वविद्यालय के इतिहासकार हीशाम शाराबी के मतानुसार किसी आतंकवादी को परखने के दो तरीके होते हैं। सहानुभूतिपूर्ण प्रस्तावना के अनुसार मनुष्य ऐसी निराशा से पराजित हो जाता है जिसमें वह परम्परागत साधनों से कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकता और उसके प्रसार पर समाज में दृढ़ रूप से स्थापित आचार संहिता अलगाव के रूप में हावी हो जाती है। विपरीत प्रस्तावना के अनुसार एक साधारण व्यक्ति को उसके बाल्यकाल के अनुभव, शारीरिक शक्तिहीनता अथवा असमर्थता को देखना चाहिये।

यू० सी० एल० ए० के चाल्र्स बहल जैसे मनोवैज्ञानिक कठोर मत के पक्षपाती हैं। बहल कहते हैं, "सब क्रान्तिकारियों के पिता थे जो इस या उस चरम स्थिति में थे : कठोर, क्रूर और अन्यायी या दुर्बल, डाँवाडोल, प्रभावहीन और बिल्कुल शून्य। लड़का पिता से घृणा करते हुए, पुलिसमैन, पूँजीवाद तथा संस्थानों से टक्कर लेता हुआ बड़ा होता है।" बहल कहता है कि वह बिना किसी दोष के हत्या भी कर सकता है। बहल आगे कहता है कि बहुत से क्रान्तिकारी अपर्याप्तता की कठोर भावना से पीड़ित होते हैं और फिर उन्हें साधारण से अधिक कुख्याति की आवश्यकता होती है। इस मत को मानते हुए डी पाल विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान शास्त्री टामस मिल बर्न अनेक आतंकवादियों में "इकारस मिश्रण" की बात कहते हैं— यदि आप पृथ्वी पर गिर भी जायें तो समझिये कि आपने कोई चमत्कारी प्रयोग किया है।

इतिहासकार शाराबी दृढ़तापूर्वक कहता है कि फिलिस्तीनी हवाई डाकू मनोवैज्ञानिक पीड़ा तथा ऐसी निराशा से पीड़ित नहीं होते जिसका शाब्दिक अर्थ उसके अन्त में ही उचित होता है। पी० एफ० एल० पी० की बादाम जैसी आंखों वाली लैला खालेद, जिसने दो हवाई डकैतियां की हैं, का एक ज्वलन्त उदाहरण है। जब लैला और उसके एक साथी ने सितम्बर मास में एक EIAI ७०७ पर अधिकार करने का प्रयत्न किया तो ई० आई० ए० आई० के रक्षकों की बन्दूकों ने इनको स्तब्ध कर दिया। (लैला का साथी इसमें मारा गया) अब बेरूत में वह नीचा टोप और तंग स्लैक

में बड़ी शान से रहती है । लैला इ० आइ० ए० आइ० के रक्षकों को पूर्ण रूप से घृणा करती है। पिछले सप्ताह उसने "टाइम" के प्रतिनिधि से शिकायत की थी कि उन लोगों में उत्तरदायित्व की भावना बिल्कुल नहीं है। "केबिन के ऊपर गोलियां चल रही थीं । वे बिल्कुल निर्दयी थे।"

जहां तक उसके स्वयं के कार्यों का सम्बन्ध था, खालेद ने संवाददाता स्काट से कहा, "यदि हम बम फेंकते हैं तो यह हमारी जिम्मेदारी नहीं है । तुम एक बच्चे की मौत की परवाह करते हो, परन्तु सारा संसार फिलिस्तीनी बच्चों की मौत की २२ वर्षों से अवहेलना करता रहा है । हम इसके लिये उत्तरदायी नहीं हैं।"

दोहरा खतरा

शहरी छापामारों की धमकियों को सरकारें किस प्रकार सामना करें । ब्राजील के कठोर उत्तर ने आतंकवादी व्यवसाय के कुछ कट्टर व्यक्तियों को समाप्त कर दिया है और यह समझना भी कठिन नहीं है, क्योंकि गत सप्ताह एक ब्राजीली अधिकारी ने स्पष्ट करते हुए कहा, "जबकि हम आतंकवादी अड्डे पर हमला करते हैं तो हमें दो गुनी सेना की आवश्यकता होती है। हम इतना प्रचंड प्रदर्शन करते हैं कि जनता समझ लेती है कि इसके अतिरिक्त और कोई मार्ग नहीं है । सेवा-निवृत्त पुलिस तथा सैनिकों ने भी "मृत्यु दस्तों" का निर्माण कर लिया है और वे भिज्ञ आतंकवादियों की तलाश करते हैं और उन्हें नष्ट करते हैं।"

कनाडा तथा उरूग्वे ने भी निर्णयात्मक कदम उठाये हैं, परन्तु वैधानिक सीमा के अन्दर ही ऐसा किया गया है, यह अच्छी तरह जानते हुए कि यदि संविधान को छिन्न-भिन्न किया गया तो इससे आतंकवादी ब्राजील जैसी परिस्थितियाँ उत्पन्न कर देंगे और वास्तविक रूप में अव्यवस्था फैल जायेगी । ओटावा में, उदो का मंत्रिमंडल वार मेज़र्स एक्ट के स्थान पर नये कानूनों का निर्माण कर रहा है जिससे नागरिक अव्यवस्था के विरुद्ध प्रभावशाली कार्यवाही की जा सके। मई १९६८ की उथल-पुथल को ध्यान में रखते हुए फ्रांस की सरकार ने अपनी पुलिस फोर्स को मजबूत किया है और एक कठोर प्रदर्शन विरोधी कानून का निर्माण किया है जिसे "ऐन्टीरेकर" कानून कहते हैं। इस कानून के अन्तर्गत पुलिस किसी भी व्यक्ति को गैर कानूनी प्रदर्शन करते हुए पकड़ सकती है।

शहरी छापामारों के विरुद्ध इन कुछ विदेशी प्रतिक्रियाओं की तुलना में केवल दमन की कोरी बातें करते हुए अमेरिका बहुत उदारता से चल रहा है। निश्चय ही अमेरिका की वास्तविक राजनैतिक स्थिति को देखते हुए कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति इतनी सरलता से युद्ध-कालीन शक्ति ग्रहण नहीं कर सकता था जैसी कि त्रुदो ने संक्षिप्त समय में करके एक सैनिक विरोधी गुट को गैर कानूनी घोषित करा दिया। अमेरिका में अभी हाल में निर्मित आरगेनाइज़्ड क्राइम कन्ट्रोल लाँ के अन्तर्गत अधिकारीगण एक शहरी छापामार के विरुद्ध कठोर क़दम उठा सकते हैं । अन्य

बातों के साथ यह कानून संघीय जॉच ब्यूरो को पुलिस पर बमबारी तथा आक्रमण और ऐसे मामले, जो पिछली बार संघीय अधिकारियों द्वारा सामान्य रूप से नहीं देखे गये, की जाँच करने के लिये स्पष्ट अधिकार प्रदान करता है। एक मामले में अमेरिकी अधिकारियों ने कठोर रुख अपनाने का हठ भी किया । यदि किसी अधिकारी अथवा विदेशी कूटनीतिज्ञ का अपहरण हो जाता है तो उनका विचार है कि वे मुक्ति के लिये दिये जाने वाले धन की माँग को ठुकरा देंगे और आतंकवादियों को पुनः ऐसा करने में निरुत्साहित कर सकेंगे। ऐसी परिस्थितियों में कठोरता की वास्तविक आवश्यकता की अपेक्षा किसी भी जनतांत्रिक देश को कठोर तथा दुर्बल प्रतिक्रियाओं का सामना करना पड़ता है। केवल वे ही देश, जहाँ पूर्ण निरंकुश शासन है, इस आतंक से स्वयं को प्रतिरक्षित कर सकते हैं। इस प्रकार आतंक पर विजय प्राप्त करने से क्या लाभ जहाँ पुलिस को स्थायी रूप से अधिक अधिकारों से सुसज्जित कर दिया जाय और जनता के स्थायी अधिकारों को कम करा दिया जाय । वास्तव में अनेक छापामार ऐसा ही चाहते हैं; सरकार का दमन जिससे व्यापक असन्तोष फैले और अन्त में क्रान्ति हो जाय । शहरी छापामारों के विरुद्ध एक सुरक्षित एवं आत्मविश्वासी समाज ही अन्तिम अस्त्र है जो कि आतंकवादियों के तरीकों का आश्रय न लेकर स्वयं ही शत्रुओं का सामना कर सकता है।

मैनहटन स्थित क्रिमिनल जस्टिस के जान जे कालेज में, जहाँ न्यूयार्क के पुलिस अधिकारियों को उदार कला का प्रशिक्षण दिया जाता है, कानून के प्रोफेसर इसाडोर सिल्वर का तर्क है कि अमेरिका ने अभी तक किसी कठिनाई का सामना नहीं किया है, क्योंकि आतंकवादियों ने जो कुछ भी किया है वह अन्य कार्यों की तुलना में अधिक लाक्षणिक है । वे पुलिस स्टेशनों, संगठित प्रधान कार्यालयों, अन्वेषण प्रयोगशालाओं पर आक्रमण करते हैं, परन्तु अधिकतर वे ऐसा करने की पूर्व सूचना दे देते हैं । सिल्वर का कहना है, "यह ऐसा है मानो वह अपनी अन्तिम निराश चीख सुना रहे हों : भाड़ में जाय, हमारी तरफ कुछ ध्यान दो !"

ध्यान दो

अमेरिका उनकी ओर अधिक ध्यान दे रहा है, उनकी अति की ओर भी और उनकी निराशा के मूल कारणों की ओर भी, यदि वह वास्तव में निराशा है तो । वास्तव में, कुछ विद्वानों का यह विश्वास है कि मौलिक सिद्धान्तवादियों का आन्दोलन अमेरिका में अब अपनी चरम स्थिति पर पहुँच गया है। हारवर्ड के सेमूर लिपसेट का कथन है, "आतंकवाद आन्दोलन के अन्त के प्रारम्भ का संकेत हो सकता है।"

निस्सन्देह वह समय अब बहुत दूर नहीं है जबकि अमेरिका में शहरी छापामारों के अन्त की घोषणा होगी। देर सबेर, आतंकवादी स्वयं उस उपदेश की ओर अधिक ध्यान देंगे जो उनके नेता माओ त्से तुंग ने उन्हें दिया है। माओ ने लिखा था, "छापामार युद्ध का अन्त अवश्य होना चाहिये । यदि उसके राजनीतिक लक्ष्य जनता की महत्वाकांक्षाओं और सहानुभूति से मेल नहीं खाते, तो उन्हें सहयोग और सहायता

कभी नहीं मिल सकती।"

एक त्रुटिपूर्ण विश्वास

बहुधा यह कहा जाता है कि सशस्त्र सेना में काम करने वाले व्यक्ति के मस्तिष्क में केवल एक ही बात होती है–निस्संदेह रूप से आज्ञापालन करना न कि कारण पूछना।

यह कहावत वास्तव में ग़लत है, क्योंकि आत्म-बलिदान एवं नेतृत्व के गुण मूर्खों में नहीं हो सकते। आदेशों का पालन करने एवं उनकी उलझनों को समझने के लिये उच्च कोटि की योग्यता का होना आवश्यक है। केवल योग्यतापूर्ण सहयोग से ही अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। यदि आदेश ग़लत समझ लिये जायें तो वे विनाश कर सकते हैं। इससे सेना नष्ट हो सकती है और देश अपमानित।

प्रत्येक व्यवसाय की अपनी योग्यता एवं सीमाएँ होती हैं। आधुनिक विश्व में सशस्त्र सेनाओं में प्रवेश करते समय गुणों की सावधानीपूर्वक जाँच होना आवश्यक है। ये गुण नेतृत्व, आदेश में विश्वास, आत्म-बलिदान, आज्ञापालन, तार्किक कारण एवं स्पष्ट समझने की भावना के हैं। यदि किसी राष्ट्र की रीढ़ मूर्खों का समूह है तो राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता।

एक सिपाही को अन्य से एक अच्छा नागरिक होना चाहिये। सैकड़ों अवसरों पर राज्य के सामान्य नागरिक से अधिक उच्च स्तर पर उसे स्वयं पहल करनी पड़ती है। उसके मनोवैज्ञानिक उत्तर, व्यावहारिक गुण, कारण, प्रभाव व कानून को समझने की गहन शक्ति उच्च कोटि की एवं लाभदायक होनी चाहिये। आधुनिक शस्त्रों के प्रयोग के लिये यथेष्ट योग्यता, स्वाभाविक विचार एवं प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है।

एक आधुनिक सिपाही को न केवल पुस्तकें पढ़कर अपनी व्यावसायिक योग्यता एवं सामान्य ज्ञान में वृद्धि करना है अपितु उसके व्यवसाय की कला एवं विज्ञान उसे अधिक सचेत रहने, मौलिक विचार रखने और सबसे ऊपर निरीक्षण करने की तीव्र शक्ति रखने का आह्वान करती है।

पर्याप्त रूप से बिना उचित अग्रिम मूल्यांकन एवं बुद्धिमतापूर्ण योजना के, जिसमें समय और स्थान दोनों की समस्या के प्रति पूर्व विचार तथा साथ ही वास्तविक कार्यप्रणाली की व्यवस्था की आवश्यकता होती है, किसी भी समस्या का सामना करने का प्रश्न ही नहीं उठता। यह सुरक्षात्मक एवं आक्रमणात्मक दोनों परिस्थितियों में लाभदायक है और इसमें अधिक दक्षता एवं दूरदर्शिता की आवश्यकता होती है। विज्ञान के इस विकास युग में स्थानीय युद्धों में प्रयोग के लिये और साथ ही साथ छापामार युद्ध-प्रणाली के विकास से सशस्त्र सेनाओं के सदस्यों की बुद्धि एवं साधन-सम्पन्नता पर दोहरा भार आ पड़ा।

समाज में रहना और उसका एक सदस्य समझना एक सफल फोर्स के आवश्यक

गुण हैं । व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से फोर्स के सदस्यों में दृढ़ सामान्य बुद्धि, व्यवहारकुशलता, विवेक, पूर्व विचार एवं पहल करने की शक्ति तथा जीवन और उसके कार्यों का ज्ञान होना आवश्यक है । उन्हें राष्ट्र को एक यूनिट के रूप में सावधान रखना है तथा उसके जीवन एवं समस्याओं पर पर्याप्त नियंत्रण रखना है और उनका सामना इस ढंग से करना है कि उनके व्यावसायिक कार्यों से अभियान क्षेत्र में कम से कम हानि पहुँचे ।

आजकल सशस्त्र सेना में ये गुण तथा दूसरी बातें जिनका होना आवश्यक है मूढ़ बुद्धि वाले मनुष्यों द्वारा प्रदर्शित नहीं हो सकती।

–ताराचन्द चाहर

हिंसक भीड से सामना करते समय

स्वयं हिंसक मत बनो । समय-समय पर फोर्स के सदस्यों को सलाह देने का यही तात्पर्य है । आशय यह है कि हमारे ऊपर भी उसी उग्र स्वभाव, उत्तेजना, उपद्रव तथा युद्ध के कार्यों का प्रभाव न पड़े जिनसे कि, भीड़ जकड़ी हुई है। यदि वे व्यक्ति, जिन्हें कि अविनीत भीड़ पर नियंत्रण करना है, स्वयं अनियंत्रित हो जायें तो फिर अराजकता की स्थिति उत्पन्न होने में कोई देर नहीं लगेगी।

यह भावना अधिकारियों एवं कर्मचारियों में निरन्तर रहनी चाहिये । फोर्स के पूर्व-निर्धारित कर्त्तव्यों के साथ, जिनमें मुख्यतः राष्ट्रीय सीमाओं पर नियुक्ति तथा मणिपुर, नागालैण्ड, मिजो हिल्स एवं अन्य ऐसे ही क्षेत्रों में सशस्त्र राजद्रोही तत्त्वों को वश में करना है, साम्प्रदायिक उपद्रवों से उत्पन्न हिंसक नागरिक अव्यवस्था, श्रमिक अशान्ति, हड़ताले तथा राजनैतिक दलों एवं उनके अनुयायियों द्वारा मोर्चों तथा प्रदर्शनों को निरन्तर रूप से नियंत्रित करने का भार भी इसे सौंप दिया गया है। यह अति आवश्यक है कि फोर्स के समस्त सदस्य शहरी एवं घने बसे हुए देहाती क्षेत्रों की तथा एक स्वतंत्र, जनतांत्रिक समाज की, उनकी परिस्थितियों के अनुसार, आकांक्षाओं एवं उचित मांगों को समझने में एकबद्ध हों ।

ऐसी परिस्थितियाँ स्वतंत्रता के पूर्व-काल में भी उत्पन्न हुई थीं, परन्तु उनका समाधान सरलतापूर्वक हो गया था। उस समय की स्थिति पुलिस राज्य के समान थी जिसमें प्रशासन को समस्त राजनैतिक आन्दोलनों को कुचलकर ताज की प्रभुसत्ता स्थिर रखनी पड़ती थी चाहे इसके लिये आवश्यकता पड़ने पर सीमित नागरिक अधिकारों को संक्षिप्त करने के लिये कोई भी उपाय क्यों न करने पड़े । स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ ही प्रभुत्वसम्पन्न लोकतंत्रात्मक भारत गणराज्य का संविधान निर्मित हुआ जिसमें राज्य के लिये मौलिक अधिकारों तथा नीति-निर्देशक सिद्धान्तों के प्रतिपादन की गारंटी दी गई है। प्रत्येक सरकारी अंग, विशेषतः पुलिस को, इन निर्देशित सिद्धान्तों को ध्यान में रखना चाहिये । राजनैतिक एवं सामाजिक दर्शन द्वारा प्रोत्साहित इन निर्देशित सिद्धान्तों ने राज्य के समस्त कार्यकलापों को प्रभावित किया

है जिसने उचित रूप में क्रूरता की सम्पूर्ण प्रवृत्तियों को कम कर दिया है। इस प्रकार पुलिस की सर्वांगीण कायाकल्प की आवश्यकता एक सर्वोच्च महत्व का मामला बन गया है। इसके विपरीत विचार प्रकट करने, संगठित होने तथा कुशलतापूर्वक कष्ट-निवारण हेतु आन्दोलन करने की स्वतंत्रता, जो उन दिनों केवल स्वप्नमात्र थी, अब उनका आग्रह दबी हुई भावनाओं के अचानक मुक्त होने जैसे उत्तेजित वातावरण में किया जाता है जिससे पुलिस का कार्य और भी कष्टसाध्य हो जाता है।

पुलिस का कर्त्तव्य दोनों से कठिन हो गया है। एक ओर उन्हें उत्तेजित एवं अनियंत्रित स्वभाव की जनता का ध्यान रखना पड़ता है तो दूसरी ओर राजकीय प्रतिनिधियों की अत्याज्य एवं मर्यादित प्रतिक्रिया को देखना पड़ता है। यद्यपि यह उचित है, फिर भी दुर्भाग्य से स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् आकस्मिक रूप से जनतांत्रिक भावना के मुक्त होने के परिणामस्वरूप नागरिक अव्यवस्थाओं में अधिक वृद्धि हुई है। चौंकाने वाली इन अव्यवस्थाओं में वृद्धि अधिक मात्रा में हुई है। प्रचुर मात्रा में व्यावसायिक संस्थानों का जन्म, शिक्षा प्रसार, पंचायती राज तथा सहकारी आन्दोलन जैसी जनतांत्रिक संस्थाओं के विकास, वयस्क मताधिकार और किसी न किसी संस्था का निरन्तर निर्वाचन, इन सभी से जनता में जाग्रति सी हो गई है और वह उपस्थित एवं विश्वसनीय अधिकारों के प्रति धैर्यहीन सी हो गई है। अनगिनत संख्या में राजनीतिक दलों का उदय हुआ है, और कुछ नेताओं ने तो जनता के वर्गों में भाषायी एवं साम्प्रदायिक मतभेद उत्पन्न करने में काफी योग दिया है। भूमि पर जनसंख्या का भार भी बढ़ता जा रहा है। श्रमिक एवं कृषक वर्ग अपने अधिकार एवं सुविधाओं के प्रति अधिक जाग्रत हुए हैं और वे अधिक वेतन, अधिक आराम और काम की अच्छी शर्तों के लिये नित्य आवाज उठाते हैं।

प्रत्येक राज्य में, जहाँ परिस्थिति गम्भीर एवं संकटपूर्ण हो जाती है, चाहे वह साम्प्रदायिक उत्तेजना से हुई हो अथवा अनेक दलों के मतभेदों द्वारा या अपने प्रभावी क्षेत्रों में राज्य के यंत्रोपकरण के सामान्य संचालन की पूर्ण उपेक्षा एवं राज्यतंत्र के चरित्रहनन के कारण उत्पन्न हुई हो, स्थानीय विधि एवं व्यवस्था की स्थापना हेतु के०रि०पू० फोर्स को दिन-प्रतिदिन सहायता में वृद्धि करनी पड़ रही है। यद्यपि के० रि० पु० फोर्स उन स्थानों पर नहीं जाती जहाँ पर कि राज्य की पुलिस योग्यतापूर्वक परिस्थिति सम्हाल लेती है, परन्तु आवश्यकता पड़ने पर यह शान्ति स्थापित करने में कोई कसर नहीं उठा रखती। वास्तव में अनेक अवसरों पर यह देखा गया है कि उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों में फोर्स के आगमन मात्र से ही स्थानीय फोर्सों तथा जनता में विश्वास की भावना भर जाती है। अपनी पूर्ण योग्यता के अनुसार यह भयंकर विधि एवं व्यवस्था की परिस्थिति को नियन्त्रित करने में सहायक होती है और साथ ही जनता की सहानुभूति भी अर्जित करती है।

वांछित ढंग से ऐसी गम्भीर परिस्थितियों का सामना करने के लिये स्थानीय अधिकारियों की सहायता हेतु फोर्स के प्रशिक्षण एवं विचारों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रगतिशील सामाजिक परिवर्त्तन एवं नागरिक स्वतंत्रता में वृद्धि समाजसेवा

के निोश्चेत दशेन को प्रातेपाादेत करते हैं। संभवतः इस दशेन का उल्लेख, "जनता को नियमों के परिपालन में सहायता देने की इच्छा, अभागे अपराधियों का अनावश्यक अवनमन, असुविधा एवं पीड़ा से रक्षा, अपराध से असम्बन्धित अपराधी के प्रति कठोर होना परन्तु साधारण अपराधों में न्याय तथा उदारता की भावना रखना, यदि चेतावनी यथेष्ट हो तो बन्दी न बनाना, कभी धमकी न देना वरन् सूचित एवं प्रार्थना करना," इन शब्दों में किया जा सकता है।

कठोर एवं कानून के एक अत्यन्त भाग्यशाली व्यक्ति के रूप में पुलिसमैन की प्राचीन कल्पना अब निश्चित रूप से समाज एवं व्यक्ति के एक मित्र तथा निर्बल के सहायक के रूप में परिवर्त्तित हो गई है।

आजकल अनेक अवसरों पर अधिशासी अधिकारियों को परिस्थितियों का सामना करने के लिये बुलाना पड़ता है और उन्हें स्वयं परिस्थिति का मूल्यांकन कर उससे निपटने के लिये उपाय और साधन खोजने पड़ते हैं। बहुधा ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो जाती है जहाँ विरोधी तत्त्व जनतांत्रिक एवं वैधानिक अधिकारों की रक्षा की माँग करते हैं। घेराव इस प्रकार की एक विशिष्ट परिस्थिति है। एक पक्ष की माँग चाहे कितनी ही उचित क्यों न हो, परन्तु यह कानून के विरुद्ध है कि अपनी माँगों को पूरा कराने के लिये घेराव द्वारा किसी दूसरे पक्ष की गति की स्वतंत्रता को अवरुद्ध किया जाय। घिरे हुए व्यक्ति को भी ऐसी परिस्थिति में रक्षा प्राप्त करने का कानूनी अधिकार है और स्वभावतः अधिकारी को घटनास्थल पर अपने विवेक का प्रयोग करना पड़ता है।

भीड़ का सामना करते समय उस गम्भीर परिस्थिति में घटनास्थल पर उपस्थित अधिकारी द्वारा तत्सामयिक परिस्थिति का मूल्यांकन करना तथा किस प्रकार भीड़ को नियंत्रित अथवा आवश्यकता हो तो तितर-बितर किया जाय, यह निश्चय करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। ऐसी परिस्थिति में आग्नेय अस्त्रों के प्रयोग की उपेक्षा भी संभव नहीं होती जब कि पुलिस के समक्ष जन, सम्पत्ति एवं शस्त्र खतरे में हों और गोली चलाने के सिवाय और कोई चारा न हो। ऐसी परिस्थिति को उभरने से रोकने के लिये यह उपयुक्त समझा गया है कि सिवाय आवश्यक अन्तिम उपाय के गोलीबार की यथाशक्ति अवहेलना की जाय।

प्रत्येक परिस्थिति में भीड़ की चित्त-वृत्ति एवं स्वभाव को समझना आवश्यक है। कोई भी व्यक्ति, जो परिस्थिति को नियंत्रित करने के लिये नियुक्त किया जाता है, उसके शान्त व्यक्तित्व के समस्त गुणों का प्रदर्शन संभवतः उसी समय होता है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस कर्मचारी के प्रशिक्षण के लिये जिन गुणों की आवश्यकता होनी चाहिये, वे हैं: —

(१) उत्तेजनात्मक शब्दों एवं कार्यों पर समस्वभाव एवं भावनात्मक स्थिरता द्वारा रोक।
(२) एक सुन्दर व्यवहार और कुशल एवं उचित आचरण।
(३) राजनीतिक एवं साम्प्रदायिक प्रवृत्तियों एवं पक्षपात से मुक्त।
(४) उन कानूनी अधिकारों का ज्ञान जो उनमें निहित हैं और आवश्यकता पड़ने

पर उसके उपयोग करने के साधन एवं मार्ग।

(५) अपने उपयोग के शस्त्रों के बारे में तथा सही ढंग से उनके प्रयोग करने की जानकारी।

(६) व्यवहारकुशलता एवं प्रोत्साहन।

(७) कठोरता एवं विश्वास के साथ बिना किसी द्वेष, पक्षपात एवं व्यक्तिगत प्रतिशोध की भावना से अपने अधिकारों के प्रयोग करने की योग्यता।

(८) एक स्पष्ट भावना कि फोर्स का कार्य ग़लत आदमी को दंडित करना नहीं, वरन् परिस्थिति को सामान्य बनाना है।

(९) आवश्यकता से अधिक किसी भी परिस्थिति में बल-प्रयोग न करना।

जनता के कुछ वर्गों की यह धारणा है कि पुलिस को गोलीबार पूर्ण रूप से त्याग देना चाहिये। कुछ समय पूर्व राष्ट्रीय राजनीतिक दल की एक समिति ने उन परिस्थितियों का अध्ययन किया जिनके अन्तर्गत अनियमित भीड़ को छिन्न-भिन्न करने के लिये पुलिस का बल-प्रयोग न्यायोचित माना जा सकेगा। उसका विचार है—पुलिस को किसी भीड़, सभा अथवा जुलूस को छिन्न-भिन्न करने के लिये बल-प्रयोग नहीं करना चाहिये चाहे वह अनियमित ही क्यों न हो जब तक कि जनता के सामान्य जीवन तथा सुविधाओं में अधिक गतिरोध उत्पन्न न हो जाय; दूसरे जब तक कि भीड़ के कार्यों से व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक सम्पत्ति को गम्भीर हानि न पहुँचती हो; तीसरे जब तक भीड़ अथवा उसका कोई भी सदस्य घातक शस्त्रों से युक्त न हो; चौथे जब तक कि विरोधी संगठनों द्वारा, यदि वे तुरन्त छिन्न-भिन्न न कर दिये जायें, शत्रुतापूर्ण एवं हिंसा की भावना को धारण न कर लिया जाय जिससे कि उपद्रव अनिवार्य हो जाय।

हाँ, अवरोध एवं सावधानी। परन्तु यदि यह पथ-प्रदर्शक पंक्तियाँ पुलिस द्वारा पूर्ण रूप से अनुगमन की जायँ तो उसे धैर्यतापूर्वक कानून की अवहेलना होते हुए देखना पड़ेगा जब तक कि परिस्थितियाँ सम्भवतः नियंत्रण से बिलकुल बाहर न हो जायँ।

-एम० वाधवा

वायु सुरक्षा

स्वधर्म पि चावक्ष्ये न विकम्पितु मर्हिसि

धम्र्याद्धि युद्धाद्धे योऽन्यत् क्षत्रियस्य न विद्यते।

ऐसा प्रतीत होता है कि युद्ध जीवन का एक मान्य तथ्य है और मनुष्य जाति की परम्परा के अनुकूल है।

वर्तमान युद्ध-प्रणाली में वायुयान एक प्रमुख अंग है। जिस देश को वायु श्रेष्ठता प्राप्त है वह सीमित सैनिक शक्ति एवं अन्य प्रसाधनों के उपरान्त भी सशक्त है। इस

तथ्य का आभास उसके आप्रेय रूप में अभी हाल में हुए संयुक्त अरब गणराज्य तथा इजरायल युद्ध में मिल चुका है।

युद्धकाल में मित्र एवं शत्रु की पहचान करने में वायु सेना की कार्यकुशलता अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है और साथ ही अपने लड़ाकू यानों द्वारा घातक प्रहारों से शत्रु की वायुसेना को समयानुसार नष्ट करने में सहायक होती है । यह कला अभियान कार्यों पर नियुक्त समस्त पदों एवं समस्त फोर्सों के लिये बहुमूल्य होती है, चाहे ये सेना के०रि०पू० फोर्स अथवा सीमा सुरक्षा दल किसी से भी सम्बद्ध क्यों न हो । वायुशक्ति के परिज्ञान का अध्ययन विदेशों में शौक की तरह किया जाता है और भारत में भी वायु सुरक्षा तोपखाना एकांशों तथा वायुसेना के पायलेटों द्वारा इसका अभ्यास किया जाता है और वे इस कला में विजय प्राप्त करते हैं ।

साधारण मनुष्य की भाषा में "वायुसुरक्षा" शब्द का अर्थ है, शत्रु के वायु आक्रमण होने पर एन्टी एयर क्राफ्ट शस्त्रों द्वारा अपने महत्वपूर्ण ठिकानों, क्षेत्रों तथा वायुयानों की रक्षा करना । एक-एक एकांशों का कार्य शत्रु के वायुयानों को बमबारी करने, सेना या साज-सामान को हानि पहुँचाने अथवा नष्ट करने योग्य क्षेत्र या स्थानों को क्षतिग्रस्त करने से पूर्व ही मार गिराना है। ये एकांश परिधि के अन्तर्गत आने वाले वायुयानों पर प्रभावशाली आग्नेय प्रहार करते हैं तथा परिधि से परे रहने वाले वायुयानों पर हतोत्साहित करने वाले आग्नेय प्रहार करते हैं, तथा अदृश्य वायुयानों पर अग्निपुंज के प्रहार करते हैं और वायव्य लक्ष्यों में व्यस्त न होने पर सामुद्रिक तथा धरातलीय लक्ष्यों में व्यस्त हो जाते हैं। जैसा कि "वायुसुरक्षा एकांश" से प्रतीत होता है, इसका मुख्य लक्ष्य शत्रु की वायुशक्ति को नष्ट करना है।

वायुशक्ति-निरोधक एकांशों को अपने कर्त्तव्यपालन करते समय अनेक समस्याओं का अनुभव होता है । वे हैं —

(१) उचित परिधि स्थापित करने के लिये वायुयानों की वर्तमान अवस्था का पता लगाना ।

(२) बन्दूक की एम०वी०तथा गोले की विशेषता को ध्यान में रखते हुए उचित लक्ष्य एवं उसके मार्ग-दर्शन के लिये भावी स्थिति का पता लगाना ।

(३) चक्र भावी स्थिति के लक्ष्य को प्राप्त होता है, इससे आश्वस्त होना।

आधुनिक वायुयान द्वितीय विश्व युद्ध में प्रयोग किये जाने वाले वायुयानों से भिन्न, आकार में काफी छोटे, चार गुना तेज गति वाले तथा तीन ओर कुशलतापूर्वक एवं योग्यतापूर्वक प्रहार करने वाले होते हैं । वे आकाश में केवल एक दो क्षण के लिये प्रकट होते हैं और इसी बीच वायुयान-निरोधक एकांशों को व्यस्त हो जाना पड़ता है ।

वायुयान की उपरोक्त विशेषताओं का सामना करने के लिये वायु-शक्ति-निरोधक बन्दूकों का निर्माण इस प्रकार किया जाता है कि ये उचित एवं निश्चित रूप से तीव्र गति से कार्य कर सकें जिससे कि अति संक्षिप्त सूचना पर वे सन्नद्ध रहें। उनकी यात्रा करने तथा ऊँचाई पर उड़ने की उच्च कोटि की व्यवस्था होती है और इन दोनों को एक समय में ही कार्य करना पड़ता है । गम्भीर समस्या तब उत्पन्न होती है जबकि

वायुशक्ति-निरोधक चक्र अपने लक्ष्य से नहीं मिलते । अधिकतम दुखद स्थिति में पहुँचकर वे पृथ्वी पर प्रहार करने के लिये बाध्य हो जाते हैं और इस प्रकार अपनी ही सेना के जीवन एवं साज-सामान के लिये खतरा उत्पन्न कर देते हैं। इस कठिनाई पर विजय प्राप्त करने के लिये एक स्व-विनाशक तत्त्व को गोली में स्थिर कर दिया गया है जो कि लक्ष्य-भ्रष्ट होने पर एक निश्चित समय के पश्चात् फट जाता है । सुधार के लिये प्रत्येक चक्र में अन्वेषक लगा दिये गये हैं।

वायुशक्ति-निरोधक एकांशों से आशा की जाती है कि वे बन्दूकों वाले क्षेत्रों, कवच भंडारों, महत्वपूर्ण प्रधान कार्यालयों, वायुमथक (वायु पट्टी, नियंत्रण केन्द्र, अभियान के लिये तैयार होने वाले स्थानों, रडारों, वायुसेना प्रधान कार्यालयों इत्यादि) पुलों, बमों, गोला-बारूद फेंकने के स्थानों तथा भारी पैट्रोलियम संस्थानों की रक्षा करें। इसके अतिरिक्त उन्हें मार्ग की रक्षा का भी कार्य करना पड़ता है । जब कभी भी सेना का वृहद प्रमुख अंग चलता है तो वे आगे बढ़ते हैं और मार्ग के दोनों ओर तैनात हो जाते हैं जिससे कि शत्रु के वायुयान अतिक्रमण न कर सकें।

युद्ध में निरन्तर अनुसंधान तथा अनुभव से वायु आक्रमण, उदाहरणार्थ, गहरी डुबकी वाला आक्रमण, मध्यम डुबकी वाला आक्रमण, निम्न एवं स्तरीय आक्रमण जिनमें हल्की डुबकी वाले आक्रमण भी शामिल हैं, नापाम आक्रमण एवं रासायनिक आक्रमण जैसे अनेक प्रकार के कार्य प्रकाश में आये हैं। इन सब धमकियों को निरर्थक करने के लिये वायुसेना एवं वायुशक्ति-निरोधक एकांशों के पास प्रभावशाली एवं पर्याप्त रूप से आक्रमण की सूचना प्राप्त करने के प्राप्य साधन हैं। यह एक प्रमाणित साधन है और यदि वायुसेना के रडार लक्ष्य चूक जाते हैं तो एक-एक एकांशों का कार्य तुरन्त प्रारम्भ हो जाता है। रडार की दृष्टि से बचने के लिये शत्रु के वायुयान साधारणतः या तो काफी ऊँचाई पर उड़ते हैं अथवा वृक्षों के बराबर उड़ान करते हैं। एक-एक एकांश भी रडारयुक्त होते हैं जो समय पर तोपखाने को सावधान कर देते हैं। तोपों के चारों ओर नियुक्त अभियान संचालक तोप चलाने तथा लक्ष्य को पकड़ने के लिये उचित चेतावनी दे देते हैं। यदि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से ये सम्पूर्ण साधन बेकार हो जाते हैं तो फिर प्रत्येक तोप पर एक वायुप्रहरी स्थिति संभाल लेता है । स्थानीय वायु सुरक्षा कमांडर यह निर्णय लेता है कि उनके वायुयान लक्ष्य को देखेंगे अथवा एक-एक बन्दूक यह काम करेगी । यह आश्वासन देना आवश्यक होता है कि बन्दूकें स्वयं अपने ही वायुयानों को न गिरायें ।

वायुयान को मौटे तौर पर निम्नलिखित श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है: —

१. फाइटर (लड़ाकू)

२. बोम्बर (बमवर्षक)

३. फाइटर बोम्बर (लड़ाकू बमवर्षक)

४. ट्रान्सपोर्ट एयरक्राफ्ट (परिवहन वायुयान)

५. परीक्षण वायुयान

सामान्यतः एक लड़ाकू वायुयान राकेट, मिसायल, और मशीनगनों को ले जाता है जब कि एक बमवर्षक यान विभिन्न प्रकार के बमों को ले जाता है । शत्रु के वायुयानों का सामना होने पर अपने वायुयान शत्रु के यान के पृष्ठभाग में आने का प्रयास करते हैं और तब गोली चलाते हैं। शत्रुयान के पीछे आने की एक होड़ सी लगी रहती है, क्योंकि जो इसमें सफल हो जाता है, पहले प्रहार करता है।

शत्रु के वायुयान को पहचान कर एक सन्देश पूर्ववत वर्णित विभिन्न स्रोतों से पृथ्वी, आकाश तथा तोपखाने को भेज दिया जाता है। प्रत्येक शत्रुयान को एक से अधिक तोपों का सामना वीएस एवं वीपीज को चारों ओर उनके जटिल जाल के कारण करना पड़ता है ।

दो प्रकार के वायुयानों में प्रत्येकों वस्तु समान नहीं होती । वे चार प्रकार से सरलतापूर्वक पहचाने जा सकते हैं। उनकी शक्ल एवं आकृति से, उनके पंखों व ढांचों से, उनके पृष्ठ एकांश के रंग संकेत से एवं उन अन्तर्राष्ट्रीय अक्षरों से जो प्रत्येक देश को निश्चित किये गये हैं तथा अन्त में उनकी शत्रुतापूर्ण कार्यवाहियों से वे पहचान लिये जाते हैं । जब दो देशों के वायुयान एक से होते हैं तो उन्हें पहचानना एक समस्या होती है। ऐसे मामलों में उनका कार्य ही उनका परिचय दे देते हैं । हमारे पड़ोसियों द्वारा वर्तमान में जो विशेष प्रकार के वायुयान प्रयोग में लाये जाते हैं, वे हैं:

चीन

लड़ाकू— मिग १५

मिग १७

मिग १९

बमवर्षक–याक-२५

इल—२८

पाकिस्तान

लड़ाकू—एफ—२६ (सैबर जैट)

एफ—१०४ (स्टार फाइटर)

बमवर्षक—बी—५७

मिराज—।

परिवहन–विरडौग

अथवा रे के सी १३० (हरक्यूलिस)

सिद्धान्त रूप में यद्यपि उपरोक्त समस्त साधन दृढ़ प्रतीत होते हैं। फिर भी मनुष्य को ग़लती तथा दोषपूर्ण साज-सामान अथवा गोला-बारूद के कारण वांछित परिणाम प्राप्त नहीं हो सकते, परन्तु एक-एक बन्दूकची अपना कर्त्तव्यपालन करते रहते हैं

और स्थल सेना के लिये शुभसहायता की आशा रखते हैं।

कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन्।

—जी० एस० भटनागर

एक पुलिसमैन क्या है ?

(अमेरिका की एफ० बी० आई० के सौजन्य से)

कानून निष्पादन कार्य के कई वर्षों में मैं बहुधा एक ऐसे व्यक्ति से मिलता था जिसे मैं अच्छी तरह जान गया था और आपको भी उसे अच्छी तरह जानना चाहिये। वह पूर्णरूपेण आपके लिये अनभिज्ञ नहीं है। किसी मात्रा तक वह हमारे समाज में सर्वज्ञ की तरह है। तुम दिन में उसे सड़कों पर देखते हो और रात्रि के संक्षिप्त घण्टों में उसकी सीटी की आवाज़ सुनते हो। आप जानते हैं कि वह वहाँ पर है, और कभी-कभी आप राहत की सांस लेते हैं, क्योंकि वह वहां पर है। आपने उसे देखा है और सुना है, परन्तु आपने कभी उससे परिचय प्राप्त करने का कष्ट नहीं किया। जैसा कि टैक्सास के एक गोपालक लड़के ने पूछने पर उत्तर दिया कि "यदि हम किसी व्यक्ति से मिले भी हैं, तो हम स्तब्ध अवश्य हुए हैं पर विचलित नहीं।"

मैं इस व्यक्ति का आपसे परिचय कराना चाहता हूँ, क्योंकि मैं उसे २५ वर्षों से अधिक समय से जानता हूँ। मेरे परिचय कराने का एक उद्देश्य है। मेरा विचार है कि इस युग में, जिसकी दो दशाब्दियों में अपराध की संख्या जनसंख्या की वृद्धि के मुक़ाबले तेज़ी से उत्तरोत्तर वृद्धि पर रही, जब कि हमारे घरों व सड़कों पर अपराधपूर्ण आक्रमण एक राष्ट्रीय चिन्ता का विषय बन गया है, हममें से वे लोग जो रक्षा के लिये पुलिसमैन पर निर्भर करते हैं, वे इस आदमी को तथा समाज में इसके कार्यों को अधिक अच्छी तरह समझते हैं। इस राष्ट्र की जनता पुलिसमैन के पक्ष अथवा विपक्ष में कुछ सोचती है, जैसा कि कभी-कभी देखने में आता है। संभवतः आपमें से भी प्रत्येक व्यक्ति यही करता होगा। परन्तु पहले आप इस व्यक्ति का परिचय तो प्राप्त कर लें।

एक पुलिसमैन कानून का महत्वपूर्ण अंग है। इसके बिना कानून का निर्माण किया जा सकता है, परन्तु वह निरर्थक होगा। संविधानों तथा स्थिर नियमों के गम्भीर प्रकाशन में, जीवन स्वतंत्रता की रक्षा तथा आनन्द की अनुभूति की रूपरेखा दिखाई पड़ती है, परन्तु ये मौलिक अधिकार नीरस और निर्जीव हैं जब तक कि उनका अस्तित्व केवल कागज पर ही है। बिना मांस और रक्त के उनमें कोई चेतना नहीं है। सिद्धान्त-रूप में जीवन के अधिकार का क्या मूल्य है यदि वे व्यक्ति जो तुम्हें इससे वंचित करना चाहते हैं वास्तव में जब तक उन्हें इस परिचित व्यक्ति का भय, उसके साहस का भय, उसकी पवित्रता तथा किसी हत्यारे को पराजित करने का दृढ़तापूर्वक

आग्रह तथा उसे न्यायालय के सम्मुख उपस्थित करने से नियंत्रित न हो । आपके स्वतंत्रता के अधिकार का क्या मूल्य यदि कानून में किसी नृशंस डाकू तथा अपहरणकर्ता की माँगों के विरुद्ध प्रतिक्रिया प्रकट करने की शक्ति न हो। आनन्द की अनुभूति के उस अधिकार का भी क्या मूल्य, यदि यह सोचते हुए कि ऐसा न हो कि आपकी असहाय शक्ति उन आक्रमणों का प्रतिरोध करने में अपर्याप्त हो । आप दिन में सड़क पर चलें तो भयभीत रहें और रात्रि में बिल्कुल ही न निकलें। अपने क्षेत्रीय पुलिसमैन के रक्त एवं माँस से ही हमारी स्वतंत्रता एवं अधिकार सार्थक होते हैं ।

एक पुलिसमैन शासित स्वतंत्रता की मजबूत दाहिनी भुजा है। वह सरकार का, कानून के अन्तर्गत स्वतंत्रता का, कानून की विषमता से अनभिज्ञ व्यक्तियों पर अवरोध लगाने वाला एक वास्तविक शक्ति-स्रोत है, परन्तु वह इसके बदले में स्वतंत्रता के उच्च विचार तथा व्यक्ति- प्रतिष्ठा का आश्वासन देता है। पुलिसमैन की उपस्थिति में अधिकतर विवादों का हल रक्त की बजाय स्याही से ही हो जाता है। जब पुलिसमैन उपस्थित नहीं होता है, तो व्यवस्था अराजकता में परिणत हो जाती है और स्वतंत्रता की पुकार सामाजिक विनाश की आँधी में विलीन हो जाती है । इतिहास के अनेक रक्तरंजित पृष्ठ इसके साक्षी हैं ।

अनिष्टकारी शक्तियों के सामने पुलिसमैन एक दीवार की तरह है। वह शान्त नागरिकों पर अशान्त नागरिकों के आक्रमण में प्रतिरोध-स्वरूप है । जो आपके अधिकारों का हनन करना चाहते हैं उन्हें पहले इस दीवार को नष्ट करना होगा, इस रक्त और माँस से बने प्रतिरोध को, तभी वे अपने साथियों को लक्ष्य बनाने में पूर्ण स्वतंत्र हो सकते हैं । यही कारण है कि पुलिसमैन असंगठित अपराधी एवं संगठित उपद्रवी भीड़ की निन्दा का मुख्य लक्ष्य बन जाता है । उसी के शब्दों में, एक हत्यारा, एक डाकू और एक सेंध लगाने वाला "सिपाही से घृणा करने वाला", "सिपाही को मारने वाला" बन जाता है; वह अपनी घृणा एवं हत्या करने की प्रवृत्ति का दम्भपूर्वक बखान करता है । वह भीड़, जो कानून से असन्तुष्ट हो गई है, कानून से बाहर अपने तरीके से काम करने पर उतारू हो जाती है—वह व्यवस्थापिका पर नहीं जो कानून बनाती है, न्यायालयों पर नहीं जो कानून की व्याख्या करता है, परन्तु पुलिसमैन पर, जिसने न तो कानून का निर्माण ही किया है और न ही व्याख्या की है, और जिसका कार्य केवल राष्ट्र के इस सिद्धान्त के पीछे दृढ़ खड़ा रहना है कि यदि शासित स्वतंत्रता को जीवित रखना है और जब तक कानून पुस्तकों में है उसका आदर किया जाना चाहिये—भारी डंडे और पत्थर फेंकती है तथा मुक्के दिखा-दिखा कर अन्य तरीकों से अपमानित करती है ।

सामाजिक यंत्र-रचना में पुलिसमैन एक आवश्यक पुर्ज़ा है । उसे मालूम है कि झगड़ा रोकने अथवा किसी की जीवन रक्षा करने और ऐसी कार्यवाही करने में, जिसके लिये कुछ व्यक्ति अनिच्छुक हों अथवा करने में असमर्थ हों, किसी आवश्यक सूचना हेतु उसका पुलिस रेडियो कब बोलेगा । उसे मालूम है कि जब इस या उस अवकाश पर हम और तुम किसी क्रीड़ा, पिकनिक अथवा परेड पर जा चुके होंगे तब

मेयर अथवा चीफ का आदेश आयेगा कि सार्वजनिक सुरक्षा हेतु समस्त पुलिस अधिकारी अपनी ड्यूटी की तुरन्त सूचना दें। उसे यह भी मालूम है कि किसी जघन्य अपराध ने समाज को चिन्तित कर दिया है और सार्वजनिक उत्कंठा को शान्त करने के लिये कि अपराध की खोज कर ली गई है और अपराधी न्यायालय में उपस्थित किये जावेंगे, उसे दिन और रात कार्य करना पड़ेगा।

एक पुलिसमैन आवश्यकता के समय मित्र है। उसका टेलीफोन नम्बर निर्देशिका में विशेष स्थान रखता है और हममें से बहुत से उसे आवश्यक प्रयोग के लिये किसी सुरक्षित स्थान पर रख देते हैं। जब सब ओर से असफल हो जाते हैं तो वही एकमात्र व्यक्ति होता है जिसकी ओर हम स्वाभाविक रूप से मुड़ते हैं। क्या किया जाना चाहिये यह जानने की हम उससे आशा रखते हैं और वह बहुधा वैसा ही करता है। वह पर्यटकों का मार्ग-प्रदर्शन करता है, खोये हुए बच्चों की तलाश करता है, डाक्टर का पता बताता है और सम्भावित माँ को तुरन्त अस्पताल पहुँचाता है। वह हमारा सबसे सच्चा सार्वजनिक भृत्य है।

एक पुलिसमैन एक व्यक्ति होता है। यदि वह व्यक्ति न होता तो प्रशस्त राजमार्ग पर तेज़ कार दौड़ाने वाले व्यक्तियों का पीछा करने में, जिनसे भयंकर दुर्घटना हो जाती है, अपनी जान जोखिम में डालने का साहस न करता। यदि वह व्यक्ति न होता तो गोलियों का सामना न करता, क्योंकि प्रत्येक पुलिसमैन अपने सामान्य अनुभव के आधार पर जानता है कि किसी गश्त के समय अथवा किसी अपराधपूर्ण मामले के समय उसका सामना किसी ऐसी घटना से हो सकता है। यदि वह मनुष्य न होता तो वह नित्य सड़कों पर हवा, वर्षा और रात्रि के सन्नाटे में जब कि उससे भी कम दृढ़ इच्छाशक्ति वाले मनुष्य इन तत्त्वों से बचने के लिये आश्रय की खोज करते हैं, अपने कर्त्तव्य का पालन न करता।

एक पुलिसमैन कानून के बहुत से भावुक क्षेत्रों में अब एक वैधानिक वकील की तरह भी है। पिछले वर्षों में उच्चतम न्यायालय द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान पर दिये गये निर्णय में यह कहा गया है कि वह तब तक किसी व्यक्ति को बन्दी नहीं बनायेगा जब तक कि उसके पास चतुर्थ संशोधन की स्पष्ट न्यायिक व्याख्या द्वारा अपराध होने के विश्वास का उचित प्रमाण न हो। उनके विचार से ऐसी कोई भी तलाशी अथवा अधिग्रहण नहीं होना चाहिये जिसको कि चतुर्थ संशोधन के आधार पर न्यायालय उचित और मान्य न ठहराये। वे चाहते हैं कि पुलिसमैन अपने बन्दी से अपराध के प्रमाण के लिये प्रश्न न करे जब तक कि वह पंचम संशोधन के आधार पर दृढ़ प्रतिरोध के साथ स्वीकार न कर ले जिसमें स्वदोष स्वीकारोक्ति के विरुद्ध अधिकार दिया गया है और छठे संशोधन जिसमें सलाह लेने अथवा वकील करने का अधिकार दिया गया है। बन्दीकरण, तलाशी तथा प्रश्न पूछने के इन कार्यों में उसका मुख्य कार्य यह है कि संघीय संवैधानिक कानून के प्रश्न पर अपना निर्णय दे, एक ऐसा अनुरूप कानूनी प्रश्न जिसे सबसे अधिक योग्य वकील इतना ऊँचा उठा सकते हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका के उच्चतम न्यायालय को भी अन्तिम निर्णय देने

के लिये बाध्य होना पड़े।

यदि कोई पुलिसमैन अपने निर्णय में भूल कर देता है जैसा कि बहुधा संकटकालीन परिस्थितियों में हो जाता है, तब प्रत्येक प्रतिवादी— जिस पर गम्भीर अपराधों के आरोप लगाये गये हैं—का कानूनी वकील निश्चित रूप से उसमें गलतियाँ निकालता है । तथाकथित अपराधी, जिसके वैधानिक अधिकारों का हनन पुलिस के गैर कानूनी बन्दीकरण अथवा अनुचित तलाशी से होता है, पुलिस अधिकारी को संघीय न्यायालय में खींच सकता है और व्यक्तिगत रूप से आर्थिक हानि के लिये केस चला सकता है। पुलिसमैन ही राष्ट्र का एकमात्र ऐसा कानूनी अधिकारी है जो वैधानिक कानून में स्नातक के रूप में प्रशिक्षित होता है और फिर भी उससे आशा की जाती है कि वह कानून का अनुसरण अक्षरशः राजकीय एवं व्यक्तिगत दोनों रूप से खतरा उठाकर भी करेगा चाहे वह व्यावहारिक रूप में असफल ही क्यों न हो जाय ।

पुलिसमैन एक वह व्यक्ति है जिसमें हम व्यक्ति की पवित्रता का स्पष्ट रूप देखते हैं । सीज़र की स्त्री की तरह वह न केवल पाप से परे ही हो वरन् पाप के संदेह से भी परे होना चाहिये । ऐसे समाज में जिसमें प्रशंसासूचक भोजन बहुधा क्रय, अनुबन्ध अथवा पक्षपात के प्रतीक होते हैं, पुलिसमैन को अपना भोजन स्वयं खरीदना चाहिये जिससे कि उसके शासकीय कार्य में कोई हस्तक्षेप न हो। ऐसे समाज में जहाँ गुण्डे, जो संगठित अपराध का निर्देशन करते हैं, रेशमी सूट पहन सकते हैं, बहुमूल्य मोटर गाड़ी रख सकते हैं, भव्य इमारतों के मालिक हो सकते हैं और लखपति बन सकते हैं, वहाँ पुलिसमैन को अपने आदर्शों पर दृढ़ रहना चाहिये, शुद्ध वेतन पर जीवन-यापन करना चाहिये और अपने क्षेत्र के बच्चों को समझाना चाहिये कि अपराध किसी का सगा नहीं होता। ऐसे समाज में जहाँ सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत चरित्रों के सम्बन्ध में प्रश्न उठाना वैध है, यह सूचना कि पुलिसमैन कुछ ले रहा है, परले सिरे की शरारत है । ऐसे समाज में जहाँ पुलिसमैन सदैव प्रकाशित न करने योग्य अश्लीलता का लक्ष्य रहता है, उससे यह आशा की जाती है कि वह हमें सभ्यतापूर्वक सम्बोधन करेगा। हम चाहते हैं कि वह एक स्तरीय सभ्य पुरुष ही रहे जब कि समाज में द्विस्तरीय शराफत का प्रचलन है ।

यद्यपि वह नम्रतापूर्वक इससे इन्कार करेगा, फिर भी पुलिसमैन एक दार्शनिक है । उसको कारण के नियमों का प्रत्यक्ष ज्ञान होना चाहिये और ऐसे समय में जब कि अन्य व्यक्ति भावनाओं तथा क्षणिक लालसा के अन्धे शिकार हो जाते हैं, उसे आज्ञा का उचित रूप से पालन करना चाहिये । उसे व्यक्ति के आचरण की दुर्बलता, प्रतिकूलता एवं मूर्खता का भली भांति ज्ञान होना चाहिये, क्योंकि अपने काम के घंटों में उसे इन्हीं से व्यवहार करना पड़ता है। फिर भी उसे दयालु होना चाहिये और ऐसी विशेषताओं से उसे दुखी नहीं होना चाहिये । यदि वह दार्शनिक न हो तो फिर सड़क पर गश्त करते समय उन साथियों की कौन रक्षा कर सकता है जो कि तेज़ रफ्तार से चलने वाले चालकों की रफ्तार के शिकार हो जाते हैं और चालाकी से हँसते हुए

कहते हैं कि हम पुलिस से कैसे बच गये। यदि वह हृदय से दार्शनिक न होता तो ऐसा व्यक्ति कौन है जो उसकी तरह विरक्त भावना से किसी प्रमाणित एवं भयंकर अपराधी को बन्दी बनाने के लिये अपने जीवन को खतरे में डाल दे, जिसको नियंत्रित अथवा सुधारने में व्यक्तिगत व्यवहार के सिद्धान्तों को प्रस्तुत करने वाले स्पष्टवक्ता समाज के अन्य तत्त्व भी असफल हो जाते हैं।

एक पुलिसमैन में अनेक अन्य गुण भी होते हैं। यदि वह अपराधपूर्ण हिंसा का सामना करने के लिये हमारी बातों पर अमल करता है तो उसमें होरेशस का सा साहस होना चाहिये जो कि बन्दूकों और चाकुओं के सामने हिम्मत ने खो बैठे, सैमसन जैसी शक्ति होनी चाहिये जिससे कि वह प्रभावी ढंग से अपराधियों को बन्दी बना सके और असीसी के संत फ्रांसिस की तरह उदारता होनी चाहिये, कि झगड़ा समाप्त होने के पश्चात् बन्दी किये गये व्यक्तियों के प्रति किसी प्रकार के आघात, पीड़ा, भ्रम तथा उनके नागरिक अधिकारों का हनन न हो। उसके मार्ग में आने वाली तथा उसकी माँगों में अवरोध पैदा करने वाली ऐसी सशस्त्र भीड़ का नियंत्रण करना पुलिसमैन का कर्त्तव्य है। यह कार्य उसे किसी तरह भी करना होगा, परन्तु विशेषज्ञ कभी भी यह स्पष्ट नहीं करते कि बिना अनावश्यक शक्ति के प्रयोग के यह सब कैसे किया जा सकता है। उसे जूरी के समक्ष, प्रशासकीय बोर्ड के समक्ष और प्रचार के समक्ष, पुलिस की समस्त निर्दयता का उत्तर अवश्य देना होता है। परन्तु यह हम बहुत कम ही ध्यान में रखते हैं कि जो ऐसी भीड़ का सामना करते हैं वे युद्ध समाप्त होने के पश्चात् किस प्रकार अपने घावों को भरते हैं। वह दूसरे यातायात भंग करने वाले व्यक्ति को टिकट दे देता है, ऐसा न हो कि हम उसे उचित कर्त्तव्यपालन के लिये झिड़कें, और फिर धैर्यतापूर्वक अपने कर्त्तव्य तथा टिकट देने के अधिकार के बारे में निन्दा सुन लेता है। उसे व्यक्ति के विचार तथा आचरण का सदैव ध्यान रखना पड़ता है।

एक पुलिसमैन वह व्यक्ति है जिसे अपने गुणों के आधार पर कम वेतन मिलता है। संघीय गुप्तचर विभाग के निर्देशक हूवर के अनुसार एक पुलिसमैन का वेतन उस अयोग्य प्रवेशक से भी कम होता है जो कभी भी बन्दूक व चाकू का सामना नहीं करता, किसी सशस्त्र भीड़ से मुकाबला नहीं करता, किसी सार्वजनिक संकट के प्रति उत्तरदायी नहीं होता, ऐसे किसी वैधानिक कानून पर अपना निर्णय नहीं देता जिस की समीक्षा के लिये उच्चतम न्यायालय में जाने की संभावना हो और न जिसे किसी भी नीति अथवा सामाजिक शिष्टाचार के लिये किसी प्रशासकीय बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने का भय होता है। एक पुलिसमैन को अपराधी को नीचे गिराने वाले एक मजबूत दाहिने हाथ तथा उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने वाले दृढ़ बाजू से अधिक हम और कुछ नहीं मानते। हम न्यायालयों, व्यवस्थापिकाओं, वैज्ञानिक ढंग से अपराध रोकने की तकनीक के विशेषज्ञों, संगठित अपराध की उलझनों और सार्वजनिक माँग, कि वह उनकी हर आवश्यकता में उपस्थित रहे, आदि उसके इन मिश्रित कार्यों से अचेत हैं। जैसा कि कोलम्बिया जनपद में राष्ट्रपति के अपराध आयोग ने अपने प्रतिवेदन में कहा है, "पुलिस की वास्तविक कठिनाइयों और खतरों

के प्रांते समाज को आधिक ध्यान देना चाहिये ।" यह पुलिसमैन के लिये कम है कि हम उसे समयातीत विचारों के आधार पर पुरानी परिपाटी वाला अपने समाज का व्यक्ति समझें ।

कानून की अवज्ञा करने वालों के साथ भी पुलिसमैन परेशानी में रहता है, इसकी वह आशा भी करता है। परन्तु मुसीबत यह है कि आमतौर पर अपराधों में वृद्धि हो रही है । भीड़ उन पर व्यंग, अपमान, लाठी, पत्थर तथा बोतलों से भारी मात्रा में आक्रमण करती है। एक अपराधी व्यक्ति, जिसमें कानून के प्रति श्रद्धा तथा ज्ञान का अभाव है और जो कानून को मनुष्यता का प्रतीक नहीं मानता, अपने अधीन समूह की शक्ति पर बन्दीकरण का विरोध करता है। १९६९ के अभी हाल के वर्ष के जो आंकड़े उपलब्ध हैं उनके अनुसार ८६ अधिकारी गम्भीर अपराध सम्बन्धी कार्यवाही में मारे गये और प्रति १०० में से १७ शारीरिक रूप में आहत हुए। दोनों संख्याओं में नई वृद्धि हुई है । यदि आपको और स्पष्ट प्रमाण चाहिये तो बड़े नगरों के विषय में कुछ शीर्षस्थ पंक्तियाँ देखिये, "बुरी तरह से पकड़ने वाले ३०० गुप्तचर", "भीड़ द्वारा पुलिसमैन को चिढ़ाना", "अधिकारी का जबड़ा तोड़ दिया गया", "विद्यार्थियों द्वारा पुलिस कार पर आक्रमण", "भीड़ द्वारा पुलिस की सहायता करने वाली महिलाओं की पिटाई ।"

मैं कह सकता हूँ कि यह आक्रमण केवल पुलिसमैन को ही लक्ष्य बनाकर नहीं किये गये थे। आप और मैं भी वहाँ पर थे। पुलिसमैन पर आक्रमण करना—क्योंकि वह पुलिसमैन है—स्वयं शासित स्वतंत्रता को नष्ट करने का प्रयास है— जो स्वतंत्रता आपही की है। जैसा कि एक समाचार-पत्र के सम्पादक ने लिखा था, "जब अपना कर्त्तव्यपालन करते समय पुलिस पर ईष्र्या से अथवा क्रूरता से आक्रमण होता है तो समझिये कि यह आक्रमण परोक्ष रूप से समाज में रहने वाले प्रत्येक अच्छे और ईमानदार आदमी पर होता है । एक बोतल अथवा एक पत्थर, जो एक कानून के अधिकारी के ऊपर फेंका जाता है वह वर्दी पहने हुए उस व्यक्ति पर नहीं वरन् सीधा कानून पर आक्रमण है। यदि उसे चोट लगती है तो हम में से प्रत्येक व्यक्ति को थोड़ी हानि होती है। यही वह समय होता है जब कि कानून — उसका सारा ढाँचा— अत्यन्त विक्षिप्त हो उठता है और उसे अपने कार्यों से नष्ट करने वालों के विरुद्ध भयंकर उदाहरण के रूप में प्रस्तुत होने के लिये तैयार होना पड़ता है। यदि कानून अपनी रक्षा स्वयं नहीं कर सकता तो समझिये कि हम अराजकता के मार्ग पर अग्रसर हो रहे हैं।"

कानून मानने वाले व्यक्तियों से भी पुलिसमैन परेशान है। वह एक अकेला आदमी है; हमने उसका परित्याग कर दिया है। उसके काम के लिये उसके आदमियों तथा साज-सामान की आवश्यकतानुसार हम उसे पैसा नहीं देते । संयुक्त राज्य अमेरिका के अभी हाल के एक अटार्नी-जनरल के शब्दों में, "पुलिस आर्थिक एवं शैक्षणिक दृष्टिकोण से शून्य है"। श्री हूवर द्वारा ३५ वर्ष पूर्व एक पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त हम पुलिस अधिकारियों को वैधानिक कानून, जिनके बारे में न्यायालयों की राय है कि उन्हें इसका ज्ञान होना चाहिये और वे अक्षरशः उसका पालन भी करें,

सिखाने के लिये पुलिस प्रशिक्षण प्रणाली स्थापित करने में बुरी तरह से असफल हुए हैं। जन-सुरक्षा के समस्त उत्तरदायित्वों से हमने सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। यह एक विशेषता है और हमारा यह कहना है कि विशेषज्ञों को इसे देखना चाहिये। हम भूल जाते हैं कि विशेषज्ञ १००० में से केवल दो ही होते हैं और वे अपराध, जिनको वह बिना किसी सहायता के मालूम करता है, बहुत थोड़े होते हैं। और यदि हम उसकी आँख और कान की तरह सहायता न करें तो पुलिसमैन का मस्तिष्क तथा हाथ किसी भी अपराध-समस्या से प्रभावी रूप में जूझने में असमर्थ रहेगा।

हममें से कुछ लोग अपने भाई की सहायता करने के बजाय उसकी सड़क पर हत्या होते देख सकते हैं, पुलिस को अपने सन्देह की सूचना देने की बजाय अनदेखों की तरह अपराध होते देख सकते हैं और इन्हीं तत्त्वों द्वारा "मुखबिर" कहलाने का ख़तरा नहीं लेना चाहते और समस्त जनतांत्रिक कानूनों को नष्ट करते हुए अपराधी को न्यायालय में उपस्थित कराये और दंडित कराये बिना जाने देते हैं। जनता की भावनाएँ हमारे अपराध की साक्षी हैं। एक बड़े नगर की मध्यमवर्गीय बस्ती में उषा:काल से पूर्व के अन्धकार के समय एक औरत अपने काम पर जाने के लिये अकेली घर से निकली। एक पागल व्यक्ति ने, जिसने उसे कभी नहीं देखा था, उसको तीन बार रुक-रुक कर छुरा मारा। यह आक्रमण आधे घंटे तक चलता रहा और इस बीच में वह औरत चीख़ी, लड़खड़ाई और सड़क पर इधर-उधर दौड़ी। उसके मर जाने के पश्चात् एक आदमी ने, जो इस मामले में अपने-आपको डालना नहीं चाहता था, एक वृद्धा से पुलिस बुलाने को कहा। अधिकारीगण दो मिनिट में ही पहुँच गये और अपनी जाँच के बाद इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि ३८ स्त्रियाँ व पुरुष इस आक्रमण को अपनी खिड़कियों से उस अन्धकार में देखते रहे, परन्तु किसी ने कुछ भी नहीं किया।

एक दूसरी घटना में बीस वर्ष से कम आयु वाले आठ लड़के सोलह वर्ष की एक लड़की को उसके चीखने और जूझने के बाद भी खींचते ले गये। ६ आदमी उसके समीप खड़े थे, परन्तु उन्होंने कुछ भी नहीं किया। सातवें व्यक्ति ने सहायता करने का प्रयत्न किया, परन्तु पीटा गया और वह दौड़ता हुआ पुलिसमैन के पास गया जिसने उस लड़की की रक्षा की। यह कुछ उन असभ्य कार्यों के नमूने हैं जो समाचार पत्रों से प्राप्त होते हैं। एक सम्पादकीय में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा गया है कि ऐसा सब जगह हो रहा है। जैसा कि मैंने कहा कि पुलिसमैन अकेला है, और चूँकि वह अकेला है, इसलिये बहुत से निर्दोष व्यक्तियों को रक्त, पीड़ा, आतंक और सम्पत्ति के रूप में हानि चुकानी पड़ती है। हम पुलिसमैन को अपने भाई की रक्षा के लिये नियुक्त करते हैं और फिर उसे अकेला शैतान के भरोसे छोड़ देते हैं।

एक पुलिसमैन बहुधा अपने-आपको निराशा में पाता है। जब एक लड़का, जिसको वह जानता है और जिसको वह बचा भी सकता था, कोई अनिष्ट कार्य करता है और समाज की दृष्टि में एक अपराधी बन जाता है, तो पुलिसमैन की आत्मा उससे कहती है कि वह अपने कर्त्तव्य में असफल रहा है। वह जानता है कि अपराध की

रोकथाम करना उसके कत्तव्य का एक अंग है। इन तथ्यों को वह उन सैकड़ों पुलिस क्लबों में प्रमाणित करता है जिनको उसने राष्ट्र के कोने-कोने में संगठित एवं संचालित किया है और वह उन व्यक्तिगत मामलों में भी जिनमें वह असफल रहा है, भावनाहीन नहीं होता।

निराशा की भावना उसमें तब होती है जब कि वह, बहुधा ऐसी ही, किसी हत्यारे, डाकू अथवा किसी क्रूरतापूर्ण विकृत सम्भोग के कारण किसी निर्दोष व्यक्ति की क्षत-विक्षत लाश के पास खड़ा होता है, जिनकी अपराधपूर्ण प्रवृत्ति के बारे में समाज को पहले से ही ज्ञान होता है और जिन पर समय रहते उचित प्रतिबन्ध भी लगाया जा सकता था। फिर भी यह पुलिसमैन की एकमात्र गम्भीर असफलता होती है। यह वह निराशा है जिसमें वह अपने समाज के अन्य तत्वों और सामाजिक प्रचलनों, माता-पिताओं, विद्यालयों, गिरजाघरों, न्यायालयों और बहुत-सी अन्य वस्तुओं में साझीदार होता है, क्योंकि इन सबका भी परिस्थिति-निर्माण में हाथ होता है जिनके अन्तर्गत बच्चा जन्म लेता है और बड़ा होता है। यही इस तथ्य का प्रमाण है कि इस अणुशक्ति तथा चन्द्र-यात्रा के युग में, जिसमें बहुत से प्राणी अपने ज्ञान की विजय पर गर्वित हैं, यह वैज्ञानिक नहीं वरन् पुलिसमैन ही है, जिसे सबसे अधिक व्याकुल करने वाली समस्या से जूझना पड़ता है और वह है मनुष्य की मनुष्य के प्रति असभ्यता।

क्योंकि पुलिसमैन बहुधा स्वयं को एक मुसीबतजुदा, उपेक्षित एवं निराश व्यक्ति की तरह देखता है। वह इन समस्याओं के समाधान में अपनी मानवतापूर्ण प्रतिक्रियाओं से लिप्त रहता है। वह अपना काम छोड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में यह सूचना मिली है कि देश के विशाल पुलिस विभाग के अधिक भाग को वृत्तांत के रूप में व्यक्ति के नाते कम आँका जा रहा है जिससे कि इस समाज के व्यापक कार्य को चलाने के लिये अच्छे अधिकारियों की भर्ती नहीं हो पा रही है। अधिकांश नवयुवक, जो अच्छे पुलिसमैन बनना चाहते हैं, वे वेतन और काम करने की स्थिति पर दूसरी दृष्टि डालते हैं। वे समय की विषमता, भयंकर परिस्थितियों, कानून विरोधी तत्त्वों द्वारा आक्रमणों में वृद्धि और समाज के अग्रगण्यों द्वारा स्पष्ट उदासीनता की ओर देखते हैं। वे इन तथ्यों को देखते हैं और उनमें से बहुतों ने तो वही निर्णय लिया है जो बहुत पहले ही पुलिस के आलोचकों ने लिया था—कि उन्हें अपने लिये पुलिस की नौकरी नहीं चाहिये। जिस पुलिसमैन को आज आप चाहते हैं—और उसे पा नहीं सकते—वही हो सकता है जिसने कल नौकरी छोड़ी हो।

प्रस्तावना देने के लिये जानबूझ कर हम उन अच्छे गुणों पर जोर डालते हैं जिनसे हम परिचित हैं। ऐसा कहने के लिये मैं क्षमा नहीं माँगूँगा। आपको इस बारे में पूर्ण रूप से सचेत कर दिया गया है कि इस आदमी में अपने दोष हैं—वही दोष और उसी मात्रा में जैसा कि हम सबमें पाये जाते हैं—एक कसाई में, डबल रोटी वाले में, मोमबत्ती बनाने वाले में। उसके शत्रुओं ने यह सब पूरी मात्रा में और इससे भी अधिक देख लिया है। आप अविवेकपूर्वक उनका उद्देश्य पूरा करते हैं न कि अपना, जबकि आप दूसरी ओर देखने या समझने में असफल हो जाते हैं। जो व्यक्ति इसे नष्ट करेगा

वह आपका मित्र नहीं हो सकता; वे केवल इसके अन्त में ही सन्तुष्ट नहीं होंगे। यह व्यक्ति आपका मित्र है और आपकी समझ और सहायता से ही वह इच्छापूर्वक और प्रबलता से इस तथ्य का प्रदर्शन करेगा।

—ह्वाइट जे० डेलबी

संचार समस्या

यह एक तथ्य है कि तलवार से लेखनी अधिक शक्तिशाली होती है, चाहे सेवा में हो अथवा जीवन के किसी अन्य क्षेत्र में। कोई भी व्यक्ति कार्यालय के दैनिक क्रम से नहीं बच सकता, जिसका विस्तार-क्षेत्र सूचना अथवा आदेश के प्रसारण से लेकर आंकड़े एकत्रित करने तक हो सकता है। अतः प्रत्येक व्यक्ति को सन्देश-प्रसारण का यथेष्ट ज्ञान होना चाहिये। सन्देश-प्रसारक का दोहरा कर्त्तव्य होता है। एक आनेवाली सूचनाओं को योग्यतापूर्वक प्राप्त करना तथा दूसरे सूचनाओं को प्रभावशाली ढंग से बाहर भेजना। पहले कार्य में पढ़ने, विचारों एवं तथ्यों को समझने तथा उनकी व्याख्या करने की योग्यता होनी चाहिये जबकि दूसरे कार्य में संचार की योजना एवं आकृति-निर्माण करने की। यह ध्यान में रखते हुए कि वे पूर्ण नम्र एवं सरलतापूर्वक समझने योग्य हैं—की योग्यता का होना आवश्यक है।

ज्यामिति का अध्ययन यह सिखाता है कि एक सीधी रेखा दो बिन्दुओं के मध्य कम से कम दूरी वाली होती है। प्रभावशाली लेख का प्रवाह प्रखर विचार से होता है। यह आवश्यक है कि तथ्यों के एक समूह को एक मस्तिष्क से दूसरे तक पहुँचाने के लिये एक सीधी रेखा के रूप में योजनाबद्ध किया जाय। ऐसा करने के लिये उद्देश्य एवं भावना की क्षमता का होना आवश्यक है। इनका अभ्यास निम्नलिखित साधनों द्वारा किया जा सकता है—

(१) आधारभूत पदार्थों का तथ्यों, आकारों तथा उदाहरणों के रूप में एकत्रित करना जो योजनाबद्ध एवं पूर्ण संचार के अनुरूप हों, और

(२) इस आधारभूत पदार्थ के विचार-एकांशों को क्रमबद्ध करना एवं समालोचना करना और उन्हें तार्किक ढंग से प्रस्तुत करना और आश्वस्त करना कि उनमें कोई अन्तर नहीं है।

पूर्णता के प्रति आश्वस्त होने के लिये व्यक्ति को यथेष्ट रूप में नियम पालन करना होगा। एक अत्यन्त संक्षिप्त सन्देश इतना लघु भी हो सकता है कि वह अपना आशय स्पष्ट करने में असफल हो जाता है। जब कभी भी कोई सन्देश तैयार किया जा रहा हो तब इसकी रोकथाम निम्नलिखित प्रश्नों द्वारा की जा सकती हैः—

(१) क्या पाठक द्वारा मेरा सन्देश पढ़ना सरल होगा ?

(२) क्या वह तथ्यों से पूर्ण है ?

(३) क्या वह पाठक के लिये अधिक मूल्यवान होगा यदि मैं उसमें कुछ अधिक

पदार्थ सम्मिलित कर दूँ ? और,

(४) क्या इसके शीघ्रगामी परिणाम होंगे ?

एक अपूर्ण अथवा अस्पष्ट सन्देश से उत्पन्न प्रश्नों एवं सुधारों में अधिक समय एवं व्यय लगेगा। इससे कठिनाइयां और भ्रम बढ़ेंगे और इच्छित अभियान में उलझन पैदा होगी। पूर्णता के लिये सबसे अधिक भय भूल, असावधानी तथा उपेक्षा द्वारा उत्पन्न होता है, जिसका कारण संचार की बुद्धिमत्तापूर्ण योजना में उच्च कोटि की कमी तथा विचारों की अपूर्ण अभिव्यक्ति होती है। सब सन्देश ऐसी सरल भाषा में होने चाहियें कि विभाग का अत्यन्त मूढ़ व्यक्ति भी अर्थ ग्रहण करने से पूर्व उसके सन्दर्भ को समझने एवं उसे कई बार पढ़ने में त्रुटि न करे। विषय की कमी तथा भाषा की अस्पष्टता से उत्पन्न त्रुटियाँ, ग़लतियाँ हो जाने से अधिक व्ययसाध्य हो जाती हैं और अपने व्यवसाय में तो इसका मूल्य जीवन भी हो सकता है। अतः शाश्वत रूप से पूर्णता, स्पष्टता, संक्षिप्त एवं नम्र होना ही इसका उद्देश्य होना चाहिये।

शब्द वस्तु होता है और उसकी बचत धन की बचत होती है। प्रशासन में बजट का महत्त्वपूर्ण भाग शब्दों पर व्यय किया जाता है, चाहे वे लिखित हों अथवा उद्घोषित। सम्मेलनों, आदेशों, उपदेशों, पत्रों, संकेतों एवं तारों, टेलीफोन वार्त्ताओं, रेडियो, टेलीफोनों और यदि मैं कहूँ तो मदिरा की सीढ़ी से नीचे बहाने में भी शब्दों का अधिक प्रयोग होता है। अतः शब्दों की बचत और उचित शब्दों के प्रयोग से प्रबन्धकों के व्यय में कमी होती है और साथ ही सब स्तरों पर मुहावरे की निरंकुशता से मुक्त स्पष्ट विचारों का आदान-प्रदान हो जाता है। शब्दों का समय, धन और धैर्यता पर कितना प्रभाव पड़ता है, इसका अनुकरणीय उदाहरण लन्दन के "इकनामिस्ट" ने दिया है जबकि उसने एक राजकीय अभिलेख में से निम्नलिखित उद्धरण दियेः—

"नाटो ने मध्यम गति की सुरक्षा कल्पना को कुचलने के स्थान पर विकास सम्बन्धी मौलिक नीति में परिवर्तन करने का विचार प्रकट किया है जिसके अधीन समस्त आर्थिक योजनाएँ होंगी। समान स्तर पर चलने का यह एक प्रतिपक्षता का सिद्धान्त होगा जिसके अनुसार महत्त्वपूर्ण राजनैतिक आवश्यकताओं के मुकाबले आर्थिक-सामाजिक सम्भावनाएँ कार्य करेंगी और आगे चलकर ये दोनों अंग अधिक मात्रा में लचीलेपन की आवश्यकता के विरुद्ध कार्य करेंगे।"

इस सम्बन्ध में नैपोलियन ने अधिकतम लाभ उठाने के नियम का अनुकरण करने को कहा है। उसका कथन है, "अपने प्रत्येक अव्यवस्थित शब्द पर असन्तोष प्रकट करो, परन्तु उसके संक्षिप्त रूप पर अपनी स्पष्टता का बलिदान कभी मत करो।"

जो संचार व्यवस्था द्वारा हमारे सम्पर्क में आते हैं, वे साधारणतः अपनी धारणा हमारे बारे में बना लेते हैं। वे विभिन्न प्रकार की श्रेणी में चिन्हित कर कबूतर के दड़बों में हमें रख देते हैं। सुनियोजित एवं सुलिखित विनम्रता के नियमों का परिपालन करते हुए सुन्दर भाषा में अभिव्यक्त सन्देश सदैव कम मूल्य पर ही विजयी रहते हैं।

—बी० के० शर्मा

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स—राष्ट्रीय एकता का एक सफल प्रयोग

स्वतंत्रता के पश्चात् क्राउन रिप्रेजेण्टेटिव पुलिस का पुनर्जन्म केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स के रूप में हुआ। उस समय जो काम इसे सौंपा गया था उसमें भारत-पाक की अव्यवस्थित सीमाओं पर तैनाती तथा देश के सीमान्त अंचलों की आन्तरिक एवं अप्रशासित क्षेत्रों की देखभाल शामिल थी, जबकि देश के अन्य भागों के उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों में स्थानीय अधिकारियों की सहायता भी इसे करनी पड़ती थी। सही तौर पर उस समय की गम्भीर परिस्थिति को देखते हुए यह महसूस किया गया कि फोर्स अपना कर्त्तव्यपालन सुन्दर ढंग से तभी कर सकती है जबकि इसमें देश के प्रत्येक भाग से लिये हुए कर्मचारी काम करें। इससे यह आशा की गई थी कि यह न केवल विभिन्न प्रान्तों में कार्य कर रहे फोर्स के लघु यूनिटों की भाषायी समस्या का समाधान करेगी वरन् फोर्स में सम्पूर्ण देश का एक चित्र प्रस्तुत करेगी जिससे छोटी प्रादेशिक असमानताओं का बहिष्कार होगा।

फोर्स के निम्न श्रेणी के कर्मचारियों के मस्तिष्क में तथा स्थानीय व्यक्तियों के व्यर्थ के महत्व और ख्याति को उनके विचारों में कम करने के लिये सारे भारत के एक सामान्य विचार की ओर ध्यान केन्द्रित किया गया था। सम्पूर्ण देश के व्यापक हितों के संदर्भ में यह आवश्यक समझा गया जिसके द्वारा फोर्स में व्याप्त विषमता के लोप होने की आशा की गई। जिन कदमों को सदैव के लिये उठाये जाने का निश्चय किया गया वे उस शाही वक्तव्य को निरर्थक करने के लिये महत्वपूर्ण थे कि भारत उन भिन्न-भिन्न व्यक्तियों का समूह है जो न साथ-साथ रह सकता है, खा सकता है और काम कर सकता है। इसी प्रकार एक छोटे से द्वीप में वेल्श व स्काट लोग हैं। परन्तु वास्तविक रूप में स्वतंत्रता के आगमन से पूर्व इस भ्रम का समर्थन देश के विभाजन द्वारा किया गया। देश के हितैषियों द्वारा भी उसके विभाजन के सत्य को स्वीकार कर लिया गया जो कि शुभ-विचार रखते हुए भी, चाहे कितनी कपटपूर्ण घटना यह रही हो, उसकी किसी बात से हटने के लिये तैयार न थे। उनकी असफलताओं के कारण ही हाल की विकसित घटनाओं ने उस देश के एक भाग में राजद्रोह के रूप में जन्म लिया। उन घटनाओं से सबक लेना आवश्यक है।

इस नीति-निर्धारण के पश्चात् फोर्स की समस्त भर्तियों का विस्तार भारत के विभिन्न राज्यों में कर दिया गया। देश के विभिन्न भागों से आये हुए व्यक्तियों के वाहिनी में सबसे छोटे सब-यूनिट में प्रवेश करने पर भी ध्यान रखा गया और उन्हें एक वर्ग अथवा प्लाटून के स्तर पर एकीकृत यूनिट के रूप में विकसित होने का अवसर दिया गया। विस्तार की प्रत्येक अवस्था में नीति का दृढ़तापूर्वक पालन किया गया। इसका भारी लाभ स्थानीय भावनाओं में लिप्त उत्तर में जम्मू-कश्मीर, दक्षिण में केरल, पश्चिम में महाराष्ट्र तथा पूर्व में असम की गम्भीर समस्याओं से जूझने के लिये इसके विस्तार

में हुआ। सारे देश के हितों को ध्यान में रख कर फोर्स ने कभी भी प्रादेशिक भावना से काम नहीं किया। इस नीति की सफलता को मान्यता उस समय मिली जब कि फोर्स को ऐसे क्षेत्रों में नियुक्त किया गया जहाँ पर कि विपरीत विचारधाराओं के मनुष्यों का समावेश था और वहाँ पर भी फोर्स ने अपना कर्त्तव्यपालन उचित नीति से किया। पिछले वर्षों में देश के विभिन्न भागों में भाषा एवं सीमाविवादों से उत्पन्न विधि एवं व्यवस्था की समस्याओं से बढ़कर और अच्छे उदाहरण क्या हो सकते हैं।

१९६८ तक फोर्स के विस्तार में नई भर्तियाँ की गई थीं और प्रत्येक वाहिनी में प्रारम्भिक अवस्था से इसी नीति का अनुकरण किया जा रहा था। परन्तु १९६८ में भारत सरकार द्वारा पूर्व-पोषित राज्य वाहिनियों का एक वृहत अंश केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में विलीन कर दिया गया, तब कुछ प्रशासकीय कठिनाइयाँ उत्पन्न हुई जिनको हल करने के लिये इन राज्य यूनिटों का अखिल भारतीय रूप में एकीकृत वाहिनियों में समावेश कर किया गया। बाधाओं पर काफी विजय प्राप्त की जा चुकी है। अब जो कार्य शेष रह गया है, वह है उस गति से सफलता प्राप्त करना जिसमें फोर्स का सामान्य व्यापक चित्र अपनी कार्यप्रणाली की त्याज्य सीमाओं से केवल प्रत्येक यूनिट के जीवन में अखिल भारतीय स्वरूप की कमी के कारण पीड़ित न हो। ऐसी पूर्व कल्पना का लोप केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की रचना की प्रारम्भिक अवस्था में ही कर दिया गया था और अब यह संस्था एक एकीकृत राष्ट्रीय विचारधारा वाली है जो कि प्रत्येक देशवासी के हित के लिये अपना कर्त्तव्यपालन करती है।

भारी संख्या में मनुष्यों का शोषण एवं पूर्णरूपेण प्रादेशिक आधार पर भर्ती कर इस बढ़ते हुए लाभ को एक आकस्मिक घटना द्वारा नष्ट नहीं किया जा सकता। इस अवस्था में न तो यह सम्भव है और न ही वांछनीय, जबकि जीवन के सम्पूर्ण क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता एक प्रमुख महत्त्व की वस्तु बन गई है और इस बात को सभी ने स्वीकार कर लिया है। सम्पूर्ण देश में सर्व साधारण द्वारा मान्य हाल ही में हुए लोकसभा के लिए मध्यावधि चुनाव परिणाम इसकी वैधता के सर्वोत्तम प्रमाण हैं। इसके द्वारा जनता ने प्रचंड बहुमत एवं समग्र रूप में अन्तिम रूप से राष्ट्रीय निर्देशात्मक विचारों पर तुच्छ प्रादेशिक स्वार्थों की बहुचर्चित प्रभुता को ठुकरा दिया है।

—आर० एन० शिवपुरी

एक बीमार राज्य

पश्चिमी बंगाल भारत का तीसरा छोटा राज्य है जिसका क्षेत्रफल गुजरात के कच्छ जिले से दुगना है। इस शताब्दी में इसकी जनसंख्या चार गुनी हो गई है। प्रति वर्गमील में जनसंख्या का घनत्व अखिल भारतीय औसत से तीन गुना अधिक है। कलकत्ता की ३०० मील की परिधि में, उद्योगों का एक विशाल समूह, उनकी

आवश्यकता के लिये कच्चा माल, लोहा, फौलाद तथा कोयला, ये सब भारत के आर्थिक स्वरूप के प्रतीक बने खड़े हैं। फिर भी कलकत्ता नगर की प्रगति दशाब्दियों से रुक गई है। १९३१ से १९६१ के तीस वर्षों में कलकत्ता नगर का विकास १४० प्रतिशत हुआ और उसके औद्योगिक उपनगरों का विकास १६५ प्रतिशत हुआ। इसी अवधि में वृहद् बम्बई का विकास २१८ प्रतिशत, देहली का ४२४ प्रतिशत, अहमदाबाद का २८४ प्रतिशत तथा बंगलौर का २२८ प्रतिशत हुआ। एक उचित स्पष्टीकरण यह है कि कलकत्ता वर्तमान अवस्था में अपनी पूर्णता के बिन्दु पर पहुँच गया है।

अन्य राज्यों से आने वाले निवासियों के निरन्तर प्रवाह से पिछले दस वर्षों के मध्य इस राजधानी-रूपी जनपद की जनसंख्या में एक तिहाई की वृद्धि हो गई है। पश्चिमी बंगाल तथा विशेषतः कलकत्ता के जीवन में इस विशाल और बढ़ते हुए प्रवाह का भारी एवं बहुर्मुखी दबाव रहा है। इसका मुख्य प्रभाव यह पड़ा कि स्थानीय निवासियों के लिये रोजगार की समस्या गम्भीर हो गई। विशेषकर कुछ मालिक लोग स्थानीय व्यक्तियों को नौकरी देने से घृणा करते हैं, चाहे वे कितने ही योग्य क्यों न हों, क्योंकि वे राजनैतिक रूप से जाग्रत हैं और ट्रेड यूनियन की कार्यवाहियों में व्यस्त रहते हैं। इस प्रकार नौकरी न देने का क्रम दशाब्दियों से चला आ रहा है। बंगाल के निवासी दूसरे राज्य के निवासियों से अधिक पाश्चात्य शिक्षा के प्रेमी रहे हैं और अंग्रेजी भाषा के ज्ञान के कारण उनको ब्रिटिश व्यापारिक संस्थानों तथा सरकारी विभागों में नौकरियाँ तुरन्त उपलब्ध होती रहीं। तदन्तर इन व्यक्तियों ने अपनी बचत-पूँजी जमीन खरीदने में लगाई और उनकी सन्तति जमीनों के काम में लग गई। शून्य स्थान की बाहर के निवासियों ने पूर्ति कर दी थी, विशेष कर राजस्थान से आये व्यवसायी एवं व्यापारिक समाज ने। केवल शून्य स्थान की ही पूर्ति नहीं हुई, वरन् मालिक द्वारा अधिक सुविधाजनक होने के नाते भारी अनुपात में इस हानि की पूर्ति भी कर दी गई। शिक्षा के निरन्तर विकास से रोजगार की माँग में वृद्धि हुई, परन्तु स्थानीय निवासियों ने यह देखा कि नौकरी अधिक संख्या में सरलतापूर्वक दूसरों को दे दी जाती है और उन्हें नहीं मिलती, क्योंकि मालिकों के निकट सम्पर्क में होने से वे प्राथमिकता प्राप्त कर लेते हैं।

स्थानीय निवासियों ने पीछे रह जाने के कारण अपनी आँखें मलीं और निराशा की भावना लेकर क्रोध में उठ खड़ा हुआ। राजनीति ने इसका लाभ उठाया और उनकी भावनाओं से खेलना शुरू कर दिया। तथाकथित सुधारकों ने वर्ग-शत्रुओं के विनाश का बीड़ा उठाया। रात ही रात में हत्यारे उत्पन्न हो गये और हत्याएँ एक दैनिक क्रम बन गई। कुछ समय बाद हत्यारे एक दूसरे पर झपटे और आत्म-विनाश का दृश्य उपस्थित हो गया। यहाँ वहाँ की हत्याओं से जाति का विनाश नहीं हो सकता। जो कुछ दाँव पर लगा है वह है बंगाल की संस्कृति, उसके जीवन-यापन की विधि, जो महान् और युगों प्राचीन है।

रिक्त आकृतियों को चित्रित करने के लिये बंगाल की राजनीति को कभी संतोष न

हुआ। स्वतंत्रता के पश्चात्, यद्यपि वयस्क मताधिकार की स्थापना की गई, फिर भी अधिकांश दलों ने युद्ध की प्रवृत्ति पर ही अधिक भरोसा किया। संसदीय जनतंत्र के २३ वर्ष पश्चात् भी लगभग सभी दलों द्वारा प्रचारित राजनैतिक दर्शन अभिन्न-सा ही रहा। युद्ध प्रवृत्ति द्वारा जनतांत्रिक परिणामों को प्राप्त करने की इच्छा १९५५ में औद्योगिक एवं कोयला खानों के क्षेत्रों में बलवती हुई। अगले दस वर्षों में इस युद्ध-प्रवृत्ति का विस्तार व्यापारिक संस्थानों में कार्य करने वाले सफेदपोश बाबुओं, सरकारी कर्मचारियों, अध्यापकों आदि तक हो गया। ऐसी अवस्था में उन असामाजिक तत्वों को, जो अब तक भूमिगत थे, प्रकट रूप में आने का अवसर मिला। १९६५ में ये असामाजिक तत्त्व बेलधारिया, सियालदह तथा नगर के अन्य क्षेत्रों में प्रकाश में आये। तथाकथित वामपंथी दल भी अब तक घातक शस्त्रों की राजनीति में प्रवीण हो चुके थे। चीनी आक्रमण और पाकिस्तानी अतिक्रमण का देश की आर्थिक अवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ा। राज्य कांग्रेस दले असहाय-सा हो गया था। राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता को देखते हुए वामपंथी दलों ने बंदों, खाद्य आन्दोलनों, संगठन विवादों और कारखाना बंदी से गहरा आघात पहुँचाया।

सत्तारूढ़ दल का जन सम्पर्क तथा राज्य के प्रशासन से भी सम्पर्क टूट चुका था। सही और ग़लत में भेद करना कठिन था और विपत्तियों के पहाड़ टूटने लगे थे। १९६७ में, जब कि चौथा महानिर्वाचन हुआ, छिन्न-भिन्न कांग्रेस का पूर्ण रूप से सफाया हो चुका था।

संयुक्त मोर्चा सरकार सत्तारूढ़ हुई और जनता ने बड़ी ही आशा से चमत्कारों तथा परिवर्तनों की प्रतीक्षा की। नये प्रशासकों ने जनता को और भी निराश कर दिया। पूर्व स्थिति को भंग कर दिया गया, कारखाने बन्द हो गये, मजदूरों की छटनी हुई और गांवों में लूटमार और फसल पर झगड़े शुरू हो गये। प्रशासन असहाय की तरह देखता रहा। औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों में विकेन्द्रित धमाके होने लगे। मार्क्सवादी साम्यवादी दल अन्य दलों की कीमत पर अपनी सुसंगठित सेना सहित अधिक शक्तिशाली होता गया। फिर भी नक्सलवादी आन्दोलन ने अन्य दलों की आंखें खोल दीं। उन्होंने देखा कि एक छोटी परन्तु संगठित सेना से बड़ी शक्तियां भी रोकी जा सकती हैं। इस विचार ने, मिदनापुर जिले के देबरा और गोपीबल्लभपुर की नक्सलपंथी घटनाओं के समान, प्रतिशोध और आन्दोलन की भावना को जन्म दिया। राजनीतिक परिस्थिति निरन्तर बिगड़ती गई, क्योंकि प्रत्येक बड़े राजनीतिज्ञ के प्रभावित क्षेत्र में अपने दल के दोषों की बजाय अन्य दलों के दोषों को प्रमुखता दी गई और आवश्यकता पड़ने पर तथाकथित अपराधियों को दंडित भी किया गया। संयुक्त मोर्चा सरकार का जनता, पुलिस तथा प्रशासन के मध्य सम्बन्ध सुधारने का संकल्पित लक्ष्य धूमिल हो गया। जब दूसरी संयुक्त मोर्चा सरकार का अन्त हुआ, तो जनता पर उसका जादू प्रायः समाप्त हो चुका था। संसदीय जनतांत्रिक प्रणाली पर से नवयुवकों का विश्वास उठ चुका था। भारी संख्या में वे लोग नक्सली हो गये। असामाजिक तत्त्वों तथा निराश मजनुओं ने उनका अनुकरण किया। नगर में पोषित आदर्शवाद के लिये भी कृषि-क्रान्ति कष्टदायक सिद्ध हुई। वे इस कष्ट में महसूस करने लगे कि ग्रामीण

एक दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं। जैसी कि परिस्थिति अब है, समस्त राजनीतिक दल पहले से अधिक चतुर हो गये हैं, लेकिन हिंसा की राजनीति ने जीवन के अन्य क्षेत्रों में प्रवेश पा लिया है। प्रतिदिन समाचार-पत्र अधिक मौतों की सूचना देते हैं और दलीय समाचार-पत्र हत्याओं की संख्या में वृद्धि का दावा करते हैं। जन साधारण, जिनको राजनीति के विषय में बातचीत करते हुए चाय की दुकानों, ट्रामों तथा बसों में देखा जा सकता है, बहुत कम ही किसी राजनीतिक दल के पक्ष में अपना मुह खोलते हैं। यह कहा जाता है कि अपराधपूर्ण मनोवृत्ति से की गई हत्या को भी राजनैतिक हत्या का रूप दे दिया जाता है।

राजनैतिक नेतागण तथा पुलिस दोनों यह स्वीकार करते हैं कि हिंसा का वातावरण एक ऐसे दूषित चक्र में प्रवेश कर चुका है जिसका आदि है न अन्त। क्योंकि हत्या से हत्या का जन्म हो रहा है और हिंसा से हिंसा का, संख्या बढ़ती जा रही है। मार्क्सवादी साम्यवादी दल के अतिरिक्त अन्य दल विधि एवं व्यवस्था की स्थिति पर वार्त्ता करने के लिये तत्पर प्रतीत होते हैं परन्तु मार्क्सवादी साम्यवादी दल वार्त्ता से बाहर रह कर कहाँ जायेगा। और फिर शत्रु भी कौन लोग हैं ?

सामाजिक तथा आर्थिक समस्या के अतिरिक्त पुलिस की समस्या भी एक समस्या है। प्रदर्शवादियों को मनोवैज्ञानिक रीति से सुधारा जा सकता है, परन्तु आन्दोलनरत असामाजिक तत्वों को पुलिस के लिये ही छोड़ देना आवश्यक है। अब केवल राजनीतिक दल ही पहल ले। सकते हैं, यदि वे दो तरह की बातें करना त्याग कर सच्ची बात कहें। उन्हें हिंसा का त्याग करना होगा और संसदीय जनतंत्र में अपना दृढ़ विश्वास प्रकट करना होगा, क्योंकि दोनों रास्तों में यही उत्तम मार्ग है।

पश्चिम बंगाल में किसी भी सरकार का, चाहे वह वामपंथी हो, दक्षिणपंथी हो अथवा राष्ट्रपति शासन के अन्तर्गत प्रशासन हो, प्रथम लक्ष्य राज्य में विधि एवं व्यवस्था की स्थिर्ति के प्रति जनता को आश्वस्त करना है। परन्तु विधि एवं व्यवस्था पुनः तभी स्थापित हो सकती है जब कि उचित कष्टों का शीघ्र निवारण कर दिया जाये। सार्वजनिक निर्माण का एक विशाल कार्यक्रम शुरू किया जाय। पानी निम्न स्तर पर पाया जाता है और मनुष्यों तथा पशुओं के पीने योग्य पानी के लिये ट्यूबवैल, कुँए तथा पक्के तालाबों की आवश्यकता है, दलदली क्षेत्र में एक गाँव से दूसरे गाँव को जोड़ने वाली सड़क बहुत आवश्यक है, और इन कार्यों के लिये नवयुवक अभियन्ताओं का नियन्त्रण तथा ऐसे कार्यों के खाते रखने के लिये एकाउण्टेण्टों की आवश्यकता है।

निस्संदेह समस्त देश को इन वस्तुओं की आवश्यकता है परन्तु बंगाल आजकल गम्भीर अवस्था में है और उसकी भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार उसे प्राथमिकता मिलनी ही चाहिए। अधिक से अधिक इन मामलों में, जहाँ कारण से अधिक उत्कंठा कार्य करती है, हमें यह देखना है कि उत्तेजित होने के उपरान्त भी क्रोध को हमें सहानुभूति तथा तुरन्त कष्टों के निवारण से शान्त करना है। अन्ततोगत्वा एक राष्ट्र की यही परिभाषा है कि यह एक ऐसे व्यक्तियों का समूह है जो साथ ही जीना चाहता है और आवश्यकता पड़ने पर साथ ही मरना चाहेगा।

अब शेष भारत के लिये यह आवश्यक है कि वह बंगाल को बताये कि हम उसके दुख तथा विनाश में साझी हैं और यदि यह सब समाप्त न हुआ तो हम भी उसके साथ नष्ट हो जायेंगे। केवल २५ वर्ष पूर्व स्वयं के लिये निमित पाकिस्तान रूपी राष्ट्र से लाखों की संख्या में आ रहे व्यक्तियों के उपरान्त भी राष्ट्र के व्यवहार का बंगाल के मस्तिष्क पर इससे सुन्दर प्रभाव और क्या पड़ सकता है। एक संयुक्त स्वतन्त्र बंगाल की ओर बंगाल के विचारों के झुकाव के खतरों की फैली हुई अफवाहों में राजनीतिक उपपत्ति की कोई वैधता नहीं है। केवल एक प्रमुख कृषि राज्य होने के नाते संयुक्त बंगाल चाहे कितना ही आकर्षक क्यों न लगे, पश्चिमी बंगाल का निवासी भारत में जो उच्च सम्मान तथा प्रभाव स्थापित कर सकता है, वह अन्यत्र नहीं।

हमारे उद्योग को प्रतिद्वन्द्विता प्रदान करने वाला क्षेत्र बंगाल के पश्चिम में स्थित है। यही वह क्षेत्र है जिसकी खास तौर से सावधानीपूर्वक सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से रक्षा करनी है। एक सुप्रसिद्ध कल्पनाशील व्यक्ति ने कहा है, "यदि कोई इस क्षेत्र पर अधिकार कर लेता है तो सारे भारत को आत्मसमर्पण करना होगा, आप लकड़ी की बेंत से फौलाद का मुकाबला नहीं कर सकते"। न केवल इस क्षेत्र की वरन् बंगाल जैसे प्रत्यक्ष सीमान्त क्षेत्रों की रक्षा करने के लिये विशेष ध्यान व कार्यवाही की आवश्यकता है जिससे कि उग्र भावनाओं को शान्त किया जा सके जो कि अकारण ही उत्पन्न हो जाती हैं।

—सी० जैड० गफूर

शहीदों के प्रति—

श्रद्धाञ्जलि के दो फूल

मौत क्या मिल गया तुझे यह बता ?
रौशन चिरागों को गुल करके।

मौत ? शायद तुझे पता ही नहीं;
बहादुरों के रूठ जाने से।
बे सहारा हैं आज कितने दिल;
लड़ रहे थे जो इस जमाने से।

मौत क्या मिल गया तुझे यह बता ?
रौशन चिरागों को गुल करके।

उनके कदमों में उनकी आँखों में;
हमने पाया सदा वफा का चलन।
जिनके दमों से थी गरम हिमालय की राहें;
बुझ गये आज वो चिरागे सुखन।

मौत क्या मिल गया तुझे यह बता ?
रौशन चिरागों को गुल करके।

जिस्म फानी है सारे आलम का;
फिर भी कुछ लोग ऐसे होते हैं।
मौत पे जिनके दोस्त क्या दुश्मन;
सारी दुनियां के लोग रोते हैं।

मौत क्या मिल गया तुझे यह बता ?
रौशन चिरागों को गुल करके।

जिस्म छिन जाय उनका हम से मगर;
उनके तक्मे सदा रहेंगे जवां।
वक्त जिनको मिटा नहीं सकता;
इतने गहरे हैं दिल पे उनके निशां।

मौत क्या मिल गया तुझे यह बता ?
रौशन चिरागों को गुल करके।

—छाजुराम यादव

स्वदेश--प्रहरी

पथ अपनी मधुर सिपाही,
निज देश प्रेम का मधुर दीप।

चिर उर में जलता राही,
पथ अपना मधुर सिपाही।

मातृभूमि की पावन रज,
रस जीवन देती सदा हमें।
श्वासें उर प्राणों का मधुरिम,
स्वर सौरभ देतीं सदा हमें।
पावन चरणों को उदधि, प्रेम—
से धोता रहा सदा ही। पथ अपना...। १।

अमिट रजत की रेखाएँ,
इसके किरीट की हैं शोभा।
कण-कण में व्यापक सरिताओं —
ने सदा 'पथिक' उर लोभा।
जिनका अमृत बिन्दु जल पा।
हम धोते मल अपना ही। पथ अपना...। २।

मधुर साम-ध्वनि कलरव, में,
अनुपम गुण गाथाएँ गाकर।
बन्दीजन हमें जगाते हैं,
नव आभा प्राची से पाकरः।
स्वार्णिम पट से ऊषा झलती।
चञ्चल मुक्तावलि आभा ही। पथ अपना...। ३।

लाली वित अमिट त्याग, भारत—
वीरों के उर में भरती है।
सुरभित पुष्पों से समाधि पर,
वायु नित पङ्खा झलती है।
मिटकर भी जिनकी विजय-ध्वजा।
फहराती रही सदा ही। पथ अपना...। ४।

जमनी के गौरव के प्रतीक,
हे प्रहरी, वीर देश के ।
कर्त्तव्य, प्रेम का मधुर-ललित—
स्वर भरना वीर, वेश में ।
जिससे प्रणाम् कर बढें 'पथिक' ।
इस पथ पर बनकर राही । पथ अपना...। ५।

—विश्वनाथ सिंह चन्देल 'पथिक'

***Editor* :**	**RN Sheopory**
Asst (Hindi) :	**PN Chaturvedi**
***Publisher* :**	**Director General**
	CRPF, New Delhi
***Printer* :**	**India Printers, Ajmer**

THE CRAPLER

The Central Reserve Police News Letter & Magazine

Vol XXI. No. 6 31 December, 1971

THE CRAPLER

The Central Reserve Police News Letter & Magazine

Vol XXI, No. 1 28 February, 1971

From the Editor...

We are aware that in journalism, as in all walks of life, repetition is not the best example to set. or to follow. Still we print, again, within a short period of time, as our cover photograph a picture of Bharat Ratna Smt Indira Gandhi. 'That woman', as President Yahya Khan of Pakistan chose to address her, is the woman of India's destiny, the woman of the century. Perhaps of several centuries, past and yet to come. We know it can bear repetition not once but as often as may be. An outstanding example of filial piety, not only as the daughter of Panditji but as a daughter of thousands of years of Indian civilisation, she is indeed a shining example of the best in Indian traditions. These we have tended to lose sight of in our hurry to ape Western society after Independence. The British in their two hundred years of rule had not been as successful in axing our civilisation as we have ourselves been in the past twenty four, running after petty fruits for self-interest, ever so often losing the pounds for the pence. In the process we have tended to lose our moorings and this has had a sad effect on our social fabric and on our overall balance of existence. In-built checks created through long experience of hundreds of generations having been disregarded as outmoded, we have suffered in all phases of our national life. If the two swift wars against forces of destruction, fought by our Prime Minister within two years, one to save the body politic of the country internally and the other to seize and purposefully utilise the initiative to save the country

from becoming a permanent pawn in the now fully exposed unscrupulous international hands, succeed in restoring to us the values, which we had, by and large, tended to bypass in the first flush of Independence, she would indeed have completed the task which her most venerable father had set out to achieve but which our petty-minded tardiness did not permit him to fully accomplish before Time snatched him away from us. In these battles she has won and retained the unequivocal and massive support of the people of India and the peoples of the world respectively, detractors notwithstanding.



Now that the nation has been given a second chance it is for the nation itself to utilise it to its best advantage and not to fritter away its energies while the ‘tryst with destiny’ awaits fulfilment. As the Prime Minister too rightly said in a recent public meeting at Delhi it is the ‘fire’ inside which has to be built up and kept alive. This had, somehow, shown indications of fading, except in a few hearts, in the years immediately after Independence

had been won. There being no substitute for honest hard work, all members of the nation, in whatever walk of life, shall have to contribute liberally of this commodity and pursue a common direction to achieve the common goal. A propaganda machine cannot fulfil the task, as has been sometimes erroneously believed. Hearing may be believing for the large multitudes but nature deals only with realities in their most earnest form. And nature can be cruel indeed.

For us in the armed forces, on whom the nation relies for its security, internal and external, the performances of the armed forces of Pakistan in what is today Bangla Desh should be an example of nature's ways. Seeing their modes and methods, and the results thereof, should teach us never to attempt to tread the paths which can lead to self-destroying processes. That we do not actually follow these paths is only too evident from the way the CRPF has endeared itself to the people of West Bengal, engendering the faith here which alone could lead to the promises of the nation, since fulfilled, to the people of Bangla Desh, even though the climate at the beginning of President's Rule in this State was none too attractive. All armed forces of the Union of India, by adhering to a strict code of conduct, coupled by professional skill, have also endeared themselves to the people of Bangla Desh, inspite of having had to fight a shooting war in that land, with all that it, of necessity, entails. Yet it is good to be consciously aware at all levels of functioning of the pitfalls of such behaviour lest, unknowingly, one may trip. The armed forces of Pakistan, we believe, could not have fallen deliberately. But they did fall. And this was bad enough for that nation and can happen anywhere. Even one slip matters.

It is for all of us, individually and collectively, therefore to ensure that no slip takes place, ever. Towards this end we send our very best wishes for the New Year to all our constituents to all members of all sister services, and to the nation which we all serve. And, of course, to our Prime Minister towards whom the nation looks for purposeful guidance for many many years to come so that she can fulfil the tasks that Panditji set out to complete and to reach the horizons towards which his pointing fingers direct the nation.

As we go to the press officers and men of the Ajmer Range of the CRPF have intimated their resolve to present, through the Director General, as a New Year's gift, to Smt Indira Gandhi, for the National Defence Fund, or for any other national purpose in the current emergency, to be spent at her

discretion, certain amounts from their emoluments for the month of December 1971, which are expected to total approximately Rs one lac. We congratulate the officers and men of the Range on their decision.

—The Editor

सम्पादकीय.....

हम सचेत हैं कि जीवन के अन्य क्षेत्रों की भाँति पत्रकारिता के क्षेत्र में भी पुनरावृत्ति को मान्यता देना अथवा अनुकरण करना सर्वोत्तम उदाहरण नहीं है। फिर भी हम, अल्पकाल के अन्दर ही भारत-रत्न श्रीमती इन्दिरा गाँधी की तस्वीर अपने प्रमुख चित्र के रूप में छाप रहे हैं। "वो औरत", जैसा कि पाकिस्तान के राष्ट्रपति याहिया खान ने उनको सम्बोधित करना उचित समझा, ही भारत की भाग्य-विधाता एवं इस सदी की प्रमुख महिला हैं। न केवल इस सदी की ही, अपितु भूतकाल तथा भविष्य की अनेक शताब्दियों की भी । पितृ-भक्ति की एक अनुपम उदाहरण, न केवल पंडितजी की पुत्री होने के नाते वरन् सहस्त्रों वर्षों की भारतीय सभ्यता की पुत्री होने के नाते, वह वास्तव में भारतीय परम्पराओं की एक सर्वोत्तम ज्वलन्त प्रतीक हैं। स्वतंत्रता के पश्चात् पाश्चात्य समाज की नकल करने की जल्दबाजी में हम अपने लक्ष्य से भटक गये थे । ब्रिटिश लोग अपने दो सौ वर्ष के शासनकाल में हमारी सभ्यता को इतना आघात पहुँचाने में सफल न हो सके जितना कि हम लोगों ने पिछले चौबीस वर्षों में निजी स्वार्थों के तुच्छ परिणामों के लिये अपनी सभ्यता को आघात पहुँचाया । इस क्रम में हम अपने मूल लक्ष्य से भटक गये और इसका हमारी सामाजिक रचना तथा सर्वांगीण अस्तित्व पर दुखद प्रभाव पड़ा । यदि दो वर्षों के अन्दर ही हमारी प्रधानमंत्री दो त्वरित युद्धों से जूझ कर आन्तरिक राजनीतिक अंग की रक्षा व अन्तर्राष्ट्रीय तत्वों से देश की रक्षा करने में पूरी तरह सफल होती हैं तो वे उस उद्देश्य को प्राप्त कर लेंगी जो कि उनके पूज्य पिता ने मुल्क के सामने रखा था और जो हमारी तुच्छ बुद्धि तथा विलम्बकारी आदतों से उनके समय में पूरा नहीं हो सका। इन युद्धों में उन्होंने भारतीय जनता तथा विश्व की जनता से अपार सहयोग प्राप्त किया, जिसमें उनके विरोधी भी सम्मिलित हैं ।

अब चूँकि राष्ट्र को एक और अवसर मिल गया है, अब यह देश का कर्तव्य है कि वह इसका सर्वोत्तम लाभ के लिये उपयोग करे और अपनी शक्ति को क्षीण न होने दे । जैसा कि प्रधानमंत्री ने अभी हाल दिल्ली की एक सार्वजनिक सभा में कहा, उस अन्दर की आग को कायम रखना है जो स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरन्त पश्चात् ही, कुछ को छोड़कर, हम में बुझ सी गई थी। ईमानदारी व कठोर श्रम मुल्क के प्रत्येक सदस्य

को, चाहे वह किसी भी क्षेत्र का क्यों न हो, बरतना पड़ेगा और सामान्य लक्ष्य की प्राप्ति के लिये सामान्य दिशा की ओर बढ़ना होगा। केवल प्रचार तंत्र यह कार्य नहीं कर सकते, जैसा कि कभी-कभी समझ लिया जाता है। जनता भले हीं मान भी ले लेकिन प्रकृति के नियम केवल इन तंत्रों से नहीं ढाले जा सकते और प्रकृति के नियम बहुत ही कठोर हो सकते हैं।

हम सशस्त्र सैनिकों के लिये, जिन पर कि राष्ट्र अपनी आंतरिक तथा वाह्यिक रक्षा के लिए भरोसा करता है, पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं का बांगला देश में कार्य प्रकृति के नियमों का एक अधम उदाहरण है। उनके तौर-तरीके तथा उनका परिणाम हमें सिखाता है कि ऐसे मार्ग पर कभी न चलें जो स्वयं-नाशक हो। यह कि हम ऐसे मार्ग का अनुसरण नहीं करते, के० रि० पु० फोर्स की इस कार्य-प्रणाली से हीं प्रमाणित हो जाता है जिसके द्वारा फोर्स ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्र के प्रण को रखते हुए वहां की जनता का विश्वास प्राप्त किया, यद्यपि राष्ट्रपति शासन लागू होने पर इस राज्य की परिस्थिति अच्छी नहीं थी। भारतीय संघ की समस्त सशस्त्र सेनाओं ने, जो कि अपनी कार्य-प्रणाली के कठोर नियमों से बंधी हुई हैं, व्यावसायिक योग्यता व सहयोग से बांगला देश की जनता को अपनाया, बावजूद इसके कि उस देश में गोलियाँ भी चलानी पड़ीं । अपनी व्यवहार-कुशलता में पूर्णरूपेण सर्वदा सतर्क रहना है ताकि अनजाने में भी कोई त्रुटि न हो जाय । हमारा विश्वास है कि पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाएँ जान-बूझकर इतना नहीं गिर सकती थीं। परन्तु वे गिर गये। और यह उस राष्ट्र के लिये अच्छा न था। ऐसा कहीं भी हो सकता है। केवल एक भूल ही काफी है।

अतः यह हम सबको व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप से ध्यान रखना है कि कोई भूल कभी न हो। इस और हम नव वर्ष की शुभकामनाएँ अपने सब अंगों, सहचरी सेवाओं और राष्ट्र के प्रति करते हैं, जिसके हम सब सेवक हैं। और अपने प्रधानमंत्री के प्रति भी, जिनकी ओर समस्त राष्ट्र अनेक वर्षों तक पथ-प्रदर्शन की आशा रखता है कि वह उन कार्यों को पूरा करेंगी जिन्हें पंडितजी ने पूरा करने का संकल्प किया था।

के० रि० पु० फोर्स अजमेर रेञ्ज के अधिकारीगण तथा कर्मचारियों ने हमें सूचित किया है कि वे श्रीमती इन्दिरा गाँधी को, फोर्स के महानिदेशक के द्वारा, नव वर्ष के उपहार-स्वरूप राष्ट्रीय सुरक्षा, अथवा किसी अन्य राष्ट्रीय कार्य के लिये वर्तमान संकटकाल में उनकी इच्छानुसार व्यय करने के लिये, दिसम्बर १९७१ मास के वेतन में से कुछ राशि देंगे जिसकी मात्रा अनुमानित १ लाख रुपया है । हम रेञ्ज के अधिकारीगण तथा कर्मचारियों को उनके इस निर्णय पर बधाई देते हैं ।

–सम्पादक

News Letter

Ceremonial



Sri SK Madan, IPM for gallantry, Sri KM Krishnappa, IPM for meritorious services, Sri Ram Saroop Singh, IPM for meritorious services and HC Ramdhari Pandey, IPM for gallantry.

• It was under the shadow of the threat of war extended by Pakistan that the Anniversary was held this year at Neemuch. Shri Jagjiwan Ram, the Defence Minister, presided over the functions of the day, starting with the ceremonial parade at which he took the salute. After decorating 32 personnel with medals for gallantry, distinguished and meritorious services and giving away seven medals for gallantry earned posthumously Shri Jagjiwan Ram addressed the officers and men of the force. Dwelling for a while on the past history and traditions of the force and taking within his sweet the impact thereon of the Chinese incursion in 1959 and the Kutch war of Pakistan in 1965, the Defence Minister made a call for preparedness again to meet the attack for which Pakistan was presently poised and in anticipation of launching which a lot of war-like noises were being heard from the other side of the borders. The attack has since come and the events of the fourteen day war have passed into history. Shri Jagjiwan Ram had given a call at Neemuch that if the attack comes the war shall be fought not on Indian but on other soil. This promise of the Defence Minister has been kept and the CRPF is proud to have played its legitimate role in this historical episode no less gallantly and well than on earlier occasions. While units of the force have partaken of the fare with the other armed forces of the Union in active fighting we have also had the proud privilege of having been assigned the task of protecting the persons of the Acting President and the Prime Minister of Bangla Desh somewhere in the Eastern Theatre in

these crucial times.



Sri Inder Singh. IPM for meritorious services



A posthumous award for gallantry

Achievements

• For the past eighteen months we have been bringing to our readers a short resume of the activities of the CRPF in respect of action taken by the

force for the containment of the forces of destruction, subversion and sabotage let loose in West Bengal prior to the introduction of President's Rule in March 1970. The sabre rattling voices that we hear from across the Northern borders of the country can well be considered the angry outbursts arising from the result of this containment and its culmination in the joint action of all the armed forces of the Union and the Muktivahini in Bangla Desh eliminating once and for all the fissiparous seeds sown in this whole area by our northern neighbour, to the general detriment of the sub continent and to his advantage in the futherance of his global policies. We have however not yet reached our final goals and should not consider our duty done until complete stability is restored to the entire areas involved and their peripheries. As the Prime Minister has repeatedly pointed out recently the journey is long and alertness a must.



The Commissioner of Police, Calcutta visits 1 Bn to attend a peace committee meeting at Cossipore when the area had been cleared of the Naxalite menace after a prolonged battle.

[We shall print details of achievements by individual units in the next issue. —The Editor]

Sports & Competitions

• As forecast by us Ajmer took a beating in the year's Inter Range Athletic Meet. Surprisingly, however, it was not Durgapur or Delhi who stole the march, as anticipated. Our heartiest congratulations to Neemuch, the winners. We are sure that, with further development by them of the

techniques evolved during the current meet, Ajmer shall have to do more homework to even remotely hope to achieve the targets set.



Smt Imdad Ali at the Welfare Centre and on the Rifle Range

• The result of the Drill and Camp management competition at Neemuch during the Anniversary was not announced. It is however learnt that Ajmer were adjudged winners.

• The CRPF again lifted the Ogilvie Football trophy during the current year at Ajmer.

• The CRPF won the Basket-ball and Volley-ball championships in the West Zone tournaments. They also won the wrestling competitions in seven weights out of ten.

National Defence Effort

• 60 Officers and men of the office of the Directorate General gave the lead in respect of blood donation for the relief of the victims of the war declared by Pakistan.

• Ajmer Range has contributed Rupees one lac towards the Prime Minister’s National Defence Fund.

समाचार समीक्षा

शिष्टाचार

• पाकिस्तान द्वारा दी गई युद्ध की धमकी की छाया में इस वर्ष नीमच में वार्षिकोत्सव मनाया गया। रक्षामंत्री श्री जगजीवनराम ने उत्सव की अध्यक्षता की जिसका प्रारम्भ आकर्षक परेड से हुआ जिसकी उन्होंने सलामी ली। ३२ व्यक्तियों को उनकी वीरता, प्रसिद्धि एवं योग्यतम सेवाओं के उपलक्ष में तथा सात व्यक्तियों को उनकी वीरता के लिये मरणोपरान्त अलंकृत करते हुए श्री जगजीवन-राम ने फोर्स के अधिकारियों तथा सदस्यों को सम्बोधित किया। कुछ समय तक फोर्स के पूर्व इतिहास तथा परम्पराओं की चर्चा करते हुए और इसके साथ ही उस पर १९५९ के चीनी अतिक्रमण तथा १९६५ के पाकिस्तान के साथ कच्छ युद्ध का प्रभाव बताते हुए रक्षामंत्री ने वर्तमान में पाकिस्तान के आक्रमण का पुनः सामना करने के लिये तत्पर रहने का आह्वान किया जिसके युद्धोन्माद की गूँज सीमा पार से सुनाई दे रही थी । अन्ततः आक्रमण हुआ और युद्ध अपनी चौदह दिन की घटनाओं का इतिहास छोड़ गया । नीमच में श्री जगजीवनराम ने घोषणा की, यदि आक्रमण होता है तो युद्ध भारत की भूमि पर नहीं वरन् शत्रु की भूमि पर लड़ा जायगा । रक्षामंत्री के इस वचन का पालन किया गया और के० रि० पु० फोर्स को गर्व है कि उसने पूर्व अवसरों से भी अधिक इस ऐतिहासिक घटना में वीरतापूर्वक समुचित रूप से अपना कर्तव्य निभाया। इस संकट की वेला में जब कि इस फोर्स की यूनिटों ने संघ की अन्य सशस्त्र फोर्सों के साथ युद्ध में सहयोग दिया, हमें गर्व है कि इसके साथ ही हमने पूर्वांचल में बाँगला देश के तथा प्रधानमन्त्री की व्यक्तिगत रक्षा का भार सम्भाला।

उपलब्धियाँ

• पिछले अठारह महीनों से हम अपने पाठकों का ध्यान के० रि० पु० फोर्स की, पश्चिम बंगाल में मार्च १९७० में राष्ट्रपति शासन लागू होने से पूर्व, विनाश, तोड़-फोड़ आदि को कम करने के लिये संक्षिप्त पूर्वा-ग्रहण कार्यवाहियों की ओर आकर्षित करते रहे हैं। वह गुस्से से भरी आवाजें जो हम अपने देश को उत्तरी सीमाओं के पार से सुन रहे हैं वे उसी नियंत्रण का नतीजा है जिसकी वजह से यह बौखलाहट पैदा हुई है । संघ की समस्त सशक्त सेनाओं तथा बाँगला देश की मुक्तिवाहिनी की संयुक्त उच्च कोटि की कार्यवाहियों का भी यह परिणाम है। हमारे उत्तर के पड़ोसी ने इस उपमहाद्वीप की समृद्धि को बाधित करने तथा अपनी विश्व-नीति को आगे बढ़ाने के लिये इस सम्पूर्ण क्षेत्र में जो विष के बीज बोये थे उनको समाप्त कर दिया गया है। हम अभी अपने अन्तिम लक्ष्य तक नहीं पहुँचे हैं और हमें अपना कर्तव्य तब तक समाप्त नहीं समझना चाहिये जब तक कि इस सम्पूर्ण प्रभावित क्षेत्र तथा परिधि में पुन: स्थायित्व की स्थापना न हो जाय । जैसा कि हमारी प्रधानमंत्री ने बार-बार कहा है, हमारी यात्रा लम्बी है और निरन्तर रूप से सचेत रहना आवश्यक है।

[हम प्रत्येक यूनेट की सफलताओं का विवरण विस्तारपूर्वक अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

–सम्पादक]

खेल-कूद एवं प्रतियोगिताएँ

• जैसी कि हमने भविष्यवाणी की थी, इस वर्ष के अन्तरक्षेत्रीय ऐथेलेटिक मीट में अजमेर पिछड़ गया। आश्चर्य है कि अनुमान के अनुसार दुर्गापुर व देहली इस बार पीछे रह गये। नीमच के विजेताओं को हमारी हार्दिक बधाइयाँ। हमें विश्वास है कि चालू मीट में विजेताओं द्वारा अपनाये गये करतब से अजमेर को इस वर्ष अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिये काफी श्रम करना पड़ेगा।

• वार्षिकोत्सव के अवसर पर नीमच में ड्रिल तथा शिविर प्रबन्ध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित नहीं किया गया। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि अजमेर विजेता रहा।

• चालू वर्ष के दौरान के० रि० पु० फोर्स ने फिर से अजमेर में ओगिलवी फुट-बाल ट्राफी को प्राप्त किया है।

• के० रि० पु० फोर्स ने पश्चिम-क्षेत्रीय टूर्नामेण्टों में बास्केट-बाल तथा वाली-बाल चैम्पियनशिप प्राप्त की। उन्होंने दस में से सात कुश्ती प्रतियोगिताएँ भी जीतीं।

राष्ट्रीय सुरक्षा प्रयास

• महानिदेशक कार्यालय के ६० अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने पाकिस्तान द्वारा घोषित युद्ध में घायल व्यक्तियों की रक्षा के लिये रक्त-दान किया।

• अजमेर रेञ्ज ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा कोष में एक लाख रुपया दान दिया

Magazine Section

OF MORALE AND THE SERVICES

It is perhaps difficult to define morale in any one set definition or to fit it into some set formula. It is an intangible concept pervading a great many

activities of an individual or a group of persons in any organisation. It could, in a way, be understood as “the capacity of a group of people to pull together persistently and consistently in pursuit of a common purpose.” Morale is an inner possession of an individual as well as of a group, each interacting upon the other. It also refers to that sense of belonging and sense of unity of purpose which pervades among the constituents of an organisation. It encompasses practically the entire field and every aspect of activity of the organisation, whether it be an administrative department of the government, or an organisation engaged in manufacturing activities or a disciplined and uniformed body of men.

The concept of morale is something ethereal, a matter of the spirit. It points to the quality of outlook and the way one approaches one’s job. A high standard of morale in an organisation would be reflected in a high standard of efficiency, integrity and response. A high sense of morale, thus, would be a close coordinate of the feeling of satisfaction that comes in doing a job well—a feeling of achievement and of fulfilment. The constituents would not then have the feeling that they are carrying out the orders of their superiors in a mechanical way or that they are discharging their duties merely because of the monetary compensations of pay and allowances or status. Instead they would all be guided by an abiding inspiration that they are all engaged in a common task of giving of their best for the organisation and in the ultimate best interest of the country and the nation.

A high sense of morale is known to be infectious. It communicates itself. If a sufficiently large number of constituents in any organisation are inspired by the right ideals and the right attitudes to work, the others cannot remain unaffected. They are also bound to feel the impulse and the infective spirit. In this vital aspect perhaps lies the big responsibility of those who supervise and guide the constituents. They have to win the minds of their constituents and catch their imagination rather than merely secure mechanical compliance of orders.

Having thus had a brief idea about the concept of morale one may examine the processes through which it can be fostered and also what are the possible hinderances and factors which adversely affect it. In order to make it of topical interest one could confine ones deliberations to the study of morale of a government servant. In his case morale is the sine-qua-non

for his efficient functioning. There are numerous factors which go to promote or adversely affect the high sense of morale. These factors and circumstances cover a vast spectrum, starting right from the stage of recruitment and training, and involving his conditions of work as prevalent in an organisation as also the relationship of the organisation with the public and its relationships with the law makers and other such.

The very first impact affecting the morale of an individual comes at the stage of recruitment itself. If fairplay and competitive merit are sacrificed as guiding principles in the recruitment policy the sense of confidence of the individual in the management is bound to get shattered giving the first jolt and setback to any effort at nurturing a high sense of morale in the individual. Therefore it should be imperative to devise ways and means of recruitment where merit and fairplay only are the guiding principles.

Inadequacy of monetary compensation for services rendered also tends to have a deleterious effect on morale. The monetary compensation in an organisation, which often has no rational coordination with nor is linked to the standards of compensation for parallel work outside the organisation, is likely to adversely effect the enthusiasm of the individual in respect of giving of his best. Similarly too steep and wide differences of the salary structures within the organisation tend to lead to jealousies and class feelings among the employees of an organisation. Monetary compensations offered to police personnel in the States as well as in the Central Govt are woefully low considering the high demands and expectations made on a policeman by the public. The wages given are too inadequate to attract the better lot of our country’s youth for recruitment. The pay and allowances given to a constable being in some States lower even than those paid to a peon, the quality of personnel offering to join as police constables cannot be expected to be better as a class, perhaps worse. Being so, no high or intensive training or high principles of discipline sought to be inculcated can off-set the initial handicap of poor raw material.

The next stage affecting the morale is the training period. The purpose of training could be two-fold. Firstly, to inculcate vocational skill and proficiency in the tools of the trade to the trainee. Secondly, to successfully make the individual understand the purpose and aim of the organisation in which he is to work as well as the place it occupies in the community as a whole. It is here that a sense of belonging and serving a purpose in society

takes birth. The real test of reaching a state of high morale would be the achieving of a state of mind when the men want to do what they are to do, whatsoever be the odds. Herein also would lie the success or failure of the training programme. But this in turn is adversely affected in as far as a policeman is concerned by the ritual of his being all the time criticised and hauled over the coals for grievances, real and imaginary, which makes it impossible for him to believe in the real need society has for him or the organisation and the inevitability of his being used as a sacrificial goat in the various power equations that emerge from time to time in society.

Morale can to an extent, and to an extent only, be built up and promoted by introducing measures for welfare of the personnel. Steps can be taken to enhance the physical, mental and emotional well-being of the individuals and this in turn could yield dividends by way of enhancing of morale under even adverse circumstance. The inherent drawbacks of surrounding circumstance can, also, to a limit, be modified by the nature of relationship set up between the various echelons of the organisation. The affect of authoritarian methods on morale is often not healthy. Constant fear of authority and morale do not go well together. Display of high qualities of leadership, inspiring the constituents to work harmoniously and with enthusiasm for the good of the organisation, is more conducive to a high state of morale. Perhaps the basic essentials of dynamic leadership are a high standard of integrity and devotion to duty coupled with a broad vision and a sympathetic heart in which is couched a paternal feeling for the welfare of the constituents. This paternal feeling is essential in order to continuously guide and encourage the constituents through the vicissitudes of day to day hardships and setbacks. This can in no way be replaced by external welfare measure.

In an organisation which is constituted of different heterogenous groups with different social, religious, linguistic and cultural backgrounds and levels, encouragement of narrow clannish feelings always has an adverse effect on morale. Such feelings are therefore necessary to be eliminated and energies channelised into one integrated stream in a deliberate effort towards removing emotional barriers between different categories of personnel. That sense of belonging and of partnership in the organisation have to be fostered by building up a sense of partnership by letting each constituent know, according to his level, the purposes and objectives of any programme that may be implemented in the organisation and not to consider

it sufficient merely to set down a set of instructions to be rigidly obeyed.

There is yet another important factor which, if properly attended to, can lead to the cultivation of high morale, inspite of surrounding circumstance. This pertains to the principles involved in giving the personnel advancement from one stage to the other. This perhaps has a special reference to the personnel at higher echelons, where, as is generally accepted, merit is the sole criterion, to the total exclusion often times of seniority and experience. As a theoretical concept this principle perhaps should have no difficulty in acceptance. But in actual practice assessment and evaluation of merit is a concept which is fraught with pitfalls. This assessment and evaluation of merit can vary from time to time, from person to person, and from place to place in respect of the same individual in the course of a very short period of time. At one stage the individual's merit assessment and evaluation would seem to be sky-rocketing while within another short spell at the hands of another assessor and evaluator it may appear quite bleak and dismal and void of any colour. It is quite human and understandable. No human being is perhaps above his own fixed notions and ego. A person has taken a full life term to mature and to arrive at his own ideas and convictions about everything in life. He will not be readily agreeable, perhaps, to accept such convictions and ideas to be out of tune with time unless convinced through a violent thought process. Human nature being so variegated and freakish at times it would perhaps not admit of uniformity of thought processes in all individuals at all times. As such there can perhaps be no uniformity of assessment and evaluation of merit of individuals. This would be particularly so when no clear cut ideas or criteria can be formulated and laid down for assessment of merit because the data on which merit should be based are themselves far from being perfect. Therefore it would appear quite debatable whether merit alone should be the criterion for anvancement of an individual from one position to the other or sufficient weightage should be given to the seniority and experience of the individual. To the extent there is a happy and judicious balance of these two factors in matters of such policies to that extent would morale at the higher echelons be affected adversely or fostered.

In a democratic set up the role of the government servant vis-a-vis the legislators and members of government is quite well laid out. It is the cabinet which frames policies on any particular issue and gets the necessary legislation passed through the legislators. The legislators are there as the

watch dogs of peoples' interests. It is the role of the civil servant to tender advice or information on any policy matter and to execute the policies and programmes once decided upon by the cabinet. In such a context, thus, there has of necessity, to be the closest understanding and co-operation between the three organs of the democratic set up. Any lack of confidence or distrust between any of the three wings can be detrimental to the interests of the nation. It would be beyond the purview of the present article to examine analytically this triangular relationship but it must be stressed that any step or action which leads to general demoralisation of the services is fraught with likely harmful effects.

—M Wadhwa

[The validity of Parkinson's Laws and Peter's Principle not having been successfully rebutted in respect of the growth of governmental machinery and the progress of the individual therein, perhaps the one factor which can enhance morale most in the members of the services is the faith in them themselves of the essentiality of the purpose they fulfil rather than the recognition thereof by any other external agency. Such cognition in the services cannot but lead to professional skill, efficiency and thoroughness which will, in their turn, enforce recognition, thus generating the requisite circumstance in the external world instead of begging it. Perhaps no better examples exist to put this view to proof than the recent action of the armed forces of the Union of India in Bangla Desh or the earlier action of the CRPF in West Bengal, which made the current action in Bangla Desh a feasible project by providing a firm base of operations in this border State of India, inspite of the heavy influx of refugees.

—The Editor]

WHAT THEY SAY

• "Let us not forget that the road ahead is still long and very steep and we have many peaks to scale."

—Smt Indira Gandhi

• "Let us pray that the grace of God may continue to bless the Prime Minister of India in her efforts at national reorientation."

—Shri Rajagopalachari

• "We must thank the nation's leader and representative, the Prime Minister."

—Shri Morarji Desai

• "The real victory achieved by India was something much deeper and that is where the role of

the Prime Minister comes in...I think hereafter all of us can be a little prouder than we were that we are Indians. We can hold our heads high in the councils of the world and I think the world will also learn to look at us with a healthier sense of respect than they did in the past."

—Shri Inderjit Gupta

• "The Prime Minister has not only created history but also a new geography."

—Shri Shamim Ahmed Shamim

• "India's victory is the victory of the right over wrong and democracy over dictatorship."

—Shri Manoharan

• "As specialists in South Asian studies at the University of California, Barkeley, we find ourselves profoundly disturbed by the US Government statements and policy concerning the current conflict in South Asia. Administration statements that a political solution on the Bangla Desh issue was in the offing, and that it was sabotaged by the Government of India, are not warranted by available evidence."

—Gerald D Berreman and 19 others

• "Our plans cannot be based on the assumption that external aid is a permanent feature of our life. ..External assistance has been made to work as an instrument in the hands of foreign governments to be used at critical times to the disadvantage of recipient countries."

— Smt Indira Gandhi

प्रशिक्षण

विकासशील देश जो अपनी जनता के जीवन के सामान्य स्तर को ऊँचा उठाकर आत्मनिर्भरता के लिये कठोर श्रम कर रहे हैं उन्हें विभिन्न प्रकार की समस्याओं एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिये बाध्य होना पड़ा है, विशेषतः जबकि उनके पड़ोसी विपरीत विचारधारा, प्रादेशिक महत्वाकांक्षा, तानाशाही मनोवृत्ति एवं राजनीतिक ईष्र्या रखने वाले हों। ऐसी परिस्थितियों के अन्तर्गत विकासशील देशों को जटिल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा-विवादों और पेचीदा विधि एवं व्यवस्था की परिस्थितियों से निपटने के लिये सन्नद्ध रहना पड़ता है। स्वाभाविक रूप से उन्हें एक सशक्त सेना का निर्माण करना पड़ता है जिसके द्वारा वे राष्ट्रीय समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से हल कर सकें।

१९६२ के चीनी आक्रमण तथा १९६५ के पाकिस्तान के युद्ध के पश्चात् से सशस्त्र सेनाओं, पुलिस तथा अन्य सम्बन्धित विभागों में महान् परिवर्तन हुए हैं और आशा है कि यह क्रम अभी आने वाले कुछ वर्षों तक और चलता रहेगा। विस्तार और पुनः संगठन, विशेषतः जबकि वे आकस्मिक होते हैं, एक विकासशील देश की

अर्थव्यवस्था को अत्यन्त प्रभावित करते हैं। राष्ट्रीय अस्तित्व तथा राष्ट्रों के समूह में उसकी मान-मर्यादा नैतिक रूप से भी अन्य बातों से सर्वोपरि होती है। प्राथमिकता देने से सशस्त्र सेनायें, पुलिस तथा अन्य विभाग राष्ट्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में भले ही सूरत तथा आकार में विकसित हो जाये परन्तु स्वाभाविक रूप से इसका परिणाम यूनिटों तथा सब-यूनिटों में व्यापक रूप से अनुभवी तत्वों को अनिवार्य क्षीणता में ही होता है। स्वभावतः इसका ध्यान रखने योग्य विपरीत प्रभाव व्यावसायिक योग्यता पर पड़ता है जिसका न तो कम मूल्यांकन ही किया जा सकता है और न ही जिसकी उपेक्षा की जा सकती है। इसी सन्दर्भ में प्रशिक्षण पर ध्यान देना उच्च प्राथमिकता का विषय बन गया है। सदैव के लिये इसका प्राकृतिक चित्र बना रहे इसके लिये सभी व्यक्तियों द्वारा इसके प्रशिक्षण के महत्व को मान्यता देनी चाहिये एवं प्रशंसा करनी चाहिये। इसकी उपेक्षा राष्ट्र की प्रतिष्ठा एवं सम्मान को खतरे में डालकर ही की जा सकती है और इस पर यथोचित ध्यान न दिया जाय तो हजारों निर्दोष जीवन नष्ट हो सकते हैं।

प्रशिक्षण एक निरन्तर क्रम है जिसका लक्ष्य सब स्तरों पर एक वांछित अभियान एवं प्रशासकीय योग्यता के मानदण्ड को स्थापित करना है। इसका नियोजन सावधानीपूर्वक हो और इसका संचालन अभियान क्षेत्र में बिना किसी आक्षेप के व्यवस्थित एवं वास्तविक ढंग से हो। संक्षिप्त सूचना पर बार-बार गतिशील होना, अव्यवस्थित अवस्था, अपूर्ण नियुक्ति और ऐसी ही अन्य बातें प्रशिक्षण कार्यक्रम के सम्पादन पर अमिट प्रभाव डालती हैं। परन्तु ऐसी कठिनाइयों पर काफी अंश तक विजय प्राप्त की जा सकती है यदि सब स्तरों पर कमाण्डर पहल लेने तथा पूर्व धारणा बनाने की क्षमता रखते हों और प्रशिक्षण के विभिन्न स्तरों पर उचित नियंत्रण और देखभाल रख सकते हों।

एक कमाण्डर अथवा नेता से उसके सम्पूर्ण व्यावसायिक ज्ञान की आशा की जाती है और वह अपने अनुभव के आधार पर अपने प्रशिक्षण के संचालन एवं संगठन में पूर्ण समर्थ होना चाहिये। उच्चतर प्रधान कार्यालयों से समुचित निर्देश केवल सब स्तरों पर कमान के प्रशिक्षण में एकरूपता तथा कीर्तिमान स्थापित करने के लिये ही मिलते हैं। यद्यपि यह वांछनीय है कि एक यूनिट अथवा सब यूनिट का कमाण्डर निर्देशानुसार अपने यूनिट के प्रशिक्षण देने में स्वतन्त्र हो फिर भी समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण आवश्यक है जिससे कि सही मार्ग पर वांछित प्रगति प्राप्त की जा सके।

अधिकतम परिणाम प्राप्त करने के लिये मस्तिष्क में इन मुख्य विचारों का रखना आवश्यक है : –

[अ](१) वास्तविकता, रुचि एवं उत्साहवर्धन के लिये

(२) अनुभवी उच्चाधिकारियों के भाषणों द्वारा

(३) वाद-विवाद

(४) प्रदर्शन एवं प्रतियोगिताएँ

(५) युद्ध की वास्तविक स्थिति अथवा अभियान स्थल का चित्रण
(६) बाहरी तौर पर युद्ध के भ्रम से तथा गोला-बारूद का प्रयोग एवं उसके शोर से अभ्यस्त होना
(७) प्रशिक्षण अभ्यासों की सावधानीपूर्वक तैयारी करना तथा संचालन करना।

[ब] प्रगतिशीलता एवं निरन्तरता। एक व्यक्ति का प्रशिक्षण सामान्यतः दो भागों में विभाजित किया जाता है। एक व्यक्तिगत प्रशिक्षण तथा दूसरा सामूहिक प्रशिक्षण। व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रशिक्षण का काल साधारणतः यूनिट अथवा सब-यूनिट की योग्यता के मानदंड पर निर्भर करता है। फिर भी व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रशिक्षण को उचित स्तरों पर पृथक् किया जा सकता है अथवा दोनों का संचालन सदैव लक्ष्य प्राप्त करने को ध्यान में रखते हुए एक साथ भी किया जा सकता है।

[स] थकान तथा नीरसता की अवहेलना। यह मनुष्यों को शारीरिक रूप से योग्य तथा मानसिक रूप से सावधान रखने के लिये अत्यन्त आवश्यक है। इसे प्राप्त करने के लिये आदर्श परिस्थितियों में परिवर्तनशील, वास्तविक, उचित रूप से नियोजित एवं संचालित प्रशिक्षण होना चाहिये। प्रगतिशील प्रतियोगितायें होनी चाहिये। प्रशिक्षक वर्ग व्यावसायिक रूप से योग्य एवं चपल मस्तिष्क का होना चाहिये तथा उसे यह विश्वास दिलाना चाहिये कि यह काम केवल समय को पूरा करने के लिये नहीं हो रहा है और अन्त में कठोर साधनों के अनुकरण की भावना में सुधार होना चाहिये।

प्रशिक्षकों की योग्यता एवं गुणों में साधारणतः कुछ मात्रा तक अन्तर होता है जिसका अनुकूल प्रभाव उनके द्वारा अनुकरण किये गये प्रशिक्षण के साधनों पर पड़ता है। फिर भी चाहे कितनी कमियाँ क्यों न हों प्रशिक्षण रोचक एवं उद्देश्यपूर्ण होना चाहिये। एक प्रशिक्षक को अपने विषय का अध्ययन अवश्य करना चाहिये और पहले ही से अपने पाठ्यक्रम की योजना तैयार करनी चाहिये जिससे कि वह स्पष्ट रूप से तथा विश्वासपूर्वक उस पर अमल कर सके। प्रशिक्षण कार्य कानों की बनिस्बत आँखों से अधिक होना चाहिये और मौखिक पाठों को कम करके उनका स्थान प्रदर्शन और प्रशिक्षणार्थियों के अभ्यास को लेना चाहिये। आवश्यक उत्साह एवं प्रतियोगी भावना उत्पन्न करने के लिये समय-समय पर परीक्षायें तथा प्रतियोगिताएँ होनी चाहिये। प्रशिक्षण का माध्यम वह भाषा होनी चाहिये जिसे साधारणतः प्रशिक्षार्थी समझता हो, परन्तु फोर्स के मामले में यह सम्भव नहीं है, क्योंकि इसमें अखिल भारतीय आधार पर प्रवेश होता है और प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी है। अतः यह आवश्यक है कि प्रशिक्षकगण एवं प्रशिक्षार्थियों को हिन्दी का समुचित ज्ञान होना चाहिये। इसके लिये यूनिटों तथा संस्थाओं को अतिरिक्त समय में अपने कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों के लिये हिन्दी की विशेष कक्षायें चलानी चाहिये और सरकार द्वारा संचालित हिन्दी पाठ्य योजना का लाभ उठाना चाहिये।

श्रेणी एवं क्रमबद्धता प्रशिक्षण का मूल आधार है। सामान्यतः यूनिटों में योग्य प्रशिक्षक नहीं होते। श्रेणी एवं क्रमबद्धता उनके स्तर स्थापित करने तथा संख्या-वृद्धि के साधन उपलब्ध करते हैं। इसकी योजना एवं संचालन सावधानीपूर्वक और अन्त

तक निर्बाध रूप से होना चाहिये। कोई बात नहीं, अस्थायी तौर पर चाहे ये भले ही असुविधाजनक प्रतीत होता हो। श्रेणी एवं क्रमबद्ध प्रशिक्षण में लिप्त समस्त अधिकारी एवं अन्य पदवालों को उनके प्रशासकीय एवं अन्य कर्तव्यों से मुक्त कर देना चाहिये जिससे कि वे उसका पूरा लाभ उठा सकें। श्रेणी एवं क्रमबद्धता की उपयोगिता प्रशिक्षण संस्थानों में ही प्राप्त होती है। यूनिट प्रशिक्षकों द्वारा पूर्व क्रमबद्ध प्रशिक्षण के संचालन के लिये अध्ययन हेतु प्रशिक्षण प्रकाशनों के पर्याप्त भंडार को रखने तथा प्रत्याशियों के लिये विद्याध्ययन हेतु विशेष संरक्षण की परम्परा की अवहेलना अवश्य की जानी चाहिये।

घातक शस्त्रों के निर्माण तथा महत्वपूर्ण एवं युक्तिपूर्ण लाभ के लिये युद्ध-स्थल में उसके वितरण के साधनों ने शत्रु को पहले की बजाय अब अधिक अन्धकार का लाभ उठाने पर विवश कर दिया है। अन्धकार न केवल आकस्मिक घटनाओं को कम करता है परन्तु आश्चर्यजनक सफलता प्राप्त करने में सहायक होता है, जो कि युद्ध के मुख्य सिद्धान्तों में से एक है। अतः यह आवश्यक हो गया है कि समस्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण तथा कर्तव्यपालन की विधि इस प्रकार बताई जाये कि अभियान तथा प्रशासकीय अंग रात में भी उसी सामर्थ्य से कार्य कर सकें जैसा कि दिन में करते हैं। निरन्तर अभ्यास से रात्रि पर एक मित्र की तरह विजय प्राप्त करना है और इसे अब अकर्मण्यता के काल की तरह नहीं समझना चाहिये।

उचित प्रकार की प्रशिक्षण सहायता एवं विस्तारपूर्वक वर्णन वास्तविकता एवं योग्यता के वांछित मानदंड के प्रति आश्वस्त होने के लिये अपरिहार्य है। अप्रचलित एवं दृढ़ प्रशिक्षण को श्रवण योग्य कल्पनाशील प्रशिक्षण के लिये आधुनिक रूप में सफलतापूर्वक परिवर्तन करने की आवश्यकता है। टेपरिकार्डर, ऐपीडियास्कोप, प्रशिक्षण फिल्में, प्रतिमाएँ आदि अन्य ऐसी ही वस्तुओं का प्रचलन प्रारम्भ हो गया है। प्रशिक्षण में समस्त सहायक वस्तुओं का एक भी कारण समुचित रूप से किया जाना चाहिये और समय-समय पर उनका निरीक्षण और जीर्णोद्धार होता रहना चाहिये। उन्हें नष्ट करने की भावना में परिवर्तन करना चाहिये।

प्रशिक्षण के आधुनिक झुकाव एवं सिद्धान्तों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रकाशनों को प्राप्त करने एवं उनकी समीक्षा करने के लिये उचित प्रशिक्षण कक्षों की स्थापना की जानी चाहिये। प्रशिक्षण की उन्नति के लिये इन कक्षों को लाभदायक संसाधनों से परिपूर्ण होना चाहिये, जिसके लिये उन्हें सह-संस्थाओं एवं मित्र देशों से प्राप्त साप्ताहिक पत्रिकाओं तथा मैगज़ीनों का अध्ययन करना होगा। किसी संगठन के प्रधान कार्यालय स्थित प्रशिक्षण कक्ष का यह प्रथम कार्य होना चाहिये कि वह प्लाटून स्तर पर भी उचित प्रशिक्षण लघु-पत्रिका का वितरण करे। ऐसा न होने पर वे निम्न कोटि की संस्थाओं के माध्यम से जो प्राप्य होता है, खरीद लेते हैं।

प्रशिक्षण का अन्तिम लक्ष्य फोर्स के प्रत्येक सदस्य को स्वयं अपनी देखभाल करने और भंडार, साज-सामान, शस्त्र, अभिलेखों, हिसाब तथा अन्य ऐसी ही वस्तुओं, जिनके प्रति वह उत्तरदायी है, की रक्षा करने और व्यावसायिक और प्रशासकीय ज्ञान

और संतोषपूर्वक अपने कर्त्तव्य-पालन के प्रति आश्वस्त करना है। प्रशासकीय योग्यता में कमी का बुरा प्रभाव विभिन्न रतरों पर अभियान सम्बन्धी कार्यों पर पड़ा है जो उचित नहीं है। अतः कमाण्डरों को प्रशिक्षण के इस रूप की ओर सदैव ध्यान देना चाहिये।

यद्यपि प्रशिक्षण योग्यता एवं फोर्स की अन्तिम शक्ति पूर्ण रूप से उचित एवं योग्य नियंत्रक तथा आदेश देने वाले अधिकारी वर्ग पर निर्भर करती है, अतः ऐसे प्रयास करने होंगे जिससे कि सम्पूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करने तथा सामयिक परिवर्तनों के लिये योग्य प्रशिक्षित स्टॉफ का निरन्तर विकसित रूप से निर्माण होता रहे। योग्य व्यक्तियों को न केवल अग्रिम पदोन्नति द्वारा विशेष मान्यता देकर प्रशिक्षण व्यवसाय चुनने के लिए उचित प्रेरणा देनी चाहिये वरन् उन्हें अभियान कार्यों से हटाने में जो आर्थिक हानि हो उसकी भी पूर्ति की जानी चाहिये ।

आधुनिक विश्व के सन्दर्भ में एक सशस्त्र सेना को योग्यता, व्यक्तिगत तथा सामूहिक प्रशिक्षण संचालन द्वारा आश्वस्त करने के लिये यह आवश्यक हो गया है कि संगठन योजना पर अधिकतम समय लगाया जाये । एक जाग्रत आदेश देनेवाली श्रेणी, जिसका उचित ढंग से चयन किया गया हो और जिसे सुन्दर प्रशिक्षण सहायता से उचित मार्गदर्शन एवं मान्यता प्रदान की गई हो, वह एक अभियानित उत्कृष्ट फोर्स की दृढ़ नींव की निर्माता है जो परिस्थितियों का सामना लक्ष्य को देखते हुए कर सकती है और ये बिना किसी उच्च कोटि के संगठित प्रशिक्षण कार्यक्रम के सम्भव नहीं है।

-उमराव सिंह

छिपकर सुना हुआ

(स्थान:- राय क्या जाने पुरम् का एक कक्ष । एक कनिष्ठ प्रबंधक अपने दो सहायकों सहित, जिनके चारों ओर टेलीफोन तथा विभिन्न संचारी उपकरण लगे हुए हैं और दीवार के मध्य में हरे, नीले, लाल, काले व सफेद पिनों से युक्त मानचित्र, रेखाचित्र आदि सजे हुए हैं जिससे कक्ष शोभायमान हो रहा है, बैठे हुए हैं)

तिथि : १ अप्रैल

समय : १०.०० बजे

(एक टेलीफोन की घंटी बजती है और कनिष्ठ प्रबन्धक चौंगा उठा कर बात करता है)

श्रीमन्.....१००० अंगोला कमीजें.....जी हां श्रीमन्, मैं समझ गया श्रीमान्....दो घंटे में चाहिये.....श्रीमान्.....४० के बारे में अभी पूछता हूँ, श्रीमान् !

(दूसरी टेलीफोन की घंटी बजती है । कनिष्ठ प्रबंधक उसे उठा लेता है)

एक मिनिट श्रीमान्.....दूसरा टेलीफोन बज रहा है !

(दूसरे टेलीफोन से बात करता है)

मैं कनिष्ठ प्रबंधक बोल रहा हूँ.....जी श्रीमान् ३०० रंगरूट आ रहे हैं, जी श्रीमान्...आगमन का समय देख लिया जायगा.....हम उनके लेने का प्रबंध कर लेंगे.....३० वाहन, जी, श्रीमान्.....श्रीमान्.....श्रीमान्.....श्रीमान्.....४० वीं वाहिनी के ४०० आदमी कलकत्ता जायेंगे.....जी श्रीमान्.....रेलवे बोर्ड से पूछ लिया जायगा.....एक मिनिट में.....श्रीमान् ४० वीं वाहिनी के २०० आदमी त्रिवेन्द्रम जायेंगे.....जी श्रीमान् ३० मिनिट के अन्दर.....श्रीमान् मैं उनसे कह दूँगा.....श्रीमान् एयर फोर्स श्रीमान्, पालम पर ११ बजे.....जी श्रीमान् परन्तु, श्रीमान्, ४० वीं वाहिनी सम्भवतः ३०० रंगरूटों सहित काम न कर सके क्योंकि ये काम ६०० प्रशिक्षित व्यक्ति कर रहे हैं.....श्रीमान्.....मुझे खेद है.....४० वीं वाहिनी से कह दिया जायेगा, श्रीमान्.....श्रीमान्.... उनके.....जी श्रीमान्.....३०० आदमी और चार दिन के अन्दर आ रहे हैं.....जी श्रीमान्.....हम मालूम करेंगे कि इस समय स्पेशल ट्रेन कहां पर है, श्रीमान्..... (फोन रख देता है और पहले वाले फोन से बात करता है)

मुझे खेद है श्रीमान्.....श्रीमान्.....४० वीं वाहिनी के साथ सारे वाहन शिमला जायेंगे.....जी श्रीमान्.... परन्तु श्रीमान्.....आज ४० वीं वाहिनी के आदमियों को चल देना चाहिये.....जी श्रीमान्.....४० वीं वाहिनी से प्रबंध करने के लिये कह दिया जायेगा.....श्रीमान्....एक मिनिट, श्रीमन्.... !

(दूसरी घंटी फिर बजना शुरू हो जाती है और कनिष्ठ प्रबंधक उसे उठाता है और बोलना प्रारम्भ कर देता है)

श्रीमान्.....मैं कनिष्ठ प्रबंधक बोल रहा हूँ, श्रीमान्.....नहीं श्रीमान्, एयर फोर्स भी नहीं.....मैं दूसरे फोन पर कुछ हिदायतें ले रहा हूँ, श्रीमान्.....जी श्रीमान्.....मैं समझ गया श्रीमान्.....समय का अधिक महत्व है.....जी श्रीमान्..... !

(दूसरे रिसीवर को रख देता है और फिर पहले रिसीवर से बातें करता है)

श्रीमान्.....मुझे अत्यंत खेद है श्रीमान्.....बाधा मेरे कारण नहीं पड़ी,.....श्रीमान्.....मैं पूरा प्रयत्न कर रहा हूँ, जी श्रीमान्.....मुझे खेद है श्रीमान्.....श्रीमान्.....मुझे खेद है श्रीमान्.....श्रीमान्..... १००० आदमियों के लिये १० दिन का राशन.....१२ बजे तक श्रीमान्.....जी श्रीमान्.....और बर्तन भी..... जी श्रीमान्.....मैं समझ गया श्रीमान्..... हो जायेगा श्रीमान् वे प्रशंसा करेंगे.....मैं आपको फिर रिपोर्ट दूँगा श्रीमान्..... !

(फोन रख देता है, परन्तु तुरन्त ही फिर घंटी बजती है) |

मैं कनिष्ठ प्रबंधक बोल रहा हूँ....ओह, हाँ.....आपने फोन करके अच्छा किया, आपके लिये मेरे पास कुछ आदेश हैं, जो आप कहना चाहते हैं वह मैं बाद में सुनुँगा....जी.....जी....प्रधान कार्यालय में इस समय तुम्हारे पास कितने आदमी हैं....केवल पांच, बाकी और कहाँ हैं ? ड्यूटी....परन्तु तुम्हें यह मालूम होना चाहिये.....यह संकट काल है तुरन्त स्थानीय अधिकारियों से सम्पर्क करो.....१५ मिनिट बाद वे नहीं मिल सकेंगे..... क्या.....क्या हम नहीं कर सकते ? यह कैसे हो

सकता है ? उनको होना चाहिये.....कोइ बात नहीं भले ही वो १५ मील दूर हों.... यह होना ही चाहिये, हाँ, और देखो, हमें १ घंटे में १००० अंगोला कमीजें चाहियें..... क्या वे तुम्हारे पास नहीं हैं.....तो फिर उन्हें प्राप्त करने के रास्ते खोजो और सुनो.....१० दिन के लिये १००० आदमियों का राशन और पकाने के लिये बर्तनों का प्रबंध भी एक घंटे में होना चाहिये, पैसा, मेरा पैसे से क्या सम्बन्ध.....मैं नहीं जानता कि तुम कैसे करोगे.....तुम बहुत सवाल पूछते हो.....ये आदेश हैं और बेहतर होगा कि तुम इनका पालन करना शुरू कर दो, समय नष्ट मत करो, क्या..... क्या तुम यह महसूस नहीं करते कि समय कितना महत्वपूर्ण है..... हाँ, हाँ, हम आज ही ३०० रंगरूट तुम्हारे लिये मँगवा रहे हैं और बाकी ३०० कुछ दिनों में आ जायेंगे.....जितनी अच्छी तरह कर सकते हो अपने कर्त्तव्य का पालन करो तुम स्थानीय अधिकारियों से ड्यूटी कम करने के लिये कैसे कह सकते हो..... तुम्हें अपना रास्ता स्वयं बनाना होगा.....संकटकाल किसी की भी प्रतीक्षा नहीं करता.... हाँ....हाँ..... और, कृपया यह नोट करलो कि तुम्हें ३० मिनिट के अन्दर ही वापस रिपोर्ट देनी है.....नहीं...नहीं....नहीं कोई बहाना नहीं सुना जायेगा..... !

(वह दूसरे छोर पर हाँपने व धमाके की आवाज सुनता है)

हल्लो....हल्लो....हल्लो....क्या हो गया.....हल्लो....हल्लो....!

-छिपकर सुनने वाला

“स्वागत गणतन्त्र”

स्वागत स्वतन्त्र गणतन्त्र तुम्हें, कुछ वीर विजय अभियानों से ।
जिनकी रक्तिम लाली निकली, स्वर्णिम ऊषा परिधानों से ।
जो झुके नहीं तलवारों से, जो हटे न रण ललकारों से ।
वे वीर प्रताप शिवाजी हैं, जो रुके न अरि अङ्गारों से ।
माता की गोदी मिली यहाँ, बलिवेदी पर चढ़ जाने से ।
उन वीर सुभाष, भगतसिंह को, है विजय ध्वजा लहराने से ।
तात्या, लक्ष्मीबाई, नाना के, चिर प्रतीक बलिदानों से ।
उपहार पवन सौरभ लाए, हैं उपवन जलियाँ वाले से ।
इसमें इक छाप अहिंसा की, उन प्रेम पुजारी बापू की ।
गोखले, पटेल, तिलक, नेहरू के, ढले जेल में आँसू की ।
प्रश्वास पवन है निमिष जहाँ, कुछ निर्बल दीन किसानों की ।
कुछ धुली मिटी लाली भी है, नव मांग भरी ललनाओं की

।

ललकार भरी है रोदन की, पयविमुख हुए कुछ शैशव
की।

जननी के चरणों पर सोए, उस स्मृति मान बल वैभव
की।

जिनके शिथिल अङ्ग सूखे, पयविमुख हो रहे हैं
अब तक।

पय छीन जिन्हें विष दिया गया, फिर भी वे जीते
हैं अब तक।

जिनकी आशाएँ मिटकर भी, करतल ध्वनि
करती रहीं सदा।

नयनाभिराम तब पाने को, पथ पर समेट लो
सब विपदा।

पाकर भी तुम्हें न देख सके, गोली पर
सीना रहा खुला।

थक कर चिर सोए भूतल पर, पट से
पर शोणित नहीं धुला।

छल, दम्भ, प्रबल अधिकारों से,
जिनका सर्वस्व गया लूटा।

धन बल के झोंके से लज्जा-आवरण
क्षीण तृण सा टूटा।

सदियों से लगी ज्वाल कालिख,
कुछ उनकी अभी मिटानी है।

शोषण से जीर्ण कृषक-जीवन,
को भी पय सुधा पिलानी है।

सोहं धारा के 'पथिक' प्राण
बन, शून्य शिखर पर छा जाओ।

उनके विष रञ्जित जीवन
में, सुख सुधा बिन्दु रस बरसाओ।

कण-कण में सुषमा भरे
सुखद, चन्द्रिका शरद् छवि सरसाओ।

जन-जन को सरस
हास देकर, निज रूप सिन्धु सुख लहराओ।

—विश्वनाथसिंह चन्देल “पथिक”

Editor : RN Sheopory

Asst (Hindi) : PN Chaturvedi

Publisher : Director General CRPF, New Delhi

Printer : India Printers, Ajmer